संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट
ABRIDGED ANNUAL REPORT 2018-19

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

POWER OF

अब साथ हैं तीन, बेहतर से बेहतरीन.
AB SAATH HAIN TEEN, BEHTAR SE BEHTAREEN.

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

डॉ. हसमुख अढिया
अध्यक्ष
Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

श्री पी. एस. जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri P. S. Jayakumar
Managing Director & CEO

श्रीमती पापिया सेनगुप्ता
कार्यपालक निदेशक
Smt. Papia Sengupta
Executive Director

श्री शांति लाल जैन
कार्यपालक निदेशक
Shri Shanti Lal Jain
Executive Director

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची
कार्यपालक निदेशक
Shri Vikramaditya Singh Khichi
Executive Director

श्री देबाशीष पांडा
निदेशक
Shri Debasish Panda
Director

श्री अजय कुमार
निदेशक
Shri Ajay Kumar
Director

श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल
निदेशक
Shri Gopal Krishan Agarwal
Director

प्रो. बिजू वर्क्की
निदेशक
Prof. Biju Varkkey
Director

श्री भरतकुमार डी. डांगर
निदेशक
Shri Bharatkumar D. Dangar
Director

श्रीमती सौंदरा कुमार
निदेशक
Smt. Soundara Kumar
Director

श्री श्रीनिवासन श्रीधर
निदेशक
Shri Srinivasan Sridhar
Director

सीवीओ	CVO
श्री नायक नरसिम्हा के	MR. NAYAK NARSIMHA K
महाप्रबंधक	**General Managers**
श्री कक्केरा वेंकटेश्वरलू	MR. KAKKERA VENKATESWARLU
श्री अरोरा सतीश कुमार	MR. ARORA SATISH KUMAR
श्री माथुर राधाकांत	MR. MATHUR RADHAKANT
श्री गुप्ता कुल भूषण	MR. GUPTA KUL BHUSHAN
श्री कुमार बीरेंद्र	MR. KUMAR BIRENDRA
श्री कौल कृष्ण ओपिंदर	MR. KAUL KRISHEN OPINDER
श्री पंडा गोलक बिहारी	MR. PANDA GOLAK BIHARI
श्री कुमार राजेंद्र	MR. KUMAR RAJENDRA
श्री डुडेजा विनीत कुमार	MR. DUDEJA VINEET KUMAR
श्री मेहरोत्रा प्रकाश नारायण	MR. MEHROTRA PRAKASH NARAYAN
श्री शर्मा रजनीश	MR. SHARMA RAJNEESH
श्री भाटिया राकेश कुमार	MR. BHATIA RAKESH KUMAR
श्री सिंह नवतेज	MR. SINGH NAVTEJ
श्री कनोजिया कुकु राम	MR. KANOJIA KUKU RAM
श्री कुमार संजय	MR. KUMAR SANJAY
श्री मेहता जयेशकुमार वसंतराय	MR. MEHTA JAYESHKUMAR VASANTRAY
श्री नामदेव दिनेश कुमार	MR. NAMDEO DINESH KUMAR
श्री श्रीवास्तव प्रदीप	MR. SRIVASTAVA PRADEEP
श्री पंडा असीम कुमार	MR. PANDA ASHIM KUMAR
श्री सिंह किरन पाल	MR. SINGH KIRAN PAL
श्री पटेल भूपिनकुमार रतिलाल	MR. PATEL BHUPINKUMAR RATILAL
श्री देवराकोण्डा आनंद कुमार	MR. DEVARAKONDA ANANDA KUMAR
श्री गोयल कृष्ण गोपाल	MR. GOYAL KRISHAN GOPAL
श्री शर्मा मुकेश	MR. SHARMA MUKESH
श्री कुमार राजेश	MR. KUMAR RAJESH
श्री पी राजशेखरन	MR. P RAJSHEKHARAN
श्री रमेश गोपालरत्नम	MR. RAMESH GOPALARATNAM
श्री तुलसीबागवाले कोटेश्वर विश्वेश्वर	MR. TULSHIBAGWALE KOTESHWAR VISHWESHWAR
डॉ. यादव रामजस	DR. YADAV RAMJASS
श्री गुप्ता सर्वेश कुमार	MR. GUPTA SARVESH KUMAR
श्री ग्रोवर संजय कुमार	MR. GROVER SANJAY KUMAR
श्रीमती पांडे अर्चना	MRS. PANDEY ARCHANA
श्री मल्होत्रा राजेश	MR. MALHOTRA RAJESH
श्री श्रीवास्तव सुनील कुमार	MR. SRIVASTAVA SUNIL KUMAR
डॉ. कर्नावट जवाहर	DR. KARNAVAT JAWAHAR
श्री राठी प्रकाश वीर	MR. RATHI PRAKASH VIR
श्री दास तपन कुमार	MR. DAS TAPAN KUMAR
श्री राय जयदीप दत्ता	MR. ROY JOYDEEP DUTTA
श्री वेणुगोपाल एन	MR. VENUGOPAL N
उप महाप्रबंधक एवं प्रमुख	**Dy. General Mangers & Head**
श्री सेठी वीरेंद्र कुमार	MR. SETHI VIRENDRA KUMAR
श्री मेनन वेणुगोपाल	MR. MENON VENUGOPAL

विषय	पृष्ठ
अध्यक्ष का संदेश	04
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य	08
निदेशकों की रिपोर्ट	16
कार्पोरेट गवर्नेन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र	61
कार्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएँ	63
एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा	94
सचिवालय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	95
संक्षिप्त तुलन पत्र	101
संक्षिप्त लाभ व हानि खाता	103
संक्षिप्त नकदी-प्रवाह विवरण	104
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	106
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	174
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा	176
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	177
संक्षिप्त समेकित वित्तीय विवरणियां	178
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा - समेकित	214
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	215
लाभांश संवितरण नीति	216
नोटिस /हरित पहल - शेयरधारकों से अपील / इलेक्ट्रॉनिक मैन्डेट फार्म	218

Contents	Page
Chairman's Statement	06
MD & CEO's Statement	12
Directors' Report	39
Auditors' Certificate on Corproate Goveranance	61
Highlights of Corporate Governance Report	63
Declaration by MD & CEO	94
Secretarial Audit Report	95
Abridged Balance Sheet	101
Abridged Profit & Loss Account	103
Abridged Cash Flow Statement	104
Significant Accounting Policies	106
Auditors' Report	174
Declaration of Unmodififed Opinion	176
CEO / CFO Certification	177
Consolidated Financial Statement	178
Declaration of Unmodififed Opinion - Consolidated	214
CEO / CFO Certification	215
Dividend Distribution Policy	216
Notice / Green Initiative Appeal / Electronic Mandate Form	218

लेखा परीक्षक / AUDITORS

कल्याणीवाला एण्ड मिस्त्री एल एल पी
सनदी लेखाकार
Kalyaniwalla & Mistry LLP.
Chartered Accountants

जी एम कपाड़िया व कं.
सनदी लेखाकार
G M Kapadia & Co.
Chartered Accountants

सिंघी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
Singhi & Co.
Chartered Accountants

एस आर डिनोडिया व कं. एलएलपी.
सनदी लेखाकार
S R Dinodia & Co. LLP.
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय
बड़ौदा भवन, अलकापुरी, वडोदरा 390 007.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.), मुंबई 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग
7वां तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट
मेसर्स कार्वी फिनटेक प्राइवेट लि.
यूनिट - बैंक ऑफ़ बड़ौदा
कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लाट क्र. 31 व 32, गचीबॉवली, फाइनांसियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रामगुडा, सैरीलिंगम्पल्ली मंडल, हैदराबाद - 500 032.

हमारे बैंक के डिबेंचर न्यासी
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,17, आर कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट, मुंबई - 400 001

Head Office
Baroda Bhavan, Alkapuri, Vadodara 390 007.

Baroda Corporate Centre
C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Investor Services Department
7th Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Registrars & Transfer Agent
M/s. Karvy Fintech Pvt. Ltd.
Unit - Bank of Baroda
Karvy Selenium Tower B, Plot No.-31&32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad - 500 032

Debenture Trustees of our Bank
IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor, 17,R Kamani Marg, Ballard Estate
Mumbai - 400 001

नोट: शेयरधारक "व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट" तथा "बासेल-III प्रकटीकरण" को बैंक की वेबसाईट www.bankofbaroda.com पर देख सकते हैं / डाउनलोड कर सकते हैं.

Note: The Shareholders can view/download "Business Responsibility Report" and "Basel-III Disclosures" from Bank's Website www.bankofbaroda.com

बैंक ऑफ बड़ौदा में हम मानते हैं कि समामेलन हमारे हितधारकों के लिए मूल्यवर्धक है और ''पूर्णांक कुछ अंशों के योग से बड़ा होता है''

विजया बैंक और देना बैंक का समामेलन दिनांक 01 अप्रैल 2019 से बैंक ऑफ बड़ौदा में हो गया है.

यह समामेलन बैंक और उसके ग्राहकों को महत्वपूर्ण दीर्घकालिक लाभ प्रदान करेगा. बैंक ऑफ बड़ौदा की अब भारत में 9,500+ शाखाओं और 13,400+ एटीएम के संयुक्त नेटवर्क के साथ एक व्यापक भौगोलिक पहुंच बन गई है. इस समामेलन ने बैंक को देश का तीसरा सबसे बड़ा ऋणदाता बना दिया है और व्यावसायिक दृष्टिकोण से यह समामेलन हमें परिचालनगत, राजस्व और लागत संबंधी सहक्रियता में सहयोग करेगा. बैंक के पास अब रू 9.15 लाख करोड़ की जमाराशियों और रू 6.51 लाख करोड़ के अग्रिमों के साथ 120+ मिलियन ग्राहकों का एक बड़ा समूह है. हमारी बाजार साझेदारी अब जमाराशियों और अग्रिमों में क्रमशः 6.32% और 6.07% हो गई है जो समामेलन पूर्व क्रमशः 4.12% और 4.06% थी.

हमारे बड़े ग्राहक आधार के लिए नकदी प्रबंधन सेवाओं, सप्लाई चेन फायनेंस, आस्ति प्रबंधन, बीमा और निवेश बैंकिंग सहित हमारी व्यापक बैंकिंग उत्पाद श्रेणियों के क्रॉस-बिक्री अवसरों में बढ़ोतरी होने से राजस्व में वृद्धि होगी. बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति हमें अपने ग्राहकों की विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं के निधियन और उनकी मल्टी-करेंसी निधियन की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करेगी.

इसके तत्काल लाभ हमें प्रशासनिक कार्यालयों को युक्तिसंगत बनाने के अलावा कॉमन ट्रेजरी परिचालन और कॉर्पोरेट बैंकिंग से प्राप्त होंगे. बीच के समय के लिए लागत सहक्रिया का प्रवाह वितरण नेटवर्क से लेकर आईटी संबंधी आधारभूत संरचना, डेटा सेंटर, डिजास्टर वसूली सेंटर तथा परिचालनों के केन्द्रीकरण के साथ भी होगा.

इसके अलावा, इस समामेलन ने बैंक के शीर्ष नेतृत्व को बहुत गंभीर और उदार बनाया है. बैंक की नई संगठनात्मक संरचना में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अलग-अलग व्यावसायिक पहलों और वर्टिकलों की कमान अनुभवी लोगों को सौंपी जाए. इन परिवर्तनों के लाभ कुछ ही समय में हमारे परिचालनों में दिखाई देंगें.

बैंक ऑफ बड़ौदा में हम मानते हैं कि समामेलन हमारे हितधारकों के लिए मूल्यवर्धक है और ''पूर्णांक कुछ अंशों के योग से बड़ा होता है''

At Bank of Baroda, we believe that the amalgamation is value accretive for our stakeholders and 'the whole is greater than the sum of its parts'.

Vijaya Bank and Dena Bank amalgamated into Bank of Baroda with effect from April 1, 2019.

The amalgamation provides significant long-term benefits to the Bank and its customers. Bank of Baroda now has a much wider geographical reach with a combined distribution network of 9,500+ branches and 13,400+ ATMs in India. It has catapulted the Bank to the position of the third largest lender in the country and will enable us to leverage operational, revenue and cost synergies from a business perspective. The Bank has now access to a larger pool of 120 million+ customers with Deposits of ₹ 9.15 lakh crore and Advances of ₹ 6.51 lakh crore. Our market share now stands at 6.32% and 6.07% in Deposits and Advances respectively, as against a market share of 4.12% and 4.06% before the amalgamation.

The revenue synergies accrue from increased cross-sell opportunities of our comprehensive suite of offerings including cash management services, supply chain financing, asset management, insurance and investment banking to our large customer base. The international presence of the Bank enables us to fund our clients' foreign exchange requirements and meet their multi-currency funding needs.

Immediate benefits accrue from common treasury operations and corporate banking and the rationalisation of administrative offices. In the medium term, cost synergies will flow in from optimisation of the distribution network, integration of IT infrastructure, data centres amd disaster recovery centres and centralisation of operations.

In addition, the amalgamation has provided depth and width to the top leadership team of the Bank. The Bank's new organisation structure ensures that different business initiatives and verticals are spearheaded by seasoned leaders. The benefits of these changes will reflect in our operations in the medium term.

At Bank of Baroda, we believe that the amalgamation is value accretive for our stakeholders and 'the whole is greater than the sum of its parts'.

अध्यक्ष का संदेश

डॉ. हसमुख अढ़िया
अध्यक्ष

प्रिय हितधारक,

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में कार्यग्रहण कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है और आपके समक्ष अपने विचार प्रकट करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है. पिछले 112 वर्षों से अधिक की अवधि में, जबसे बैंक ऑफ़ बड़ौदा की स्थापना हुई, यह बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी रहा है और इसने समाज एवं देश की सेवा करने की समृद्ध विरासत कायम की है. बैंक के अध्यक्ष के रूप में, मैं इस विरासत को पल्लवित एवं पुष्पित करने हेतु प्रतिबद्ध हूं.

बैंकिंग फलक

अर्थव्यवस्था के विकास के लिए एक सुदृढ़ वित्तीय क्षेत्र अनिवार्य है. हमें 8-9% की वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ना है ताकि हम चीन और अन्य विकसित अर्थव्यवस्था की बराबरी कर सकें. इसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है जो सुधारात्मक गतिशीलता को बनाए रखे और बैंकिंग क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान को निर्धारित करने के लिए इसके क्षेत्र को व्यापक बनाए.

सरकार ने भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बहुआयामी रणनीतियां अपनायी हैं. इसने अक्टूबर 2017 में रु 2.11 लाख करोड़ की पुनर्पूंजीयन योजना की घोषणा की. इस योजना के तहत, सरकार ने वित्त वर्ष 2019 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को रु. 1.06 लाख करोड़ की दूसरी खेप के रूप में पुनर्पूंजीयन प्रदान किया. सरकार द्वारा पूंजीयन के फलस्वरूप भारतीय बैंकिंग व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के क्रेडिट वृद्धि में सुधार हुआ है जो गत तीन वर्षों के 10% के औसत स्तर से सुधरकर वित्त वर्ष 2019 में 13.2% हो गया.

भारतीय बैंकों ने पिछले वर्षों में गैर-निष्पादक अग्रिमों में अत्यधिक वृद्धि देखी थी. गैर-निष्पादक अग्रिमों के यथाशीघ्र समाधान को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने नया दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) लागू किया. इस व्यवस्था के तहत, अप्रैल-दिसंबर 2018 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में रु 98,493 करोड़ की उल्लेखनीय नकद वसूली हुई है जो एक प्रभावी सुधार के रूप में दिखाई देती है. आईबीसी प्रक्रिया से तीव्रतर समाधान, उच्चतर वसूली एवं ऋण-संस्कृति में सुधार जैसे संरचनात्मक बदलाव आए हैं जो आगे चलकर बैंकिंग व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम साबित होंगें.

गैर-निष्पादक आस्तियों की पहचान, प्रावधान, समाधान और वसूली के लिए सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अपनाई गई रणनीति ने दबावग्रस्त आस्तियों के अनुपात में गिरावट तथा नकदी वसूली में सुधार के रूप में अनुकूल परिणाम दर्शाने आरंभ कर दिए हैं. सार्वजनिक क्षेत्र के सकल एनपीए में अब गिरावट शुरू हो गई है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह अनुमान लगाया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए अनुपात मार्च 2018 के 11.5% के स्तर से घटकर मार्च 2019 में लगभग 10.3% होगा. स्लिपेज अनुपात मार्च 2018 के 7.6% से घटकर सितंबर 2018 में 4.1% हो गया. प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में भी मार्च 2018 के स्तर से उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

भारतीय बैंकिंग उद्योग में समेकन

विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत के वित्तीय संस्थान वैश्विक स्तर पर व्यवसाय और आकार के मामले में काफी पीछे हैं. वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए हमें और बड़े तथा मजबूत बैंक की आवश्यकता है. बड़े वित्तीय संस्थान वित्तीय संकटों का सामना करने में सक्षम होते हैं तथा बड़े आकार के कारण वे बैंकिंग सेवाएं कम लागत पर उपलब्ध करा लेते हैं. पिछले वर्षों के दौरान, नरसिंहम समिति (1998), लीलाधर समिति (2008) तथा नायक समिति (2014) जैसी वित्तीय क्षेत्र की विभिन्न समितियों ने बैंकिंग क्षेत्र में और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के समेकन और समामेलन की सिफ़ारिश की है.

वर्ष के दौरान सरकार ने इन उद्देश्यों को पूरा करने हेतु एक कदम आगे बढ़ाते हुए पहले तीन-तरफा समामेलन की घोषणा की जिसके अंतर्गत विजया बैंक और देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समामेलन हुआ. व्यवसायिक दृष्टि से संयुक्त बैंक, जो 01 अप्रैल 2019 से परिचालन में आया, अब भारत का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन चुका है. समेकित बैंक के पास 9500+ शाखाओं, 13,400+ एटीएम के नेटवर्क तथा 84,000+ कर्मचारियों के माध्यम से 120 मिलियन+ ग्राहक आधार है. हमारा समेकित व्यवसाय 6.4% के मार्केट शेयर के साथ रु. 15+ लाख करोड़ हो चुका है. समामेलन ने हमें अपने हितधारकों के लिए विश्व स्तरीय बैंकिंग संस्थान विकसित करने हेतु अवसर प्रदान किया है और हम इसका पूरा लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा - रूपांतरण यात्रा जारी है

बैंक ने एक व्यापक रूपांतरण प्रक्रिया अपनायी है जो प्रक्रिया, उत्पाद, प्लेटाफार्म,

कर्मचारी क्षमता के विकास और बेहतर अनुपालन पर केन्द्रित है. इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है. यह मानते हुए कि तकनीक का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, रूपांतरण को भी एक सतत यात्रा के रूप में जारी रखना होगा ताकि बैंक बाजार में प्रतिस्पर्धी बना रहे.

बैंक ने अपने आईटी क्षेत्र को और सुदृढ़ बनाने के लिए उल्लेखनीय निवेश जारी रखा है ताकि अपनी आईटी सुविधाओं को मजबूत बना सके तथा प्रतिस्पर्धी डिजिटल प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ा सके. बैंक ने -दो- अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स फॉर आईटी एवं एनेलिटिक्स तथा आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस स्थापित की है. भविष्य की बैंकिंग एनेलिटिक्स की शक्ति, डिजिटाइजेशन और तकनीक का लाभ उठाने पर निर्भर होगी ताकि ग्राहकों को विश्व स्तरीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा सके. जहां हम ग्राहकों के लिए एक सर्वाधिक पसंदीदा बैंक का निर्माण कर रहे हैं, वहीं हम एक ज्ञानार्जन संस्थान का भी निर्माण कर रहे हैं तथा अपने कर्मचारियों के कौशल विकास पर हमारा निवेश जारी है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए ईज ऑफ एक्सेस एण्ड सर्विस एक्सिलेंस (ईज) की सरकार की सुधारवादी नीति भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है. मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बैंक को सरकार की ईज (EASE) योजना के क्रियान्वयन हेतु द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है.

उपरोक्त रणनीतियों के परिणाम बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन में परिलक्षित हो रहे हैं. घरेलू क्रेडिट में हमारी वृद्धि दर 14.2 % है जो बैंकिंग उद्योग की औसत दर से उच्चतर है. यह उपलब्धि, परिचालनगत दक्षता और मार्जिन में सुधार को सुनिश्चित करते हुए हासिल की गयी है. तकनीकी रूप से बट्टे कृत (टीडब्ल्यूआ) खातो के साथ और उसके बिना प्रावधान कवरेज अनुपात क्रमशः 78.68% तथा 67.64% रहा जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वाधिक है. पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.42% है जो नियामक आवश्यकताओं से काफी ऊपर है.

भविष्य की संभावनाएं

भविष्य के लिए एक सुदृढ़ बैंक बनाने की दिशा में वर्षों से बैंक द्वारा आरंभ की गई रूपान्तरण प्रक्रिया की स्थिति में, यह समामेलन यह सुनिश्चित करेगा कि इसके व्यवसाय और आकार का लाभ सभी प्रकार के ग्राहकों एवं हितधारकों को प्राप्त हो सके. समामलेन के प्रभावी होने के साथ ही एकीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है जिसके तहत ग्राहक, कर्मचारी, आईटी और प्रक्रिया एकीकरण पर विस्तृत योजना तैयार की गई है. हम इस प्रक्रिया को अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए एक विश्व स्तरीय संस्थान के निर्माण करने हेतु एक अवसर के रूप में देख रहे हैं. बैंक के अध्यक्ष के रूप में, मैं इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी के प्रति बेहद खुश हूँ.

जय हिंद

हसमुख अढ़िया
अध्यक्ष

CHAIRMAN'S STATEMENT

Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

Dear Stakeholder,

I am delighted to join Bank of Baroda as Chairman of the Board of Directors and it gives me pleasure to put my thoughts before you. In the last 112 years, from the time the Bank of Baroda was set up, it has been pioneer in the banking field and has a rich legacy of serving the society and the nation. As Chairman of the Bank, I remain committed to nurturing and furthering this legacy.

The Banking Landscape

A robust financial sector is essential for the growth of economy. We need to grow at 8-9% consistently over years to catch up with China and other developed economies. Achieving this requires a concerted effort that maintains the reform momentum and widens its scope for arriving at a durable solution to banking sector issues.

The Government has adopted a multi-pronged strategy to improve the health of the Indian banking system. It announced a recapitalization plan of ₹ 2.11 lakh crore in October 2017. As part of the above program, the government infused the second tranche of ₹ 1.06 lakh crore in Public Sector Banks (PSBs) in FY 2019. Capital infusion by the government has helped in improving the health of the Indian banking system and has led to an improvement in credit growth of SCBs to 13.2% in FY 2019 from an average of 10% over the three previous years.

Indian banks had seen a large increase in non-performing loans over the years. In order to ensure a faster resolution of non-performing loans, the government implemented a new Insolvency and Bankruptcy Code (IBC). Under this mechanism, there have been a marked improvement in cash recoveries of the banking system at ₹ 98,493 crore in the period April to December 2018. The IBC process has resulted in structural changes such as faster resolutions; higher recoveries and improving credit culture which is positive for the banking system in the long-run.

The strategy adopted by the Government, RBI and PSBs for recognition, provisioning, resolution and recovery of non-performing assets has commenced to yield results in the form of declining stressed asset ratios and improvement in cash recovery. The gross NPAs for PSBs are now beginning to see a decline. RBI has projected that the gross NPA ratio for the SCBs would fall to around 10.3% in March 2019 from 11.5% in March 2018. The slippage ratio has declined from 7.6% in March 2018 to 4.1% in September 2018. The Provision Coverage Ratio (PCR) has also increased significantly from the levels in March 2018.

Consolidation in Indian Banking Industry

Despite being the sixth largest economy in the world, India's financial institutions lack scale and size on global scale. To be globally competitive, we need banks that are bigger and stronger. Large financial institutions have the ability to weather economic shocks and benefits of scale help them to provide banking services at a relatively lower cost. Over the years, various committees on the financial sector such as the Narasimham Committee (1998), the Leeladhar Committee (2008) and the Nayak Committee (2014) have recommended consolidation among banking sector and that of PSBs.

During the year, the government announced first three-way amalgamation of Vijaya Bank and Dena Bank with Bank of Baroda as a step towards achieving the above objectives. In terms of scale, the combined bank which came into operations from April 1, 2019, is now the second largest PSB in India. The consolidated bank has over 120 million+ customers across the globe through its network of 9,500+ branches and 13,400+ ATMs and 84,000+ employees. Our combined business mix now stands at ₹ 15+ lakh crore with market share of 6.4%. The amalgamation has provided an opportunity to build a world class banking institution for our stakeholders and we are determined to seize it.

Bank of Baroda – The Continuing Transformation

The Bank has undertaken a comprehensive transformation journey centered around processes, products, platforms, building people capabilities and improving compliance. The details of the actions taken have been detailed out in last years' annual report. Given that the technology evolution is an ongoing process, the transformation has to be a continuing journey to ensure that the Bank remains competitive in the market place.

The Bank therefore continues to make significant investments in enhancing its IT backbone and creating cutting-edge digital platforms. The Bank has set-up twin state-of-the-art Centers of Excellence for IT and Analytics & Artificial Intelligence. The future of banking lies in leveraging power of analytics, digitization and technology to provide world class banking services to clients. As we build a Bank of first choice for the customers, we are also creating a learning organization and our investment in enhancing the skills of our workforce continues.

The government's reform agenda for PSBs – Ease of Access and Service Excellence (EASE) program is also in-line with this approach. I am happy to state that the Bank has been ranked 2nd in the implementation of the EASE reforms agenda of the Government.

The result of above strategy are reflected in the operating performance of the Bank. Our domestic credit growth at 14.2% is higher than the industry average. This has been achieved while ensuring improvement in operating efficiency and the margins. The provision coverage ratio with and without Technically Written Off (TWOs) accounts at 78.68% and 67.64% respectively continues to be the highest amongst public sector banks. The capital adequacy ratio at 13.42% is above the regulatory requirements.

Looking Ahead

Given the transformation undertaken by the Bank over the years to build a Bank that is future ready, the amalgamation ensures that the benefits of scale and size are available to wider set of customers and stakeholders. With amalgamation becoming operative, the integration process is underway with a detailed plan on customer, employee, IT and process integration. We foresee this as an opportunity to build a world class institution for our customers, employees and other stakeholders. As the Chairman of the Bank, I am happy to be a partner in driving these efforts.

Jai Hind,

Hasmukh Adhia
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

पी एस जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारक,

वित्तीय वर्ष 2018-19 (वित्त 2019) के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के प्रमुख बिन्दुओं को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ. उपलब्धियों और विभिन्न पहलों के विवरण वार्षिक रिपोर्ट में दर्शाए गए हैं.

समष्टिगत आर्थिक और बैंकिंग परिदृश्य

वर्ष 2017 और 2018 के आरंभ में उछाल आने के बाद वर्ष 2018 की दूसरी छमाही से वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास में मंदी आ गयी. इसके बाद, संयुक्त राज्य अमरीका में वित्तीय प्रोत्साहन में आयी गिरावट और कमजोर यूरोपीय अर्थव्यवस्था के कारण 2019 में भी वैश्विक मंदी जारी रहने की संभावना है. यूएस -चीन के बीच लंबा व्यापारिक संघर्ष, ब्रेक्जिट की अनिश्चितता तथा तेल की बढ़ती कीमतें वैश्विक विकास के लिए प्रमुख चिंता के कारण बनी हुई हैं. इस पृष्ठभूमि में भारतीय अर्थव्यवस्था विकास का केन्द्र बनी हुई है. यह अर्थव्यवस्था सबसे तेज विकास करने वाली अर्थव्यवस्था में से एक है और भविष्य में यह विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. जीएसटी, आधार, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) आदि अनेक संरचनात्मक सुधार किए गए हैं जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने की संभावना है. वहनीय लागत पर मकान उपलब्ध कराने को बढ़ावा देने की सरकार की योजना, मेक इन इंडिया अभियान और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु सरकार के प्रभावी प्रयासों के फलस्वरूप निवेश में बढोतरी की संभावना है. भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2020 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के विकास का स्तर 7.2% रहने का अनुमान है.

विश्व बैंक के "ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक - 2018" के अनुसार, वर्ष के दौरान 23 स्थानों की बढ़त के साथ भारत 77वें स्थान पर पहुँच गया है. वर्ष के दौरान सर्वोच्च 50 की सूची में शामिल होना काफी आसान लग रहा है.

बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रुप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक उच्च एनपीए, पूंजी की अपर्याप्तता और निम्नतर क्रेडिट वृद्धि की समस्याओं से जूझ रहें हैं. आईबीसी के तहत बैंकों को बड़े एनपीए खातों के समाधान निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध होने की संभावना थी. यद्यपि आईबीसी व्यवस्था के तहत वसूली की राशि काफी बड़ी रही है, किन्तु लगभग अधिकांश मामलों में समाधान में लगने वाला समय उक्त अधिनियम में निर्धारित 270 दिनों से अधिक रहा है. निम्नतर चूक और बेहतर वसूली के संदर्भ में आईबीसी का वास्तविक लाभ लंबे समय में परिलक्षित होगा. यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि आईबीसी का क्रियान्वयन तथा दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के संबंध में संशोधित विनियामक फ्रेमवर्क का ऐतिहासिक महत्व है जिसके कारण कार्पोरेट गवर्नेंस मानकों में वांछित सुधार आएगा तथा उधारकर्ताओं में वित्तीय अनुशासन की प्रवृति विकसित होगी. विभिन्न एजेंसियों से उधारकर्ताओं की सूचनाओं को एक जगह एकत्रित करने के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रस्तावित पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री एक अन्य महत्वपूर्ण कदम होगा जिससे चूकों में उल्लेखनीय गिरावट आएगी.

भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए मार्च 2018 के 11.5% की तुलना में मार्च 2019 में 10.3% के स्तर तक गिरने की संभावना है. स्लिपेज अनुपात पहले ही मार्च 2018 के 7.6% के स्तर से गिरकर सितंबर 2018 में 4.1% के स्तर पर रहा और प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

पूंजी के फ्रंट पर सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीयन हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पहले से अधिक पूंजीकृत है. बढ़ती आस्ति गुणवत्ता और पूंजी के अन्तः प्रवाह के कारण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की क्रेडिट वृद्धि जो वित्त वर्ष 2015-18 के दौरान लगभग 10% रही, अब वित्त वर्ष 2019 के दौरान सुधरकर 13.2% हो गई है.

बैंकिंग उद्योग में समेकनः

संख्या में कम तथा मजबूत बैंक बनाने की दृष्टि से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का समेकन सरकार की सूची में काफी पहले से रहा है. व्यावसायिक आकार का लाभ उठाने हेतु इस वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पहला तीन--तरफा समामेलन सम्पन्न हुआ. 01 अप्रैल 2019 से विजया बैंक और देना बैंक का समामेलन बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ हुआ. समामेलित संस्थान 9,500+ शाखाओं के विस्तृत नेटवर्क, 13,400+ एटीएम तथा 84,000+ कर्मचारियों एवं 120 मिलियन+ ग्राहकों तथा रु. 15 लाख+ करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ अब भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन चुका है.

यह समेकन ग्राहकों के साथ-साथ बैंक के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा. ग्राहक व्यापक उत्पाद श्रृंखला से लाभान्वित होंगे जिसमें विस्तृत भौगोलिक पहुंच के साथ नकदी प्रबंधन समाधान, सप्लाई चेन फाइनेंस, आस्ति प्रबंधन, बीमा और निवेश बैंकिंग की सुविधाएं आदि शामिल हैं. बैंक के लिए, समामेलन न केवल हमारे बाजार की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी करेगा बल्कि इससे राजस्व एवं लागत की वसूली तथा लोक सहक्रियता के दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होंगे.

बैंक की रूपान्तरण यात्रा- नवोदय परियोजना

तीन वर्ष पूर्व बैंक की रूपान्तरण यात्रा 'नवोदय परियोजना' की शुरूआत होने के बारे में आप अवगत ही हैं. पिछले वर्ष के अपने वक्तव्य में, मैंने विभिन्न वर्गों में शुरू की गई नीतिपरक पहलों की विस्तृत चर्चा की थी. ये पहलें प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त करने हेतु प्रक्रियाओं के केन्द्रीकरण एवं उन्हें बेहतर बनाने, उत्पादों को आकर्षक बनाने, प्लेटफार्म और क्षमता संवर्धन पर केन्द्रित थीं. वर्ष के दौरान हमने उक्त पहलों से काफी लाभ अर्जित किया.

बैंकिंग उद्योग तेजी से प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों से गुजर रहा है. डिजिटल रूपान्तरण एवं पारंपरिक बैंकिंग गतिविधियों का डिजिटाइज़ेशन समस्त बैंकिंग परिदृश्य को बदल रहा है. रूपान्तरण, प्रतिस्पर्धा में बने रहने हेतु एक निरंतर चलने वाली यात्रा है. हमने 'भविष्य के लिए सुदृढ़ बैंक' को बनाने हेतु बहुआयामी रणनीति अपनायी है जिसके केंद्र बिन्दु निम्नानुसार है:

1. कर्मचारियों को उनके खाली समय को ग्राहकों के साथ बिताने हेतु सक्षम बनाना: हम बैक ऑफिस परिचालनों को शेयर सेवा केंद्र (एसएससी) में केंद्रीकृत कर, टैबलेट के माध्यम से सहायक एवं डिजिटाइज्ड तरीके से बहुसेवाएं एवं प्रक्रियाओं के माध्यम से अधिक सरल सेवाएं सुलभ बनाना आदि के द्वारा शाखा की संरचना में पुनः सुधार लाने की दिशा में कार्यरत हैं.

हमारे शेयर्ड सर्विस सेंटर (एसएससी) के बैक ऑफिस फंक्शन में बढ़ोतरी होती जा रही है जिसके कारण शाखाओं को प्रोसेसिंग में लगने वाले समय से निजात मिल रही है और फलस्वरूप हमारे स्टाफ सदस्यों की उत्पादकता बढ़ रही है और वे ग्राहकों को अधिक समय और बेहतर सेवा दे पा रहे हैं. केंद्रीकृत बैक ऑफिस परिचालन में अब जमा खातों के लिए खाता खोलना, खाता प्रबंधन सेवा, बंधक आधारित रिटेल लोन की प्रोसेसिंग, फॉरेक्स एवं ट्रेड फाइनेंस परिचालन, कॉल सेंटर, क्रेडिट कार्ड परिचालन तथा डिजिटल बैंकिंग परिचालन शामिल किए गए हैं.

2. वित्तीय योजना: हम अपने ग्राहकों के अर्जन का अधिकांश हिस्सा संचित करने तथा शुल्क आय में वृद्धि करने हेतु उन्हें वित्तीय योजना एवं धन प्रबंधन सेवाओं के प्रस्ताव करने पर लगातार अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं जिससे वे अपनी धन सुरक्षा, लेन-देन संबंधी जरूरतों, बैंकिंग उत्पाद जैसे बचत, बीमा, आस्ति खरीद आदि सभी जरूरतों को एक छत के नीचे पूरा कर सकें.

3. इको सिस्टम बैंकिंग : यह मानते हुए कि डिजिटल व्यवधान, प्लेटफ़ॉर्म आधारित इको सिस्टम का जनक है, हम बैंक के ग्राहकों के लिए उत्पाद खोज और लेन-देन सक्षमता के आशय से वन स्टॉप शॉप बनाने की दिशा में उद्यम आधारित बाजार स्थलों की व्यवस्था हेतु प्रयास कर रहे हैं. कृषि संबंधी सभी प्रकार की जरूरतों का समाधान उपलब्ध कराने हेतु 'बड़ौदा किसान' नामक डिजिटल-कृषि प्लेटफॉर्म का विकास एवं बैंक द्वारा अधिक संख्या में फिनटेक करार की इकाइयों का प्रवेश इको सिस्टम को सक्षम बनाने के उदाहरण हैं.

4. गतिशीलता मंच : बैंक मोबाइल के माध्यम से स्वतः सेवा एवं टेबलेट के माध्यम से सहायक मोड पर कई सेवाएं प्रदान करने हेतु कार्य कर रहा है. ''बैंक इन-ए-बॉक्स'' की यह रणनीति डिजिटल के जानकार ग्राहकों को आराम से अपने घरों से प्रभावी ढंग से लेन-देन करने में सक्षम बनाएगी जबकि टेबलेट बैंकिंग सेवाओं की घर तक पहुँच सुनिश्चित करेगी.

5. एनेलिटिक्स एवं आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस (एआई)

डेटा विज्ञान और मशीनी शिक्षण का व्यवसाय पर व्यापक प्रभाव पड़ता है और ये तेजी से महत्वपूर्ण विभेदक के रूप में स्थापित हो रहे हैं. इस क्षेत्र में उभरती हुई तकनीक का लाभ उठाने हेतु हमने एनेलिटिक्स एवं आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स (ए एवं एआईसीओई) स्थापित किए हैं जिससे बिग डेटा तकनीक और आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस आधारित रियल-टाइम एनेलिटिक्स का लाभ उठाते हुए डेटा आधारित निर्णय लेने की दिशा में हमें सहयोग प्राप्त होगा.

इस दौरान हमारे आईटी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का परिचालन शुरूहुआ है. इससे आधुनिक डिजिटल तकनीक, विविध प्रकार के आईटी एवं डिजिटल कौशल के साथ विभिन्न तकनीकी संसाधनों तथा परिवर्तनों को सहयोग प्रदान करने वाली फिनटेक इको सिस्टम के माध्यम से डिजिटल रूपान्तरण को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है. इससे ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन, ओपन एपीआई बैंकिंग तथा व्यावसायिक प्रक्रिया प्रबंधन जैसी विविध प्रमुख तकनीकी घटक, तकनीकी संरचना तथा उभरती तकनीक में विविध प्रकार के कौशल विकास की सुविधाएं प्राप्त होंगी जिससे हमारी तकनीकी क्षमता तथा मार्केट में तेजी से हमारे नए उत्पादों को पहुंचाने में मदद मिलेगी.

वर्ष के दौरान हमने आईआईटी, मुंबई के सहयोग से एक इनोवेशन सेंटर की स्थापना की है जो बैंकिंग उद्योग द्वारा महसूस की जा रही चुनौतियों और सीमाओं के समाधान के लिए अनूठा समाधान उपलब्ध कराता है. यह केंद्र वित्तीय संस्थानों के सम्बद्ध इको सिस्टम, विद्वानों, उप कुलपतियों, नियामकों, तकनीकी कंपनियों, कार्पोरेट एवं सरकारी संगठनों के समर्थन से चल रहा है.

सरकार ने जनवरी 2018 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए ईज ऑफ एक्सेस एण्ड सर्विस एक्सिलेंस (EASE) नामक सुधारात्मक कदम की घोषणा की थी जिसमें 6 विषय-वस्तुओं के अंतर्गत 140 उद्देश्यों और बेंचमार्क मैट्रिक्स को शामिल किया गया है. बैंक के रूपान्तरण कार्यक्रम में इस कार्यसूची की अधिकांश मदें शामिल हैं. ईज़ (ईएएसई) रैंकिंग के बारे में सरकार द्वारा घोषित अंतिम रैंकिंग में आपका बैंक द्वितीय स्थान पर रहा.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

वित्त वर्ष 2019 के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन की एक झलक निम्नानुसार है:-

जमाराशियों में वृद्धि

कुल जमाराशियों में 8.0% की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू जमाराशियों में यह वृद्धि 10.9% रही. 31 मार्च, 2019 को कुल जमाराशियां तथा कुल घरेलू जमाराशियां क्रमशः रु. 6,38,690 करोड़ एवं रु. 5,17,966 करोड़ रहीं. वर्ष के दौरान वैश्विक कासा जमाराशियों में संवृद्धि रु. 12,051 करोड़ रही जबकि घरेलू कासा जमाराशियों में रु. 16,081 करोड़ की वृद्धि हुई जो प्रतिशत में क्रमशः 5.7% एवं 8.4% रही. कासा जमाराशियों का प्रतिशत 40.23% था. इन जमाराशियों में निरंतर वृद्धि के लिए बैंक ने कई कदम उठाए हैं. हमने अपने उत्पादों को व्यापक बनाया है और अपनी प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाया है. हमने नकदी प्रबंधन और विभिन्न प्रकार के ग्राहकों के लिए विविध प्रकार की धनसंपदा प्रबंधन सेवाएं जैसे नए उत्पाद शुरू किए हैं. टैबलेट के माध्यम से खाता खोलने की प्रक्रिया को डिजिटाइज किया है, डोर-स्टेप बैंकिंग सेवाएं, थ्री-इन-वन ट्रेडिंग खाते खोलना, मोबाइल बैंकिंग ऐप को बेहतर बनाना, एम--पासबुक का प्रारंभ, धनसंपदा प्रबंधन के लिए मोबाइल ऐप का प्रारंभ, हमारे ई-उत्पादों (आरटीजीएस, आईएमपीएस, यूपीआई) को अधिक सुदृढ़ बनाना, पीओएस एवं भारत क्यूआर कोड को बढ़ावा देना, मल्टिपल पेमेंट एग्रिगेटर के साथ टाई-अप, वैविध्यपूर्ण डेबिट कार्ड प्रारंभ करना, हमारे क्रेडिट कार्ड की

रि-ब्रांडिंग जैसी सेवाओं के डिजिटलीकरण करने के माध्यम से अपने उत्पादों एवं प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने हेतु कई कदम उठाए गए हैं.

ऋण में वृद्धि

रूपांतरण पहलों के क्रियान्वयन के बाद बेहतर प्रक्रियाओं के साथ बैंक ने लगातार दूसरे वर्ष में घरेलू ऋणों में दोहरे अंकों में वृद्धि हासिल की. वित्त वर्ष 2019 के दौरान घरेलू ऋण वृद्धि 14.2% रही जो उद्योग में हुई वृद्धि से एक प्रतिशत प्वाइंट अधिक है. ऋण की इस वृद्धि में खुदरा ऋण का 24.2% एवं कार्पोरेट ऋण का 15.5% का योगदान रहा. खुदरा ऋण की वृद्धि में आवास ऋण एवं ऑटो ऋण का क्रमशः 22.1% तथा 49.4% का योगदान रहा. खुदरा एवं कार्पोरेट ऋण में दीर्घावधि वृद्धि के लिए नींव को मजबूत बनाया गया है. बैंक एमएसएमई एवं कृषि क्षेत्र के माध्यम से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करने के सरकार के उद्देश्यों के समर्थन में सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है. एमएसएमई के तहत ऋण 31 मार्च, 2019 को गत वर्ष के रु. 51,730 करोड़ से बढ़कर रु. 55,455 करोड़ हुए वहीं कृषि ऋण गत वर्ष के रु. 49,583 करोड़ की तुलना में सामने 31 मार्च, 2019 में रु. 56,623 करोड़ हो गए.

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

अपने परिचालन मार्जिन को बढ़ाने हेतु हमने दोहरी कार्यनीति अपनाई. प्रथम थी अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति की स्ट्रैटेजिक समीक्षा, जिससे विदेशी शाखाओं की संख्या 106 से घटकर 100 हो गई. प्रक्रियाओं को और युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कार्रवाई जारी है. कार्यनीति का दूसरा भाग था क्रेता की साख पोर्टफोलियो को घटाकर अधिक प्रतिफल वाले ऋणों के माध्यम से प्रतिफल बढ़ाकर अंतर्राष्ट्रीय बहियों को पुनः संतुलित करना. परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2018 के 1.10% से सुधर कर वित्त वर्ष 2019 में 1.71% हुआ.

यूके परिचालनों का रु. 12,395 करोड़ का खुदरा व्यवसाय 17 दिसंबर, 2018 को पूर्णतया स्वामित्व की अनुषंगी के परिचालन शुरुहोने के बाद अंतरित हो जाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय की मात्रा में भी गिरावट आई, वहीं कुछ शाखाओं को बंद करने के युक्तिसंगत उपायों से व्यवसाय में रु. 10, 960 करोड़ की गिरावट आई तथा क्रेता की साख पोर्टफोलियो भी रु 34,964 करोड़ से कम हुआ. इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2019 में अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां रु. 3618 करोड़ से कम हुई एवं ऋण बहियों में भी रु. 4,560 करोड़ की गिरावट आई, वहीं अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में 21.92% वृद्धि हुई.

आस्ति गुणवत्ता

हम मानते हैं कि निवल एनपीए स्तर बैंक के वास्तविक जोखिम को दर्शाता है. हमने निवल एनपीए स्तर में राशि वार तथा प्रतिशत वार दोनों को कम करने के हमारे लक्ष्यों पर कार्य करना जारी रखा. वर्ष के दौरान सकल एनपीए एवं निवल एनपीए अनुपात तथा राशि दोनों कम हुए. जीएनपीए एवं एनएनपीए अनुपात गत वर्ष के दौरान के 12.26% तथा 5.49% की तुलना में सुधर कर क्रमशः 9.61% एवं 3.33% हुआ. राशि में शुद्ध एनपीए रु 15,609 करोड़ रहे जो पिछले तीन वर्षों में सब से कम है. इस वर्ष 2019 में बैंक के रु. 15, 519 करोड़ के समेकित परिचालन लाभ के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए.

वर्ष के दौरान वसूलियां तथा उन्नयन गत वर्ष के रु. 5,443 करोड़ से बढ़कर रु. 8,759 करोड़ रहे. तकनीकी रूप से बट्टाकृत खातों में वसूलियां भी गत वर्ष के रु. 621 करोड़ की तुलना में रु. 832 करोड़ रही.

विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के अनुसरण के साथ हमने इन आस्तियों के पेटे उच्च प्रावधान कवरेज जारी रखा जिसने आपके बैंक के तुलनपत्र को मजबूती प्रदान की. दिनांक 31 मार्च, 2019 को तकनीकी रूप से बट्टाकृत (टीडब्लूओ) सहित प्रावधान कवरेज रेशियो (पीसीआर) 31 मार्च, 2018 के 67.21% से बढ़ कर 78.68% हुआ. टीडब्लूओ के बिना पीसीआर भी गत वर्ष के 58.42% से बढ़ कर 67.64% हुआ. ये अनुपात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वाधिक है.

अपेक्षित वसूलियां बेहतर होने के साथ कुछ बड़े एनपीए खातों में एनसीएलटी प्रक्रिया के साथ समाधान होने की उम्मीद है और आस्ति गुणवत्ता के परिप्रेक्ष्य में उच्च प्रावधान कवरेज अनुपात क साथ वित्त वर्ष 2020 सकारात्मक रहने की आशा है.

परिचालनगत कार्यनिष्पादन

प्रक्रियाओं एवं उत्पादों में रूपांतरण की दिशा में उठाए गए विभिन्न कदम से बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन में निरंतर सुधार हुआ है. समेकित आधार पर परिचालन लाभ 14.4% की वृद्धि के साथ रु. 15,519 करोड़ रहा. निवल लाभ रु. 1,100 करोड़ रहा. स्टैंडअलोन आधार पर, शुद्ध ब्याज आय (एनआईएम) एवं कोर शुल्क आय दोनों में वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2018 में 12,005.6 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019 में 12.3% की वृद्धि के साथ परिचालन लाभ रु. 13,486.8 करोड़ रहा. निवल ब्याज आय 20.4% की वृद्धि के साथ रु. 18,684 करोड़ पर पहुंची तो औसत आधार पर घरेलू ऋणों में 18% की वृद्धि (वर्षांत क आंकड़ों पर 14.2%) के साथ अग्रिमों पर ब्याज आय में 18.3% की वृद्धि हुई. प्रतिकूल ब्याज दर के परिदृश्य के कारण ट्रेजरी लाभों में रु. 888.1 करोड़ की गिरावट के बावजूद कुल गैर ब्याज आय गत वर्ष के रु. 6,657.2 करोड़ की तुलना में रु. 6,090.8 रही. कोर शुल्क आय में 10.0% की वृद्धि हुई. परिचालनगत व्यय में 11% की वृद्धि हुई जबकि लागत-आय अनुपात गत वर्ष के 45.87% की तुलना में सामान्य सुधार के साथ 45.56% रहा.

परिचालनगत कार्यनिष्पादन में सुधार बढ़े हुए मार्जिन में परिलक्षित हो रहा है. वैश्विक शुद्ध ब्याज आय (एनआईएम) वित्त वर्ष 2018 के 2.43% से बढ़कर वित्त वर्ष 2019 में 2.72% रही. घरेलू परिचालनों से एनआईएम भी गत वर्ष के 2.88% से बढ़ कर 2.93% रहा.

वर्ष के दौरान बैंक ने वित्त वर्ष 2018 के रु. 14,211.7 करोड़ की तुलना में 12,192.4 करोड़ का प्रावधान किया और वित्त वर्ष 2018 के रु. 2,431.8 करोड़ की हानि की तुलना में वित्त वर्ष 2019 में 433.5 करोड़ का लाभ दर्ज किया.

पूंजी

31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार बैंक का पंजीगत अनुपात पहले की तरह नियामक अपेक्षाओं से भी अधिक स्तर पर 13.42% पर है. भारत सरकार द्वारा रु. 5042 करोड़ के पूंजीयन और रु. 1956 करोड़ के टियर-2 बांड जारी करने के परिणामस्वरूप इसे और बल मिला है. टियर-1 पूंजी 11.55% थी और सामान्य इक्विटी टियर-1 (सीईटी-1) 10.38% रहा. समेकित समूह पूंजीगत पर्याप्तता 14.52% के उच्चतर स्तर पर रही. आने वाले समय में बैंक वर्ष के दौरान अपने ग्राहकों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु संघटनात्मक पूंजी-सृजन के लिए आश्वस्त है.

अगला कदम

हाल ही में संपन्न आम चुनावों के परिणामों से केंद्र में एक स्थिर सरकार बनी है. सरकार द्वारा अपने सुधार कार्य को और आगे बढ़ाने की आशा है. सरकार मूलभूत संरचना को विकसित करने पर अपना कार्य और आगे बढ़ाएगी. सड़क निर्माण, रेलवे, हवाई अड्डे, जलमार्ग और आवास पर और अधिक व्यय किया जाएगा जिससे अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ेगी और लोगों को अपनी आय बढ़ाने के लिए आर्थिक वृद्धि के और अवसर मिलेंगे. यूएस व चीन के बीच चल रहे व्यापार संबंधी विवाद के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के निष्क्रिय रहने की संभावना है परंतु सरकार द्वारा निवेशों में तीव्रता लाने के प्रयासों से घरेलू अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचेगा. साथ ही, सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के रूप में ग्रामीण भारत को गति प्रदान होने पर उपभोक्ता गतिविधियां भी बढ़ेंगी.

हमारा मानना है कि निवेश व उपभोक्ता मांग का पूरा लाभ उठाने के लिए बैंक पूर्णतः तैयार है. समामेलन के परिणामस्वरूप व्यापक भौगोलिक व ग्राहक पहुंच, नए उत्पादों का प्रारंभ, कुल समय अवधि को कम करने और डिजिटलाइज़ेशन पर ध्यान केंद्रित करने, बैंक विकास और बाजार में अपना हिस्सा बढ़ाने की दृष्टि से एक विशिष्ट स्थिति में है. हम बैंक को भविष्य की एक विश्व स्तरीय बैंकिंग संस्था के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं, जो उसके सभी हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन करेगा.

मैं निदेशक मंडल के अध्यक्ष डॉ. हसमुख अढ़िया और साथ ही बैंक के निदेशक मंडल से सेवानिवृत्त हो रहे अध्यक्ष श्री रवि वेंकटेसन तथा बोर्ड के सभी सदस्यों का उनके अमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और प्रबंधन के सभी प्रयासों में उनके सुझावों के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं. मैं समय-समय पर सहयोग एवं मार्गदर्शन देने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिज़र्व बैंक को धन्यवाद देता हूं. मैं अपने सभी कर्मचारियों को भी उनके अथक परिश्रम, समर्पण और कटिबद्धता के लिए उनका आभार मानते हुए उनका धन्यवाद करता हूं. बैंक ऑफ बड़ौदा में हम उत्कृष्टता की अपनी इस यात्रा में आपके संरक्षण, समर्थन और सद्भाव की आशा करते हैं.

पी. एस. जयकुमार

पी. एस. जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

MD & CEO'S STATEMENT

P S Jayakumar
Managing Director and CEO

Dear Stakeholder,

It is my pleasure to present before you the highlights of the Bank's performance during the Financial Year 2018-19 (FY 2019). The details of the achievements and the various initiatives are provided in the Annual Report.

Macro-Economic and Banking Overview

After gaining momentum in 2017 and early 2018, global economic growth slowed down from the second half of 2018. Going forward, with waning fiscal stimulus in US and a weaker European economy, the global slowdown is expected to continue in 2019. A prolonged US-China trade war, a no-deal Brexit and rise in oil prices remain key risks to global growth. In this backdrop, the Indian economy continues to be an island of growth. It is one of the fastest growing economies and is well poised to emerge as the world's 5th largest economy in the world in the near future. Structural reforms like GST, Aadhar, Direct Benefit Transfers, Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), etc. are expected to provide impetus to the economy. A spurt in investments is expected with the government's sustained efforts towards promoting affordable housing, the 'Make in India' campaign and the focus on building infrastructure. The GDP growth for FY 2020 is projected at 7.2% by RBI.

India further moved up 23 places reaching a rank of 77 on the World Bank's 'Ease of Doing Business Index', 2018. Breaking into the top 50 during the year appears to be within reach now.

The banking sector, especially public sector banks, have been facing multiple challenges including high NPAs, capital crunch and low credit growth. The IBC was expected to provide resolution to stressed assets within a defined time frame. Though the recoveries through IBC mechanism have been large, the resolution has taken longer time than the stipulated limit of a maximum of 270 days in most cases. The real benefits of IBC in terms of lower delinquency and better recovery will be reflected over a longer period. It is critical to note that the implementation of IBC and the revised regulatory framework of resolution of stressed assets is of historic importance and will substantially improve corporate governance standards and inculcate financial discipline in borrowers. RBI's proposed public credit registry for aggregating information about borrowers from multiple agencies at one place will be another major step which is expected to bring down delinquencies significantly.

According to RBI, gross NPAs of SCBs are likely to fall to 10.3% in March 2019 from 11.5% in March 2018. The slippage ratio has already declined from 7.6% as of March 2018 to 4.1% as of September 2018 and provision coverage ratio (PCR) has increased significantly.

On the capital front, the Government has taken a major step in recapitalising the public sector banks. PSBs are far more capitalised today than earlier. With improving asset quality and capital infusion, the credit growth of SCBs which was at around 10% during FY 2015-18 has improved to 13.2% in FY 2019.

Consolidation in the Banking Industry

Consolidation of the public sector banks (PSBs) leading to fewer and stronger banks has been on government's agenda. To reap the benefits of scale and size, this year the government announced the first three-way amalgamation of public sector banks. Vijaya Bank and Dena Bank have amalgamated with Bank of Baroda w.e.f April 1, 2019. The amalgamated entity is now India's second largest public sector bank with a wider geographical reach, 9,500+ branches, 13,400+ ATMs and 84,000+ employees, 120 million+ customers and a business mix of ₹ 15 lakh+ crore.

The consolidation will be beneficial to both the customers and the Bank. The customers will benefit from a wider product range which includes cash management solutions, supply chain financing, asset management, insurance and investment banking supplemented by an enhanced geographical reach. For the Bank, the amalgamation not only increases our market share but also offers long term benefits from realisation of revenue and cost and people synergies.

The Bank's Transformation Journey- Project Navoday

As you are aware, the Bank embarked on a transformational journey – 'Project Navoday' three years ago. Last year, I had detailed the strategic initiatives taken under various streams of functions focused on optimising and centralising processes, building products, platforms and people's capability to gain the competitive edge. During the year, we consolidated the

gains from the above initiatives.

The banking industry is undergoing a rapid technological change. Digital transformation and digitization of traditional banking activities is changing the banking landscape. The transformation is a continuing journey to sustain competitiveness. We, at Bank of Baroda, have adopted a multi-pronged strategy to build the 'Bank of the Future' which is centred around:

1. **Enabling employees to spend their disproportionate time with the customers:** We are working towards this by revamping the branch organization by centralizing the back office processes to a Share Service Centre (SSC); enabling multiple services on an assisted and digitized mode through tablets and introducing more straight through processes (STP). This would ensure that employees spend disproportionate part of their quality time with the customers on sales rather than spending it on delivery processes.

   Our Shared Services Centre continues to add more and more back-office functions under its fold. The centralized functions now include opening of deposit accounts, account management services, processing of mortgage-based retail loans, forex and trade finance operations, call centre, credit card operations and digital banking operations.

2. **Financial planning:** We continue our focus on offering of financial planning and wealth management services to our customer enabling them to meet all their needs towards wealth protection, transaction and leveraging requirements, banking product requirements like for savings, insurance, asset purchase, etc. under one stop to garner a higher share of valet of customers and increasing the fee income.

3. **Banking the eco system:** Recognizing that the digital disruption is leading to platform based eco systems, we are working towards provision of enterprise scale marketplaces for customers to make the Bank as one-stop shop for product discovery and transaction enablement. The development of agri-digital platform named 'Baroda Kisan' to provide solutions for all types of agriculture requirements and number of Fintech alliances entered by the Bank are examples towards enabling the eco system.

4. **Mobility platforms:** The Bank is working towards enablement of multiple services on mobile in self-service mode and on an assisted mode through tablets. This strategy of "Bank-in-a-Box" would enable digitally savvy customers to effectively transact from the comfort of their homes whereas the tablets ensure door-step delivery of banking services.

5. **Analytics and Artificial Intelligence (AI):** Data science and machine learning have profound impacts on businesses and are rapidly becoming critical for differentiation. To benefit from the emerging technologies in this field, we have set up an Analytics and Artificial Intelligence Centre of Excellence (A & AI CoE) which enables us to move towards data-driven decision making by leveraging big data technology and artificial intelligence based real-time analytics.

   We have also set up an IT Centre of Excellence (ITCoE) which became operational during the year. It drives digital transformation through new age digital technologies, a pool of technology resources with varied IT and digital skills and works in collaboration with the Fintech ecosystem to drive disruption. The ITCoE brings together a wide gamut of skill sets across core technology components, technology architecture and emerging technologies like block chain, robotics process automation, open API banking and business process management to improve our technology efficiency and to take new use cases to market at speed.

   During the year, we have set up an Innovation Centre in collaboration with IIT Bombay which provides avenues for developing novel solutions to the challenges and limitations faced by the banking industry today. The Centre is powered by a cohesive ecosystem of financial institutions, academia, VCs, regulators, technology companies, corporates and government organizations.

In January 2018, the Government had announced a reforms agenda for PSBs – Ease of Access and Service Excellence (EASE) which comprised of 140 objectives and benchmarked metrics across 6 themes. The Bank's transformation programme encompassed most of the action points of the agenda. In the final rankings announced by the government, your Bank was placed 2nd in the EASE Index ranking.

Financial Performance

A snapshot of the Bank's performance during FY 2019 is as under:

Deposits Growth

Total deposits grew by 8.0% while growth in domestic deposits was 10.9%. Total deposits and total domestic deposits as on March 31, 2019 were ₹ 6,38,690 crore and ₹ 5,17,966 crore respectively. Accretion to global CASA deposits during the year was ₹ 12,051 crore while domestic CASA deposits increased by ₹ 16,081 crore registering a growth of 5.7% and 8.4% respectively. Percentage of domestic CASA deposits was 40.23%. The Bank has taken a number of steps to ensure sustained growth of these deposits. We have enhanced the gamut of our offerings and optimised our processes. We launched new products like cash management and differentiated wealth management services for various customer segments. We have digitised processes like opening of accounts through tablets and taken multiple steps including provision of door-step banking services, opening of three-in-one trading accounts, revamping of our mobile banking app, launch of m-passbook, launch of mobile app for wealth management, strengthening our e-payments products (RTGS,IMPS,UPI), promoting POS and Bharat QR codes, tie-up with multiple payment aggregators, introducing differentiated debit cards and rebranding our credit cards among others.

Credit Growth

The Bank registered double digit domestic credit growth for the second consecutive year on the back of improved processes after execution of the transformation initiatives. Domestic loan growth was 14.2% during FY 2019, one percentage point higher than the industry growth. The growth momentum was driven by retail loan growth of 24.2% and corporate loan growth of 15.5%. Expansion in the retail loan book was led by home loan and auto loan growth of 22.1% and 49.4% respectively. The building blocks for long-term growth of both retail and corporate loans have been laid down. The Bank is committed to playing a meaningful role in supporting the government's objective of lending to priority sectors led by MSME and agriculture. While loans under MSME grew to ₹ 55,455 crore as on March 31, 2019 from a level of ₹ 51,730 crore last year, the agriculture loan book stood at ₹ 56,623 crore as on March 31, 2019 as against ₹ 49,583 crore last year.

International Business

To improve our operating margins, we adopted a two-pronged strategy for our international business. The first step was a strategic review of our international presence which led to a reduction in the number of overseas branches from 106 to 100. The rationalisation exercise continues. The second part of the strategy was rebalancing of the international book by a reduction in the buyers' credit portfolio to higher yielding loans. As a result, the net interest margin (NIM) of the international operations improved to 1.71% in FY 2019 from 1.10% in FY 2018.

The volume of international business declined on account of transfer of retail business of UK operations aggregating ₹ 12,395 crore to the wholly owned subsidiary which became operational from December 17, 2018; rationalisation leading to closure of some of the branches reducing business by ₹ 10,960 crore and reduction in buyer's credit portfolio by ₹ 34,964 crore. Thus international deposits during the year de-grew by ₹ 3,618 crore and the loan book declined by ₹ 4,560 crore. However, on like-on-like basis, the international business grew by 21.92%.

Asset Quality

We believe that the net NPA level represents the real risk to the Bank. We continue to work towards our goal of reducing the net NPA levels both amount wise and percentage wise. During the year, the ratio of gross NPA and net NPA as well as their absolute amount declined. The gross NPA and net NPA ratio improved to 9.61% and 3.33% as on March 31, 2019 from 12.26% and 5.49% during last year. The absolute amount of net NPA at ₹ 15,609 crore was the lowest in the last over three years. This should be viewed in the context of consolidated operating profit of the Bank at ₹ 15,519 crore for FY 2019.

Recoveries and upgrades during the year were higher at ` 8,759 crore from ₹ 5,443 crore last year. Recoveries from technically written off accounts were also higher at ₹ 832 crore compared to ₹ 621 crore last year.

Following a prudent approach, we continue to maintain a high provision coverage against these assets which provide strength to your Bank's balance sheet. Provision coverage ratio (PCR) including technical write offs (TWO) as of March 31, 2019 increased to 78.68% from 67.21% as of March 31, 2018. PCR without TWO also improved to 67.64 % as of March 31, 2019 from 58.42% last year. These ratios are the highest amongst the public sector banks.

With an expectation of improved recoveries; resolutions of some large NPA accounts anticipated to materialise through the NCLT process and with a high provision coverage ratio, the outlook for FY 2020 appears to be positive on asset quality.

Operating Performance

The various steps taken towards transformation of processes and augmentation of products has led to a consistent improvement in the operating performance of the Bank. On consolidated basis, the operating profit increased by 14.4% to ₹ 15,519 crore. The net profit was ₹ 1,100 crore. On standalone basis, the operating profit increased by 12.3% to ₹ 13,486.8 crore in FY 2019 against ₹ 12,005.6 crore in FY 2018 driven by growth in both the net interest income (NII) and core fee income. The NII grew by 20.4% to ₹ 18,684.0 crore with interest income on advances growing by 18.3%. This was on the back of domestic credit growth of over 18% on an average (14.2% on year-end figures). Total non-interest income was ₹ 6,090.8 crore against last year's level of ₹ 6,657.2 crore, despite a reduction of ₹ 888.1 crore in treasury gains on account of adverse interest rate scenario. Core fee income increased by 10.0%. The operating expenses increased by 11% while cost-to-income ratio marginally improved to 45.56% for FY 2019 as against 45.87% last year.

The improvement in operating performance is reflected in increased margins. Global net interest margin (NIM) improved to 2.72% in FY 2019 from 2.43% in FY 2018. NIM from domestic operations also improved to 2.93% from 2.88% last year.

During the year, the Bank provided ₹12,192.4 crore towards NPAs as against ₹ 14,211.7 crore in FY 2018 and posted a net profit of ₹ 433.5 crore in FY 2019 against a net loss of ₹ 2,431.8 crore in FY 2018

Capital

The capital adequacy ratio of the Bank at 13.42%, as of March 31, 2019, continues to be above regulatory requirements. It was strengthened by a capital infusion of ₹ 5,042 crore by the Government of India and the raising of ₹ 1,956 crore as Tier-2 bonds. The Tier-1 capital was 11.55% and Common Equity Tier-1 (CET-1) was 10.38%. The consolidated group capital adequacy ratio was higher at 14.52%. Going forward, Bank is confident about generation of organic capital to meet the credit requirements of its customers during the year.

The Way Forward

The recent elections have led to the formation of a stable government at the centre. The government is expected to

carry forward the reforms agenda. It will continue to focus on building infrastructure. Higher spending on roads, railways, airports, waterways and housing will boost the economy and provide economic opportunities for citizens to grow and improve their income levels. While the global economy is likely to remain muted on the back of the ongoing trade dispute between US and China, the domestic economy should benefit from the government's investment momentum. In addition, the government's boost to rural India in the form of direct benefit transfer will give an impetus to consumption.

We believe that the Bank is well poised to take advantage of the investment and consumption demand. With a wider geographical and customer reach following the amalgamation, introduction of new products, reduction in turn-around time and focus on digitisation, the Bank is uniquely positioned to grow and gain market share. Our endeavour is to build a future-ready, world-class banking institution that creates value for all its stakeholders.

I would like to acknowledge and thank the Chairman of the Board Dr. Hasmukh Adhia as well as the outgoing Chairman Shri Ravi Venkatesan and all the members of the Board for their valuable support, guidance and inputs to the management in all our endeavours. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time. I acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment. At Bank of Baroda, we look forward to your continued patronage, support and goodwill as we march ahead on our quest for excellence.

P S Jayakumar
Managing Director and CEO

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

आपके निदेशकगण बैंक की 111वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 2019) के लेखा-परीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा और व्यवसाय तथा परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

हमारे बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है :

(रुपये करोड़ में)

विवरण	31.03.18	31.03.19	वृद्धि (%)
जमाराशियां	**5,91,314.8**	**6,38,689.7**	8.0%
जिसमें से - घरेलू जमाराशियां	4,66,973.8	5,17,966.6	10.9%
अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां	1,24,341.0	1,20,723.2	(2.9%)
घरेलू जमाराशियां	4,66,973.8	5,17,966.6	10.9%
जिसमें से - चालू खाता जमाराशियां	31,193.1	34,327.6	10.1%
बचत बैंक जमाराशियां	1,61,130.0	1,74,076.2	8.0%
कासा जमाराशियां	1,92,323.1	2,08,403.8	8.4%
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	41.2	40.2	
अग्रिम (निवल)	**4,27,431.8**	**4,68,818.7**	**9.7%**
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	3,24,238.5	3,70,185.0	14.2%
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	1,03,193.3	98,633.8	(4.4%)
कुल आस्तियाँ	**7,19,999.8**	**7,80,987.4**	**8.5%**
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**15,521.8**	**18,683.8**	**20.4%**
अन्य आय	6,657.2	6,090.9	(8.5%)
जिसमें से - शुल्क आय	3,249.7	3,576.1	10.0%
विदेशी आय	909.2	693.2	(23.8%)
व्यापारिक अभिलाभ	1,877.6	989.5	(47.3%)
पीडब्ल्यूओ से वसूली	620.7	832.0	34.0%
एनआईआई + अन्य आय	**22,179.0**	**24,774.7**	**11.7%**
परिचालनगत व्यय	**10,173.4**	**11,288.0**	**11.0%**
परिचालनगत लाभ	**12,005.6**	**13,486.8**	**12.3%**
प्रावधान	**14,796.4**	**12,788.7**	**(13.6%)**
जिसमें से - एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	14,211.7	12,192.4	(14.2%)
कर पूर्व लाभ	(2,790.7)	698.2	
कर हेतु प्रावधान	(358.9)	264.6	
निवल लाभ	**(2,431.8)**	**433.5**	
विनियोजन / अंतरण			
सांविधिक प्रारक्षित निधि	0	108.4	
पूंजी प्रारक्षित निधि	0	210.4	
राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि			
i) सामान्य प्रारक्षित निधि	(2431.8)	0	
ii) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि	0	182.1	
प्रस्तावित लाभांश	0	0	

(रुपये करोड़ में)

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	31.03.18	31.03.19
निधियों की औसत लागत (%)	4.56	4.83
औसत अर्जन (%)	6.84	7.28
औसत ब्याज अर्जन आस्तियाँ	6,37,987.0	6,86,743.0
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं	6,16,243.9	6,48,495.6
निवल ब्याज मार्जिन (%)	2.43	2.72
लागत-आय अनुपात (%)	45.87	45.56
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	(0.34)	0.06
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	(7.64)	1.18
प्रति शेयर बही मूल्य (रूपये)	120.28	138.42
ईपीएस (रूपये)	(10.53)	1.64

सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए संरचनात्मक परिवर्तन का फल अंततः वित्तीय वर्ष 2019 में देखने को मिला. दिवाला और दिवालियापन कोड (आईबीसी) के लागू होने से बैंकिंग प्रणाली में नकदी वसूली की प्रक्रिया में सुधार आया है. इसके अतिरिक्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के अग्रिमों में गैरनिष्पादित आस्तियों का अनुपात कम होना शुरू हो कर मार्च 2018 के 11.5% की तुलना में सितंबर 2018 में 10.8% हो गया है. वर्ष के दौरान गैर निष्पादक आस्ति ऋणों में गिरावट के साथ ऋण में स्थिर आंशिक वृद्धि से बैंकिंग प्रणाली के परिचालनगत कार्यनिष्पादन में अन्तर्निहित सुधार के संकेत दिख रहे हैं. तथापि, जमाराशियों में वृद्धि एक चुनौती रही है. बैंक ने जमाराशियों में बढ़ोतरी हेतु ब्याज दर भी बढ़ाए हैं और इससे बैंकिंग प्रणाली में संसाधनों का अधिक प्रवाह सुनिश्चित होगा.

वित्तीय वर्ष 2019 में बैंक की घरेलू जमाराशियों में वित्तीय वर्ष 2018 के 6.1% की तुलना में 10.9% की वृद्धि हुई है. घेरलू अग्रिम वृद्धि 14.2% रही जो बैंकिंग उद्योग की वृद्धि स्तर से अधिक है तथा इससे निवल ब्याज आय (एनआईआई) में 20.4% की बढ़ोतरी दर्ज की गई. इस प्रकार घेरलू तथा अंतर्राष्ट्रीय मार्जिन दोनों में बढ़ोतरी दर्ज हुई. वित्तीय वर्ष 2019 में निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.43% से सुधरकर 2.72% हुई. लागत-आय अनुपात आंशिक कमी के साथ 45.56% रहा.

बैंक ने 12.3% की वृद्धि के साथ रू 13,486.8 करोड़ का परिचालनगत लाभ दर्ज किया. कुल प्रावधान (कर के अलावा) एवं आकस्मिकताएं में 13.6% और एनपीए के लिए प्रावधान में 14.2% की कमी दर्ज की गई. बैंक ने रू 433.5 करोड़ का निवल लाभ पोस्ट किया.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)

% में अनुपात

	31.03.18	31.03.19
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III	12.13	13.42
सीईटी-I	9.23	10.38
टीयर-I	10.46	11.55
टीयर-II	1.67	1.87

दिनांक 31 मार्च, 2019 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) और सीईटी-1 के अनुसार क्रमशः 13.42% और 10.38% रहा. समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.52% रहा.

दिनांक 31 मार्च, 2019 को बैंक की निवल मालियत रू 36,620 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी रू 530 करोड़ रही, प्रारक्षित निधि रू 31,047 करोड़ रही (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियां और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) और आबंटन हेतु लंबित शेयर आवेदन राशि रू 5,042 करोड़ रही. शेयर (अंकित मूल्य रू 2) की बुक वैल्यू रू 138.42 रही.

लाभांश

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लाभांश प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता मानदंड पर खरा नहीं उतर पाने के कारण बैंक वर्ष 2018-19 के लिए लाभांश भुगतान करने हेतु पात्र नहीं है.

प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक अर्थव्यवस्था

चालू वर्ष में वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आई है और यह कैलेंडर वर्ष 2017 में 3.8 % तक बढ़कर और अब पुनः घटकर कैलेंडर वर्ष 2018 में 3.6 रही. इस कैलेण्डर वर्ष की दूसरी छमाही में इसमें आई गिरावट स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार वर्ष 2020 में 3.6% बढ़ने से पहले चालू वर्ष 2019 में वैश्विक वृद्धि की यह दर और भी घटकर 3.3% के स्तर पर आ जायगी. वैश्विक वृद्धि में आई यह गिरावट मुख्य रूप से यूरोप और चीन में आई मंदी के चलते हुई है. यहां तक कि यू.एस हाउसिंग सेक्टर में भी यू. एस. फेडरल रिजर्व की दरों में उत्तरोत्तर वृद्धि के परिणाम स्वरूप आय वृद्धि के बाद कुछ मंदी नजर आई. वैश्विक मंदी के अन्य प्रमुख कारणों में ब्रेक्जिट, यू. एस और चीन द्वारा आरोपित टैरिफ एवं यू एस राजकोषीय प्रोत्साहन में आई तेजी भी शामिल हैं.

आईएमएफ के अनुसार चालू कैलेण्डर वर्ष 2019 की दूसरी छमाही के दौरान इसमें बड़े केंद्रीय बैंकों की सशक्त वित्तीय नीतियों, अमरीका व चीन के सकारात्मक कारोबारी सम्बन्धों की संभावनाओं और चीन के राजकोषीय प्रोत्साहन के कारण कैलेण्डर वर्ष 2020 के दौरान इसमें दुबारा तेजी आयेगी. उभरते बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्था में वृद्धि के कारण इसकी दर जो कि वर्ष 2018 के दौरान 4.5 %, वर्ष 2019 में 4.4% तक थी, अब वह वर्ष 2020 के दौरान बढ़ाकर फिर से 4.8 % हो जाएगी. समुन्नत अर्थव्यवस्था से यह मामूली वृद्धि जारी रहेगी एवं कैलेण्डर वर्ष 2018 में 2.2 और कैलेण्डर वर्ष 2019 में 1.8% की तुलना में कैलेण्डर वर्ष 2020 में 1.7% रहने की संभावना है. वैश्विक विकास के लिए नकारात्मक जोखिम अमेरिका और अन्य देशों के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव का समाधान न होना और भू-राजनैतिक जोखिम के परिणामतः तेल की कीमतों में वृद्धि से पुनः उभर सकता है.

भारतीय अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2019 में मंद वृद्धि देखने को मिली जो वि.व. 2018 के 7.2% से घट कर 7% पर आ गयी. यह इन पांच वर्षों में सबसे धीमी गति की वृद्धि रही. यह गिरावट मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में चल रही मंदी के कारण हुई जोकि वि.व. 2018 में 5% की वृद्धि दर से काफी कम होकर वि.व 2019 में केवल 2.7% अपेक्षित है. खरीफ व रबी की बोई गई फसलों में कहीं-कहीं पर और समान्य से कम वर्षा के कारण हानि हुई. आंतरिक एवं बाहरी मांगों में कमी आ जाने से वर्ष की अधिकांश अवधि के दौरान विनिर्माण के क्षेत्र में मंदी का दौर रहा. राज्य सरकारों द्वारा भवन निर्माण पर अधिक व्यय करना ही रोशनी की एकमात्र किरण थी.

वित्तीय वर्ष 2019 विकास के साथ रिटेल मुद्रास्फीति की दर में वित्तीय वर्ष 2018 के 3.6% की तुलना में 3.4% गिरावट आई. ऐसा वित्त वर्ष 2019 के दौरान 0.2 % की खाद्य मुद्रास्फीति के कारण हुआ जो कि वित्त वर्ष 2018 में 1.8 % थी. दूसरी ओर कोर मुद्रास्फीति विगत वर्ष के 4.6 % के स्तर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2019 में 5.8% हो गई. वित्त वर्ष 2019 की पहली छमाही के दौरान तेल की कीमतों में वृद्धि एवं स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी व्यय में शिथिलता आ जाने से ग्राहक मूल सूचकांक में भी वृद्धि हुई. हालांकि वर्ष के अंत में कोर मुद्रास्फीति में तेजी से सामान्य हुई.

घरेलू खपत में चक्रीय मंदी देखने को मिली जहां ऑटो बिक्री में गिरावट हुई और तेल, सोना को छोड़कर अन्य वस्तुओं और इलेक्ट्रॉनिक आयातों में कमी आई. तथापि (प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि) जैसे उपायों की घोषणा और आगामी तिमाहियों में सरकारी खर्च में वृद्धि से अर्थव्यवस्था को अपेक्षित ऊर्जा प्राप्त हो सकती है. इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा वहनीय लागत पर आवास प्रदान करने और मूलभूत संरचना के विकास के लिए सरकार के प्रयासों से निकट भविष्य में अर्थव्यवस्था में निवेश की मांग पूरी हो सकेगी.

भारतीय बैंकिंग में विकास

विकास और महंगाई बढ़ने के कारण, भारतीय रिज़र्व बैंक ने पॉलिसी दर में कटौती की है. स्थिति में परिवर्तन तथा पॉलिसी दर में कटौती के पूर्वानुमान की वजह से सरकार के 10-वर्ष के बॉन्ड के प्रतिफल में कमी आई है जो वित्तीय वर्ष 2019 की पहली छमाही में बढ़ कर 8.18% प्रतिशत रहा था. यह एफपीआई बहिर्प्रवाह की पृष्ठभूमि में चलनिधि कमी के कारण हुआ. तेल की अधिक कीमतें तथा एनबीएफसी नकदी संकट भी प्रतिफल पर दबाव के कारण बने. इसके चलते भारतीय रिज़र्व बैंक रू 2.99 लाख करोड़ के ऑपेन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) तथा यूएसए स्वैप के रूप में ड्यूरेबल नकदी इन्फ्यूजन का कार्य किया. वित्तीय वर्ष 2019 के उत्तरार्ध में वैश्विक विकास में मंदी के साथ-साथ प्रमुख वैश्विक सेंट्रल बैंकों के शांतिपूर्ण आउटलुक के कारण प्रतिफल में गिरावट आई.

वर्ष के दौरान बैंकिंग प्रणाली में क्रेडिट की वृद्धि जारी रही. बैंकिंग प्रणाली का क्रेडिट विकास दिनांक 31 मार्च, 2018 के 10.0% से बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2019 को 13.2% हो गया. जमाराशियों में वृद्धि जो कम थी उनमें भी सुधार देखने को मिला और मार्च 2018 के 5.8% की तुलना में यह मार्च 2019 को 10.0% रही. यह बैंकों द्वारा अधिक ब्याज दर दिए जाने के कारण संभव हो सका.

वित्तीय वर्ष 2019 में सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में रू 1.06 लाख करोड़ तक के पुनःपूंजीकरण के कारण बैंकों में क्रेडिट वृद्धि हुई. भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधार बैंकिंग प्रणाली की दबावग्रस्त आस्तियों में अंतर्निहित सुधार के रूप में भी देखे जा सकते हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह अनुमान लगाया है कि मार्च 2019 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का कुल एनपीए अनुपात मार्च 2018 के 11.5% की तुलना में घट कर 10.3% हो जाएगा. स्लिपेज अनुपात मार्च 2018 के 7.6% की तुलना में सितंबर 2018 में 4.1% रहा. प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में भी मार्च 2018 के स्तर से महत्त्वपूर्ण वृद्धि हुई है. ये सारे सूचक आने वाले वर्षों में बैंकिंग उद्योग जगत में एक जोरदार सुधारात्मक उछाल की ओर संकेत देते हैं.

वर्ष के दौरान दूसरा महत्वपूर्ण सुधार था बैंकों का समामेलन जिसकी अनुशंसा पहले की कई समितियों जैसे कि नरसिम्हन समिति से लेकर नायक समिति ने अपनी सिफ़ारिशों में की थी. भारत सरकार ने इस ओर कदम बढ़ाते हुए तीन बैंकों, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और देना बैंक और विजया बैंक का आपस में विलय किया जिसके बाद बैंक ऑफ़ बड़ौदा देश का सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया. भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गैर अनर्जक आस्तियों के निपटान और वसूली तथा डिजिटल रूप से उधार एवं समेकन की दिशा में उठाए गए सुधारों को देखते हुए बैंकिंग उद्योग जगत में मध्यम अवधि में लाभप्रदता में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा सकती है.

व्यवसाय - कार्यनिष्पादन

हमारे बैंक के व्यवसाय - कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

संसाधन संग्रहण एवं ऋण विस्तार:

(रु. करोड़ में)

विवरण	31.03.18	31.03.19	वृद्धि (%)
जमा राशियां	**5,91,314.8**	**6,38,689.7**	**8.0%**
जिसमें से - घरेलू जमा राशियां	4,66,973.8	5,17,966.6	10.9%
अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,24,341.0	1,20,723.2	(2.9%)
घरेलू जमा राशियां	**4,66,973.8**	**5,17,966.6**	**10.9%**
जिसमें से - चालू खाता जमा राशियां	31,193.1	34,327.6	10.1%
बचत बैंक जमा राशियां	1,61,130.0	1,74,076.2	8.0%
कासा जमा राशियां	1,92,323.1	2,08,403.8	8.4%
घरेलू कासा जमा राशियां (%)	**41.2**	**40.2**	
अग्रिम	**4,27,431.8**	**4,68,818.7**	**9.7%**
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	3,24,238.5	3,70,185.0	14.2%
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	1,03,193.3	98,633.8	(4.4%)
कुल आस्तियां	**7,19,999.8**	**7,80,987.4**	**8.5%**

पिछले वर्ष की तुलना में घरेलू कासा में 8.4% की वृद्धि दर्ज हुई. वित्तीय वर्ष के लिए कासा अनुपात 40.0% से अधिक के स्तर पर बना रहा. सावधि जमाराशि में 12.7% की वृद्धि दर्ज की गई जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दुगुनी है.

कासा पोर्टफोलियो में वृद्धि करने के लिए, बैंक ने वित्त वर्ष 2019 के दौरान 94,52,510 नये खाता खोले हैं. बैंक ने अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करने और ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पाद स्वरूप को सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए हैं. बचत खाते के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को टैबलेट्स के माध्यम से डिजिटाइज्ड किया गया है, जिसमें केवल कुछ मिनटों का टर्न अराउंड टाइम है. 70% से अधिक खाते (नॉन एफआई), टैब बैंकिंग के माध्यम से खोले गए हैं. बैंक ने गैर-वैयक्तिक डेबिट कार्ड जारी करने की भी पहल की है. बैंक डिजिटल माध्यम से चालू खाते खोलने की प्रक्रिया भी शुरू करने की योजना बना रहा है.

बैंक ने कासा व सावधि जमा में वृद्धि लाने हेतु इसके अंतर्गत महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, अप्रवासियों एवं वेतनभोगियों को छूट देते हुए अलग-अलग प्रकार की नई योजनाएँ भी आरंभ की हैं. बैंक को अपने ग्राहकों से इन योजनाओं के कारण काफी अच्छा प्रतिसाद मिला है. बैंक ने अपने रिटेल ग्राहकों के लिए पाइलट आधार पर **बैंकिंग सेवा - आपके द्वार** (**डोर स्टेप बैंकिंग**) की भी शुरूआत की है.

हमारे बैंक द्वारा इस वर्ष ऑनलाइन मैट और ट्रेडिंग खाते खोलने की शुरूआत की गई है और इस क्षेत्र में बैंक अन्य अनुसूचित बैंकों के मुक़ाबले ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध कराने में अग्रणी बन गया है. एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (एएसबीए) में बैंक को वित्त वर्ष 2018 हेतु बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज (बीएसई) द्वारा आईपीओ/ एफ़पीओ के सेगमेंट के प्राइमरी मार्केट में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए पुरस्कार मिला है.

ऋण विस्तार

वित्त वर्ष 2019 के दौरान बैंक ने विविधतापूर्ण क्रेडिट पोर्टफोलियो के साथ मार्केट शेयर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज करना जारी रखा. वर्ष के दौरान बैंकिंग उद्योग जगत के 13.2% वृद्धि की तुलना में बैंक के घरेलू अग्रिमों में 14.2% की वृद्धि हुई. यह वृद्धि बैंक के खुदरा कारोबार सहित सभी वर्टिकलों में वृद्धि के कारण हुई. यह वृद्धि रिटेल ऋण में 24.2% रही जबकि आवास ऋण और वाहन ऋण में क्रमशः 22.2% और 49.4% रही तथा कॉर्पोरेट ऋण में वृद्धि 15.6% रही. वर्ष के दौरान रिटेल ऋण के तुलन में घरेलू ऋण अनुपात भी 19.6% से बढ़कर 21.5% हो गया. बैंक के अंतरराष्ट्रीय ऋण बही में भी 4.4% की गिरावट दर्ज की गई जो कि पुनः-संतुलन और क्रेता की साख पर उधार में गिरावट के कारण दर्ज की गई.

बैंक की कुल आस्तियां 31 मार्च, 2018 को रु 7,19,999.8 करोड़ से 8.5% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को 7,80,987.4 हो गईं.

परिचालनगत कार्यनिष्पादन

बैंक की परिचालनगत कार्यनिष्पादन संबंधी महत्वपूर्ण बातें निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.18	31.03.19	वृद्धि (%)
अर्जित ब्याज	43,648.5	49,974.1	14.5%
दिया गया ब्याज	28,126.8	31,290.3	11.2%
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**15,521.8**	**18,683.8**	**20.4%**
अन्य आय	6,657.2	6,090.9	(8.5%)
जिसमें से - शुल्क आय	3249.7	3,576.1	10.0%
फॉरेक्स आय	909.2	693.2	(23.8%)
ट्रेडिंग लाभ	1,877.6	989.5	(47.3%)
पीडब्ल्यूओ से वसूली	620.7	832.1	34.0%
परिचालनगत आय एनआईआई + अन्य आय	**22,179.0**	**24,774.7**	**11.7%**
परिचालनगत व्यय	10,173.4	11,287.9	11.0%
कर्मचारी व्यय	**4,606.9**	**5,039.1**	**9.4%**
अन्य परिचालनगत व्यय	5,566.5	6,248.9	12.3%
परिचालनगत लाभ	**12,005.6**	**13,486.8**	12.3%
प्रावधान	**14,796.4**	**12,788.7**	**(13.6%)**
जिसमें से - एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	14,211.7	12,192.4	(14.2%)
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	(369.0)	(35.49)	
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	768.2	138.5	(82.0%)
अन्य प्रावधान	185.5	493.3	166.1%
कर पूर्व लाभ	(2,790.7)	698.2	
कर हेतु प्रावधान	(358.9)	264.6	
निवल लाभ	(2,431.8)	433.5	

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	31.03.18	31.03.19
जमाराशियों की लागत -वैश्विक- (%)	4.50	4.68
जमाराशियों की लागत - घरेलू - (%)	5.48	5.33
जमाराशियों की लागत - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	1.33	1.89
अग्रिम पर प्रतिफल - वैश्विक - (%)	7.13	7.65
अग्रिम पर प्रतिफल - घरेलू - (%)	8.87	8.67
अग्रिम पर प्रतिफल - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	2.70	4.12
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक - (%)	2.43	2.72
निवल ब्याज मार्जिन -घरेलू - (%)	2.88	2.93
निवल ब्याज मार्जिन -अंतर्राष्ट्रीय - (%)	1.10	1.71
लागत-आय अनुपात (%)	45.87	45.56
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	(0.34)	0.06
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	(7.64)	1.18

बैंक की ब्याज आय 14.5% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2018 में रु 43,648.5 करोड़ से वित्त वर्ष 2019 में रु 49,974.1 करोड़ हुई. अग्रिमों पर आय 7.13% से बढ़कर 7.65% हुई. घरेलू अग्रिमों पर प्रतिफल वित्त वर्ष 2018 के 8.87% की तुलना में वित्त वर्ष 2019 में 8.67% रहा. यह गिरावट उच्च गुणवत्ता वाले उधारकर्ताओं को क्रेडिट मिक्स में निहित परिवर्तन के कारण हुई. अंतर्राष्ट्रीय ऋण बही में क्रेता की साख पर उधार जैसी कम मार्जिन वाले उत्पादों के महत्व को कम दर्शाते हुए आय में वृद्धि हुई. कुल ब्याज खर्च वित्त वर्ष 2018 में रु 28,126.8 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019 में रु 31,290.3 करोड़ रहा. घरेलू जमा राशियों की लागत जो वित्त वर्ष 2018 में 5.48% थी वह वित्त वर्ष 2019 में घटकर 5.33% हुई. वैश्विक स्तर पर प्रचलित ब्याज दर के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय बहियों में जमा राशियों की लागत 1.33% से बढ़कर 1.89% हुई. बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष 2018 के रु15,521.8 करोड़ के स्तर में 20.4% वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2019 में 18,683.8 करोड़ के स्तर पर पहुंची. शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2019 के दौरान 2.43% से बढ़कर 2.72% हुई. घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय एनआईएम क्रमशः 2.88% से बढ़कर 2.93% तथा 1.10% से बढ़कर 1.71% हो गया. बैंक का ट्रेजरी अभिलाभ 47.3% की गिरावट के साथ रु 989.5 करोड़ हो जाने के कारण अन्य आय भी 8.5% की गिरावट के साथ रु 6,090.8 करोड़ रही. बट्टाकृत खातों में वसूली 34% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु 832 करोड़ के उच्च स्तर पर रही.

वित्त वर्ष 2019 में परिचालन व्यय 11.0% की वृद्धि के साथ रु 11,287.8 करोड़ रहा. कर्मचारी लागत वर्ष के दौरान 9.4% की वृद्धि के साथ रु 5,039.1 करोड़ रही एवं अन्य परिचालन व्यय 12.3% की वृद्धि के साथ रु 6,248.9 करोड़ रहा. बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2019 के दौरान 12.3% की वृद्धि दर्शाते हुए रु 13,486.8 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2019 में कुल प्रावधान (कर के अलावा) एवं आकस्मिकताएं 13.6% की गिरावट के साथ रु 12,788.7 करोड़ तथा एनपीए पर प्रावधान 14.2% की गिरावट के साथ रु 12,192.4 करोड़ रहा. परिणामस्वरूप बैंक ने वित्त वर्ष 2018 में हुई रु 2,431.8 करोड़ की हानि के सापेक्ष वित्त वर्ष 2019 में रु 433.5 करोड़ का लाभ दर्ज किया.

बैंक की मध्यम व दीर्घावधि कार्यनीति

बैंक ने भविष्य में विश्वस्तरीय बैंक होने के लिए अनेक कार्यनीतियां तैयार की हैं. बैंक आंकड़ों (डाटा) के सामर्थ्य, डिजिटाइजेशन एवं तकनीक के माध्यम से बैंकिंग के रूपांतरण में विश्वास रखता है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा न सिर्फ अपने आईटी के आधार को मजबूत करने बल्कि आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म सृजित करने हेतु महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है और तकनीक क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों और/ अथवा फिनटेक जैसे स्टार्टअप से साझेदारी कर रहा है, ताकि अगली पीढ़ी के ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान कर सके. बैंक ने एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता हेतु दो अत्याधुनिक व विशिष्ट केंद्रों की स्थापना की है जिनसे इन क्षेत्रों में हम और भी सक्षम हो सकें. बैंक ऐसे प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है जिससे ग्राहक विभिन्न तरह के ऑनलाइन लेन-देन कर सके और सरलतम बैंकिंग सुविधाएं और जानकारियां प्राप्त कर सके. बैंक ऑफ़ बड़ौदा एक ज्ञानार्जन संगठन के रूप में भी विकसित होने हेतु अपने कार्मिकों के ज्ञानवर्द्धन के लिए भी पर्याप्त निवेश कर रहा है. बैंक परिचालन के विकेंद्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन पर बल दे रहा है जिससे कर्मचारी ग्राहकों के प्रति अपनी भूमिका पर अधिक ध्यान दे सके.

प्रोजेक्ट नवोदय - बैंक के रूपांतरण की यात्रा

मध्यम और दीर्घकालीन रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए नवोदय परियोजना का परियोजना प्रबंधन कार्यालय (पीएमओ) कारोबार इकाइयों और सहयोगी कार्यों जैसे कि आईटी, एचआर, परिचालन व सेवाएं में बहुआयामी पहलों पर नजर रखता है.

रुपांतरण की यात्रा के एक भाग के रुप में विभिन्न कारोबारों में किए गए रणनीतिक पहल के साथ-साथ शेयर्ड सेवाएं केन्द्र भी केन्द्रीकरण और डिजिटाइजेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जिससे ग्राहकों के लिए लगने वाले समय में कमी आती है और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्राप्त होती है. बैंक 'ब्रिकी और सेवा' की तर्ज पर अपने परिचालनात्मक इकाइयों में बड़ा परिवर्तन ला रहा है. जमा खाते अब डिजिटल मोड में टैबलेट पर खोले जा रहे हैं और केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र में ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग की जा रही है. बैक ऑफिस कार्य शाखाओं से हटाए गए हैं जिससे शाखाएं अपना समय अधिक उत्पादक ढंग से ब्रिकी और विपणन प्रतिनिधियों पर लगा सकेंगी. बैंक इससे उच्चतर उत्पादकता और बेहतर नियंत्रण वातावरण के बनने से लाभान्वित होता है.

कृषि, ई-कॉमर्स व फिनटेक के क्षेत्र में बाजार में नामी संस्थाओं के साथ रणनीतिक गठबंधन किए जा रहे हैं जिससे बाजार में बैंक का कारोबार और मार्केट शेयर बढ़ रहा है. अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के सरलीकरण की रणनीति व उसके साथ फंजीबल क्रेडिट लिमिट से विदेशों में अधिक लाभदायी परिचालनों का मार्ग खुला है.

एक पुनर्संरचित पुरस्कार, पहचान और कर्मचारी नियोजन फ्रेमवर्क से बैंक के कर्मचारी के साथ बैंक के विकास का सिद्धांत भी अधिक प्रभावी हुआ है. बैंक ने ग्राहक वर्ग पर अत्यधिक विशिष्ट सेवाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उत्पादों के क्रॉस सेलिंग की व्यवस्था की है. आईटी और एनालिटिक्स के उत्कृष्टता केंद्र, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत आधुनिक उपकरण अपनाते हुए व्यापार बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं.

बैंक 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी समामेलन के आलोक में इन पहलों की परिधि को व्यापक करते हुए इससे और अधिक लाभ उठाने के लिए कार्यरत है.

कॉर्पोरेट क्रेडिट

बैंक में कॉर्पोरेट ऋण सेवाएं, 10 कॉर्पोरेट वित्त सेवा शाखाओं (सीएफएस) और 4 इमर्जिंग कॉर्पोरेट शाखाओं द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं जो बैंक के कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो के लगभग 80% हिस्से का प्रबंधन करती हैं. वित्त वर्ष 2019 के दौरान कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो 15.6% की वृद्धि के साथ रु 185,943 करोड़ रहा है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कॉर्पोरेट क्रेडिट ने पूर्व में शुरू किए गए परिवर्तन के लाभों को फिर से प्राप्त किया. कॉर्पोरेट क्रेडिट संवितरण की दिशा में पुनर्सुधार के साथ वित्त वर्ष 2019 के दौरान पोर्टफोलियो के तहत ऋण गुणवत्ता में बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो कि घरेलू ऋण पोर्टफोलियो में निम्नानुसार रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन के निर्धारण से प्रतीत होता है :

क्रेडिट रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन*	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019
ए एवं उससे ऊपर	39.27%	52.37%	60.21%
बीबीबी	15.77%	14.90%	13.82%
बीबीबी से नीचे	21.80%	19.72%	15.86%
अनरेटेड	23.16%	13.01%	10.11%

* रु 5 करोड़ से अधिक के अग्रिम की बाह्य रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन

लक्ष्य बाजार दृष्टिकोण : वित्त वर्ष 2020

वर्ष के दौरान, क्रेडिट प्रदर्शन में सुधार करने, पूंजी का लाभदायक नियोजन सुनिश्चित करने, समग्र आय और लाभप्रदता का अनुकूलन करने एवं कार्यनिष्पादन तथा बढ़ते क्षेत्रों में बैंक की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्यों के आधार पर लक्ष्य बाजार दृष्टिकोण को और तीव्र बनाया गया.

इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित संरचनात्मक ढांचा अपनाया गया : -

- उद्योग आउटलुक अर्थात् बाजार के आकार, विकास सूचकांकों, मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण, लागत संरचना, प्रतिस्पर्धा, वित्तीय कार्यनिष्पादन, सरकार की नीतियों और निवेश की रूपरेखा सहित विभिन्न उद्योग मापदंडों का संयुक्त उत्पादन के आधार पर उद्योगों / क्षेत्रों की पहचान.
- एक्सपोज़र कैप, मौजूदा एक्सपोज़र तथा चालू वित्त वर्ष के लिए नए अर्जन हेतु क्षमता पर आधारित लक्ष्य बाजार ऋण देने हेतु क्षेत्रवार व्यवसाय योजना.
- परिभाषित पूर्व-चयन मानदंडों के साथ, अर्थात् रेटिंग, वित्तीय पैरामीटर जैसे कि राजस्व, कर पश्चात लाभ (पीएटी), निवल मूल्य, सकल पूंजी, वित्तीय अनुपात, अर्थात् उत्तोलन अनुपात (ऋण इक्विटी अनुपात डी / ई, नेट ऋण / ईबीआईटीडीए, लाभप्रदता अनुपात (निवल लाभ/बिक्री, सकल लाभ/ बिक्री), परिचालनगत लाभ मार्जिन, नकदी उपचय / ऋण आदि के साथ कॉर्पोरेट का निर्धारण एवं समुचित सावधानी
- व्यवसाय के अवसरों के निर्धारण, अनुमोदन एवं क्लोज़र हेतु सुव्यवस्थित कॉलिंग योजना के साथ सटीक लेखा आयोजन.
- बैंक भर में समर्पित रिलेशनशिप प्रबंधकों के माध्यम से टार्गेट मार्केट अप्रोच के तहत व्यवसाय योजना का निष्पादन.

बैंक द्वारा अपनाए गए उपरोक्त दृष्टिकोण के तहत -9- सेक्टरों के साथ -476- कॉरपोरेट्स की पहचान की गई, -121- लीड जनरेट हुई जिनमें से -87- लीड्स रु 33,127 करोड़ तक की राशि के व्यवसाय में परिवर्तित हुई. इस कार्यनीति के साथ आगे बढ़ते हुए, -809 - कॉर्पोरेट (मिड-कॉर्पोरेट ग्राहकों सहित) को वित्त वर्ष 2020 में लक्षित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है.

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु ग्राहकों के लिए उन्नत ग्राहक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एवं निर्बाध लेनदेन प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने पूरी तरह से डिजिटलीकृत और एकीकृत व्यापार प्रणाली, बड़ौदा इंस्टा (बड़ौदा एकीकृत समाधान कारोबार वित्त पहुंच के लिए), की शुरूआत की है जो स्विफ्ट सुविधायुक्त है और पूरी तरह से डिजीटल लेनदेन एवं प्रोसेसिंग क्षमता रखती है. वर्तमान में सभी आयात और निर्यात संबंधित लेनदेन बड़ौदा इंस्टा के माध्यम से किए जाते हैं. बड़ौदा इन्स्टा कार्पोरेट्स को मोर्चा एवं पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित ऑनलाइन पहुंच प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप लेनदेन का अनुरोध करना कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए सुविधाजनक होता है और इससे परिचालन सुरक्षा और बेहतर निरंतरता एवं गवर्नेंस के साथ बेहतर प्रशासन होता है. यह आकर्षक और सुविधाजनक डैशबोर्ड के साथ एक उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुप्रयोग है, जो ग्राहकों के लिए व्यापक एमआईएस, रिपोर्ट, कूरियर ट्रैकिंग, कैलेंडर (नियत तारीख रखरखाव के लिए), आदि जैसी कई विशेषताओं के साथ लेनदेन का वास्तविक समय ट्रैकिंग प्रदान करता है.

एमएसएमई ऋण

बैंक 'एसएमई लोन फैक्टरी' नामक 42 समर्पित एसएमई शाखाओं के माध्यम से एमएसएमई खंड पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और शाखाओं के व्यापक नेटवर्क द्वारा बाजार दृष्टिकोण को साधते हुए सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है.

रोजगार सृजन के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत सरकार के प्रयासों में सहयोग प्रदान करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने रु 6,023 करोड़ का ऋण प्रदान किया है. स्टैंड अप इंडिया कार्यक्रम के शुभारंभ से अब तक बैंक ने योजना के अंतर्गत अजा, अजजा एवं महिला उद्यमियों को रु 1,154 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की है. बैंक का एमएसएमई क्रेडिट पोर्टफोलियो 31 मार्च 2018 को रु 51,730 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को बढ़कर रु 55,455 करोड़ हो गया. बैंक ने वित्त वर्ष 2019 में 93,994 नए एमएसएमई ग्राहक जोड़े ट्रेड रिसीवेबल्स इलेक्ट्रॉनिक डिस्काउंट सिस्टम (टीआरईडीएस) पर एमएसएमई को प्रतिस्पर्द्धी दरों पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाने के लिए बैंक ने शुरूकिए गए तीनों टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर स्वयं को ऑनबोर्ड किया है. 31 मार्च 2019 को टीआरईडीएस व्यवसाय रु 223 करोड़ लेखांकित किया गया.

''पीएसबीलोंसइन59मिनट्स' पोर्टल के माध्यम से एमएसएमई ऋण की त्वरित मंजूरी द्वारा एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की पहल के समर्थन में कार्य करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 31 मार्च 2019 को सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रथम स्थान प्राप्त किया. जीएसटी क्रियान्वयन के कारण एमएसएमई की कार्यशील पूंजी की कमी की समस्या को दूर करने के लिए बैंक ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए जीएसटी रिसीवेबल्स के पेटे वित्तपोषण करने हेतु एक विशेष उत्पाद तैयार किया है. 31 मार्च 2019 को सप्लाई चेन फायनांस के आंकड़े रु 452 करोड़ हैं जो पूर्ण डिजिटलीकृत सप्लाई चेन फायनांस उत्पाद द्वारा समर्थित हैं और जिसने एमएसएमई ग्राहकों, विशेष तौर पर वेंडरों और ऐंकर कॉर्पोरेटों के आपूर्तिकर्ताओं को ऋण स्रोत के लिए एक नया माध्यम उपलब्ध कराया है.

इसके अतिरिक्त, बैंक के पास एसएमई क्लस्टरों को वित्तपोषित करने के लिए 6 क्षेत्र विशेष योजनाएं हैं. इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक में एमएसएमई इकाइयों को सुविधा उपलब्ध करवाने वाले उत्पादों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई जिसमें विशेष उत्पाद भी शामिल हैं. हमने रु 25 लाख से अधिक और रु 5 करोड़ तक के ऋण जोखिमों वाले एमएसएमई उद्यमों के लिए सिबिल एमएसएमई रैंक (सीएमआर) आधारित मूल्य निर्धारण नामक नई मूल्य निर्धारण नीति को अपनाया है जिससे एमएसएमई व्यवसाय को एमसीएलआर + 0.05% जैसी कम प्रतिस्पर्द्धी दरों पर बैंक वित्तपोषण प्राप्त होना संभव हो पाया है. नई व्यवसाय संभावनाओं तक पहुंचने और एनबीएफसी की तुलना में कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करने के लिए बैंक विभिन्न एनबीएफसी के साथ सह प्रवर्तन कर रहा है.

एमएसएमई खंड के लिए वाणिज्यिक वाहनों एवं निर्माण एवं खनन उपकरणों को वित्तपोषित करने के लिए बैंक ने एमएसएमई ऋण फैक्ट्री में पदस्थ एक समर्पित टीम तैयार की है. इस उद्देश्य से, वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में नया व्यवसाय प्राप्त करने के लिए बैंक ने टाटा मोटर फायनांस लिमिटेड के साथ नीतिगत गठबंधन किया है. इसके अलावा बैंक ने एक नई योजना 'वैल्यू चैन फायनांस' जो विशेष रूप से अधिकतम रु 2000 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए बनाई गई है, के अंतर्गत क्लाइंट्स के साथ करार किया है.

एमएसएमई बाजार खंड तक अपनी बेहतर पहुंच बनाने के लिए बैंक ने एसएमई लोन फैक्ट्रियों, अंचलों, क्षेत्रों एवं कार्पोरेट कार्यालय में बिक्री एवं ऋण प्रोसेसिंग के लिए एक अलग विशेष समर्पित टीम का गठन किया है. अंडरराइटिंग, त्वरित टर्नअराउंड टाइम और समय पर संग्रहण में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने दो केंद्रों पर यथा मुंबई और दिल्ली में इंटीग्रेटेड एसएमई लोन फैक्ट्री (आईएसएमईएलएफ) के माध्यम से एमएसएमई लोन प्रोसेसिंग के केंद्रीकरण का क्रियान्वयन किया है. बैंक अधिक प्रभाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं जैसे 'एक जिला एक उत्पाद' में भी सक्रिय भागीदारी कर रहा है. सरकार प्रायोजित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, एनयूएलएम और राज्य विशेष सरकारी प्रायोजित योजनाओं की बाधा रहित प्रोसेसिंग के लिए बैंक ने पूरे भारत में 13 अंचलों में सरकारी योजनाओं हेतु प्रोसेसिंग सेल (जीएसपीसी) की स्थापना की है. नवंबर 2018 में भारत सरकार द्वारा शुरूकिए गए एमएसएमई हेतु सहयोग एवं पहुंच अभियान के अंतर्गत सरल एवं सहज ऋण, नकदी प्रवाह एवं बाजार तक पहुंच की सरलता तथा कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा

जैसे महत्वपूर्ण प्रदेय कारकों के साथ बैंक को **100** जिले एवं **100** दिन समनुदेशित किए गए थे.

रिटेल ऋण

रिटेल खंड में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए बैंक ने कई स्त्रांतरण पहलों की शुरूआत की है. अर्थव्यवस्था में रिटेल ऋण के महत्व का पूर्वानुमान करते हुए बैंक ने अप्रैल 2016 से रिटेल ऋण पर ध्यान केंद्रित किया है और रिटेल बुक मार्च 2018 के रु 68,765 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2019 को रु 85,390 करोड़ हो गई जो उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी है.

इन पहलों में उच्च पात्रता की अनुमति, कमतर मूल्य एवं मानकीकृत प्रोसेसिंग के माध्यम से ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने के लिए उत्पादों एवं प्रक्रियाओं को पुनः तैयार करना शामिल है. बैंक द्वारा शुरूकी गई कुछ पहलें इस प्रकार हैं:

- जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण
- गांधीनगर एवं हैदराबाद में केंद्रीकृत प्रोसेसिंग सेल की स्थापना
- डायरेक्ट सेलिंग एजेंटों (डीएसए) को सूचीबद्ध करना
- संपर्क बिंदु सत्यापन एजेंसियों (सी पी वी) को सूचीबद्ध करना
- लोन लाइफसाइकिल प्रोसेसिंग सिस्टम का क्रियान्वयन
- टेकओवर पर केंद्रित एवं नीतिगत दृष्टिकोण
- पूर्व-अनुमोदित ऋण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन
- वसूली हेतु एक समर्पित कॉल सेंटर की स्थापना

आवास ऋण बही में 31 मार्च, 2019 तक 22.2% की वृद्धि हुई जो रु 54,612 करोड़ के स्तर पर पहुँच गए. ऑटो ऋण के क्षेत्र में अपने प्रयासों को जारी रखते हुए 49.4% की वृद्धि के फलस्वरूप पूर्व में 1% से कम की बाजार हिस्सेदारी अब बढ़कर लगभग 3% हो गयी है. ऑटो ऋण के संवितरण में भी 169.2% की वृद्धि हुई. शिक्षा ऋण के अंतर्गत नई मंजूरियों में 106.8% की वृद्धि हुई. शिक्षा ऋण के लिए मंत्रालय द्वारा आबंटित किए गए लक्ष्यों की तुलना में 48% अधिक लक्ष्य प्राप्त किया गया. बंधक ऋण बही में 74.3% की वृद्धि हुई.

ग्रामीण और कृषि ऋण

बैंक के पास ग्रामीण क्षेत्रों में 1,845 और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में 1,546 शाखाओं का नेटवर्क है जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के लिए लाभप्रद है. वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान बैंक ने 22 नई ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी शाखाएं खोली हैं. बैंक का कृषि अग्रिम 14.2% की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2018 के रु 49,583 करोड़ के स्तर से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को रु 56,623 करोड़ हो गया. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान कृषि, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, छोटे एवं सीमांत किसान (एस एंड एमएफ), सूक्ष्म उद्यम, छोटे किसानों और समाज के कमजोर वर्ग को ऋण प्रदान करने के सभी अनिवार्य लक्ष्यों को पूरा किया है तथा रु 7,700 करोड़ के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण संबंधी सर्टिफिकेट (पीएसएलसी) की बिक्री पर रु 33.0 करोड़ का शुद्ध कमीशन अर्जित किया है.

बैंक उत्तर प्रदेश और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है और पूरे देश के 48 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है.

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में अग्रणी बना हुआ है जिसे वित्तीय वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के सरकार के लक्ष्य से और गति मिली है. छोटे किसानों और समुदायों के लिए बैंक सामान्य कृषि ऋण प्रदान करने से आगे बढ़कर व्यापक ऋण की नीति पर कार्य करते हुए सभी ग्रामीण ग्राहक वर्ग के लिए कृषि यांत्रिकीकरण, बागवानी ऋण, गोदाम रसीद के पेटे वित्त पोषण, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण और समुदाय आधारित ऋण मॉडल अपना रहा है.

वर्ष के दौरान बैंक ने 2.29 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं. बड़ौदा किसान स्त्र कार्ड जोकि एटीएम समर्थित स्मार्ट कार्ड है, 13.46 लाख किसानों को जारी किए गए. अपनी सूक्ष्मवित्त पहल के स्त्र में बैंक ने रु 482.69 करोड़ की ऋण स्वीकृति द्वारा 26,630 स्वयं सहायता समूहों को लिंक किया. किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को क्रेडिट लिंकेज की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैंक ने सम्पार्श्विक प्रतिभूति मुक्त ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी उपलब्ध कराने तथा महाराष्ट्र राज्य का प्रमुख बैंक बनने के लिए लघु किसान कृषि व्यवसाय संगठन (एसएफएसी) के साथ करार किया है. 31 मार्च, 2019 तक कुल कृषि अग्रिम विनियामक अपेक्षाओं से अधिक था.

बैंक की कृषि और ग्रामीण कार्यनीति में विभिन्न कंपनियों के साथ साझेदारियों और गठजोड़ों का एक ईकोसिस्टम विकसित करने पर लगातार ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना; किसानों की आय में वृद्धि करना; और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सेवा प्रदान करना है.

बैंक एक कृषि-डिजिटल प्लेटफॉर्म - 'बड़ौदा किसान' विकसित कर रहा है. स्ट्रेटजिक कंपनियों के साथ साझेदारी कर तैयार किए जा रहे इस प्लेटफार्म का उद्देश्य अधिसूचनाओं, मौसम के पूर्वानुमानों की जानकारी, रोगमुक्त फसल, मिट्टी की नमी, कीट संक्रमण की जानकारी, मंडी की कीमतों, फसल विशिष्ट के बारे में सलाह, इनपुट खरीद (जैसे बीज, उर्वरक, कीटनाशक), किराए पर उपकरण लेने संबंधी परामर्शी सेवाएं और कृषि उपज की बिक्री के लिए नवोन्मेषी वित्तपोषण विकल्प उपलब्ध कराने से लेकर किसानों की सभी प्रमुख जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप शॉप बनना है.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा 01 अक्टूबर, 2018 से 16 अक्टूबर, 2018 तक ''किसान पखवाड़ा'' मनाया गया और इस पखवाड़े के अंतिम दिन को अंतर्राष्ट्रीय खाद्य दिवस के स्त्र में मनाने के साथ-साथ बड़ौदा किसान दिवस के स्त्र में मनाया गया. वित्तीय वर्ष 2019 में कुल 8018 चौपालें लगाई गईं जिनमें 1,621 किसान मेलों, 339 स्वास्थ्य शिविरों (मृदा/ पशु/ किसान), 4,884 किसान सभाओं और 310 वित्तीय साक्षरता शिविरों के माध्यम से 2,38,974 किसानों ने सहभागिता की.

2018 के दौरान बैंक (सार्वजनिक क्षेत्र) द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों में नवोन्मेषिता और समावेशीकरण के लिए एक्सेस असिस्ट द्वारा बैंक को 'इंक्लूशिव फाइनेंस इंडिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया. बैंक को 14वें एसोचैम वार्षिक बैंकिंग सम्मेलन -सह- सोशल बैंकिंग एक्सीलेंस अवाड्र्स- 2018 के दौरान बड़े बैंकों की श्रेणी में ''ओवरऑल बेस्ट सोशल बैंक'' में उप-विजेता सहित 4 पुरस्कार प्राप्त हुए.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण 31 मार्च, 2019 को 1,47,109 करोड़ रहा. बैंक प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण और इसके अन्य उप-घटकों के अनिवार्य स्तर से काफी ऊपर है.

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदायों को ऋण

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को बकाया ऋण का स्तर 31 मार्च, 2018 के रु 5,765 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2019 को 7,212 करोड़ हो गया. बैंक द्वारा कमजोर वर्गों को मंजूर किए गए अग्रिम का 18.31% शेयर अनु.जाति/ अनु. जनजातियों को प्रदान किया गया.

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप इंडिया एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न प्रकार की सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों के वित्त पोषण के लिए बैंक द्वारा विशेष ट्रस्ट की स्थापना की गई. इस वर्ष के दौरान, बैंक ने महिला सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ाने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्त उपलब्ध कराने के लिए तामिलनाडु, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पंजाब एवं उत्तरप्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के साथ करार किया है.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

हमारे बैंक ने 21,895 गांवों तथा अन्य अर्द्ध शहरी एवं शहरी क्षेत्रों में 15,356 बीसी एजेंटों की नियुक्ति तथा पूरे भारत में बैंक रहित क्षेत्रों में 583 शाखाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन कवरेज को बढ़ाया है. वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बेसिक बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों की कुल संख्या 372.6 लाख है जिसमें 31 मार्च, 2019 तक कुल रु 12,690 करोड़ की शेषराशि थी. शून्य शेषराशि वाले खातों की संख्या में कमी आई है जो पिछले वर्ष के 11.53% की तुलना में 9.21% हो गई है.

बैंक ने इस वर्ष डिजिटलीकरण की शक्ति का उपयोग करते हुए वित्तीय समावेशन को मजबूती प्रदान करने के लिए कई पहले की हैं.

- टैबलेट, खाता खोलने के कियॉस्क एवं व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) आउटलेट के माध्यम से ईकेवाईसी प्रमाणीकरण के द्वारा तत्काल डिजिटलीकृत खाता खोलना तथा पिन जनरेशन के साथ आधार प्रविष्टि और साथ ही माइक्रो बीमा और डेबिट कार्ड जारी करने के अंतर्गत तत्काल नामांकन;
- बीसी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में माइक्रो और टेबल-टॉप एटीएम की स्थापना एवं वर्ष के दौरान 700 एजेंटों को जोड़ते हुए सूचना एवं संप्रेषण (बीसी-आईसीटी) मॉडल का उपयोग कर व्यवसाय प्रतिनिधियों का विस्तार;
- 15,356 बीसी जो 8,823 पिनपैड और 1,882 पोर्टेबल माइक्रो एटीएम डिवाइस का प्रयोग करते हैं, को शामिल करते हुए बैंक खातों का बेहतर उपयोग, कैश-इन कैश-आउट नेटवर्क का विस्तार;
- देश में दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत बीसी एजेंटों को 185 वीसैट की सुविधा का प्रावधान;

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019 के महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन

- कुल बीसी आउटलेट के संदर्भ में 101.02% लक्ष्य प्राप्त किया गया.
- शाखाओं के माध्यम से बीएसबीडी खाता खोलने और उसमें राशि जमा करने के लिए आबंटित लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 91.3% और 132. 4% की उपलब्धि हासिल की.
- बीसी पॉइंट के माध्यम से बीएसबीडी खाते खोलने और उसमें राशि जमा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2019 हेतु आबंटित लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 233.9% और 284.6% की उपलब्धि हासिल की.

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाय) के अंतर्गत कार्यनिष्पादन की महत्त्वपूर्ण बातें

31 मार्च 2019 को पीएमजेडीवाई के अंतर्गत बैंक के पास 300.83 लाख खाते हैं जो कि पिछले वर्ष 239.29 लाख खातों की तुलना में 25.7% अधिक हैं. बढ़ते हुए पीएमजेडीवाई खातों और बकाया जमा राशियों में बैंक का बाजार हिस्सा क्रमशः 10.7% और 11.9% है. पिछले वर्ष की समाप्ति पर रु 6,595 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को पीएमजेडीवाई खातों में बकाया शेष रु 9,312 करोड़ रहा जिसमें 41.2% की वृद्धि दर्ज की गई. पीएमजेडीवाई खातों के अंतर्गत 221.5 लाख की तुलना में 276.62 लाख रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए. वर्ष के दौरान पीएमजेडीवाई खातों में आधार प्रविष्टि 83.9% से बढ़कर 88.0% हो गई.

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से कवरेज

31 मार्च 2019 को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन की स्थिति निम्नानुसार है:

	31.03.2018	31.03.2019
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (लाख में)	59.52	90.37
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (लाख में)	18.14	25.30

आधार नामांकन केंद्रों की स्थापना

भारत सरकार के दिनांक 14 जुलाई 2017 की राजपत्रित अधिसूचना के अनुसार बैंकों को प्रत्येक 10 शाखाओं पर किसी एक शाखा परिसर में न्यूनतम एक आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए. तदनुसार, बैंक ने 31 मार्च 2019 तक 608 आधार नामांकन केंद्रों की स्थापना की.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को प्रायोजित किया है: बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक. तीनों आरआरबी का समग्र व्यवसाय 31 मार्च, 2018 के रु 55,063 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2019 को 13.1% की वृद्धि के साथ रु 62,298 करोड़ रहा. तीनों आरआरबी ने समेकित रूप से गत वर्ष के रु 208.55 करोड़ के लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019 में रु 208.61 करोड़ का लाभ दर्ज किया. तीनों आरआरबी की समेकित निवल संपत्ति में सुधार हुआ है जो 31 मार्च, 2018 के रु 2,401.78 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को रु 2,620.57 करोड़ हो गई है.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

हमारे बैंक की 21 देशों में 100 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय हैं जिनमें 13 देशों में 45 विदेशी शाखाएं, बैंक की 8 विदेशी अनुषंगियों की 54 शाखाएं और गिफ्ट सिटी (एसईजेड), गांधीनगर, गुजरात, भारत में एक अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) है जो विशेष रूप से विदेशी मुद्रा का कारोबार करते हैं. इसके अलावा, बैंक का एक संयुक्त उद्यम मलेशिया में इंडिया इंटरनेशल बैंक (मलेशिया) बीएचडी है और एक सहयोगी बैंक जांबिया में इंडो जांबिया बैंक लि. है जिसकी 30 शाखाएं हैं.

वित्तीय वर्ष 2018 और 2019 के दौरान बैंक ने व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर रणनीतिक दृष्टि से अपनी विदेशी उपस्थिति को युक्तिसंगत बनाया है. चालू वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने अपनी ऑफसोर बैंकिंग यूनिट बहामास, होलसेल बैंकिंग यूनिट बहरीन और घाना में अपनी अनुषंगी को बंद कर दिया जहां तीन शाखाएं थी. इसके अलावा, ओमान की मुत्राह शाखा को ग्रेटर मुत्राह शाखा के साथ विलय कर दिया गया है और दक्षिण अफ्रीका की डरबन शाखा को जोहानसबर्ग शाखा में विलय कर दिया गया. रणनीतिक समीक्षा के आधार पर परिचालनों को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया जारी है.

बैंक की न्यूयॉर्क, लंदन, सिंगापुर, ब्रसेल्स और दुबई में विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्रों पर उपस्थिति है. अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हमारा बैंक भारतीय कॉर्पोरेट्स की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करके, भारतीय और स्थानीय रूप से निगमित कंपनियों/ फर्मों के लिए इंडिया- लिंक्ड क्रॉस बार्डर व्यापार प्रवाह आवश्यकताओं को पूरा करके और एनआरआई/ भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए पसंदीदा बैंक बनकर संवृद्धि और मूल्यवर्धन की नीति अपना रहा है. बैंक अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को नए वैश्विक परिवेश के अनुरूप निरंतर समेकित और पुनर्गठित कर रहा है और जोखिम प्रबंधन, कम अर्जन वाली आस्तियों पर ध्यान कम देने और लाभप्रदाता में वृद्धि के उद्देश्य से पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया है.

31 मार्च, 2019 तक अंतर्राष्ट्रीय शाखाओं से बैंक का कुल व्यवसाय रु 2,19,356 करोड़ रहा जो वैश्विक व्यवसाय का 19.8% रहा. कुल जमाराशियां रु 1,20,723 करोड़ रहीं जबकि निवल अग्रिम रु 98,633 करोड़ रहा. अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के लिए यह समेकन का वर्ष रहा.

कुल जमा राशियों में 2.9% की कमी हुई है जबकि कुल अग्रिमों में 4.4% की कमी आयी. व्यवसाय में कमी मुख्य रूप से बैंक के विदेशी केंद्रों को युक्तिसंगत बनाने, यूके में अनुषंगी का सृजन और क्रेता की साख पर उधार बंद करने के कारण हुई है.

यूके में अनुषंगी का निगमन

यूके में बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली नई रिटेल अनुषंगी - बैंक ऑफ बड़ौदा (यूके) लिमिटेड को 17 दिसंबर, 2018 से शुरू किया गया है. यूके परिचालन के खुदरा व्यवसाय को नई अनुषंगी में शिफ्ट किया गया है तथा होलसेल व्यवसाय को शाखा के पास ही रखा गया है. अब यूके परिचालन में बैंक की 1 शाखा एवं इस अनुषंगी की 10 शाखाएं शामिल हैं.

ट्रेजरी परिचालन

हमारा बैंक मुंबई में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित अत्याधुनिक डीलिंग रूम से ट्रेजरी परिचालनों का संचालन करता है. ट्रेजरी विभिन्न बाजारों जैसे विदेशी

विनिमय, ब्याज आय, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रही है. बैंक आधुनिक डीलिंग पद्धतियों और पूरे देश में विदेशी मुद्रा में डीलिंग करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से ब्याज दर अदला-बदली, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प और वायदा संविदा जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है.

ट्रेजरी बैंक की निधि के प्रबंधन और इनकी सुरक्षा, तरलता और इनका इष्टतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है. यह सांविधिक प्रारक्षित निधि की आवश्यकताओं की देखरेख करता है और निधि प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में कॉरपोरेट बॉन्ड, वाणिज्यिक पत्र, इक्विटी, उद्यम पूंजी, म्यूचुअल फंड आदि में निवेश करता है.

31 मार्च, 2019 को बैंक की घरेलू निवेश बही रु 1,72,412 करोड़ रही. कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों का शेयर 85.89% रहा. 31 मार्च, 2019 को एनडीटीएल के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां (भारमुक्त) 27.98% रहीं.

बैंक ने बाजार में अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावी रूप से निपटने में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है. बैंक लाभ गतिविधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसर को भुनाने में सक्षम रहा है. बैंक ने अपने पोर्टफोलियो को कुशलता से प्रबंधित किया है और 31 मार्च, 2019 तक ब्याज-युक्त निवेश पर 8.13% (बिक्री पर लाभ सहित) औसत लाभ बनाए रखा है. वित्त वर्ष 2019 के दौरान बैंक द्वारा निवेश की बिक्री पर लाभ और विदेशी मुद्रा आय क्रमशः रु 994 करोड़ और रु 445 करोड़ रही है.

सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार बैंक की कार्यनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह पूरे भारत में केंद्र/राज्य सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है. बैंक अपनी नामित शाखाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का यह एक मान्य सहयोगी बैंकर है.

बैंक भारत सरकार की डिजिटल पहल के अनुरूप केंद्र और राज्य स्तर पर कई विभागों के साथ ई-समाधान उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी कर रहा है जिससे पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में तेजी आई है. नए व्यवसायिक अवसर बढ़ाने के लिए ईपीएफओ, कर्मचारी राज्य बीमा कॉर्पोरेशन, आईआरसीटीसी, राष्ट्रीय कृषि बाजार, सरकारी ई-मार्केटप्लेस और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया गया है.

वर्ष के दौरान बैंक ने रक्षा मंत्रालय के लिए ई-एलसी समाधान हेतु आवश्यकतानुरूप सॉफ्टवेयर विकसित किया है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा सार्वजनिक क्षेत्र का एकमात्र ऐसा बैंक है जिसने बैंकों के माध्यम से ई-केवीपी सुविधा की शुरूआत की है. देशभर के सभी प्रमुख -3- पोर्ट के लिए भारतीय पोर्ट एसोसिएशन के ई-पीसीएस पोर्टल पर हमारे बैंक ने इंटीग्रेशन किया है. कांडला पोर्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं.

एपीवाई के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बैंक को पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया है.

धन संपदा प्रबंधन

वर्ष के दौरान धन संपदा-प्रबंधन विभाग निम्नलिखित पहलों के माध्यम से अपने ग्राहकों को निवेश अवसर प्रदान करने में सबसे आगे रहा है. बैंक का विशेष प्रोगाम 'बड़ौदा रेडियन्स' रिलेशनशीप मैनेजरो की समर्पित टीम के माध्यम से 'उच्च मूल्य ग्राहकों' कि आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है. बैंक का लक्ष्य अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट समाधान एवं सेवा देना है जिसके बैंक डिजिटल समाधान कर रहा है. वर्ष के दौरान शुरू की गई कुछ प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:

- सभी ग्राहकों को सुलभ निवेश अवसर और बीमा उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए "बड़ौदा वेल्थ सॉल्यूशन" डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत कि गई है. यह प्लेटफॉर्म बैंक के ग्राहकों के लिए मोबाईल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग में भी उपलब्ध होगा.
- बैंक ने किसी घटना (मृत्यु और गंभीर बीमारी) की स्थिति में ऋण जोखिम को कवर करने के लिए अपने रिटेल उधारकर्ताओं को "ग्रुप क्रेडिट लाईफ" एवं "ग्रुप सिटी केअर" उत्पाद प्रदान किया है.
- बैंक ने पोर्टेबिलिटी और निरंतर लाभ के साथ 5 हैल्थ बीमा उत्पादों की शुरुआत की है. इससे ग्राहकों को अपनी हैल्थ बीमा पॉलिसी को अपनी पसंद की बीमा कंपनी में ले जाने का लाभ मिलेगा.

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

पिछले कुछ वर्षों से अनर्जक ऋणों में बढ़ोतरी के साथ बैंक ने वसूली बढ़ाने और स्लिपेज घटाने की अपनी नीति में सुधार किया है. इसके लिए बैंक ने "दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल" का गठन किया है, जहां रु 10 लाख और उससे अधिक के सभी बड़े और मध्यम आकार वाले एनपीए खाते और सभी सरफेसी पात्र खातों को अंचल और क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी) नामक विशेषीकृत इकाइयों द्वारा संभाला जाता है. शेष खातों अर्थात् रु 10 लाख से कम के खातों को व्यवसाय प्रतिनिधियों और आउटसोर्स किए गए कॉल सेंटरों की मदद से संबंधित शाखाओं द्वारा संभाला जाता है.

बैंक के अनर्जक आस्तियों में लगातार गिरावट हुई जिसमें सकल एनपीए अनुपात 31 मार्च, 2018 के 12.26% की तुलना में गिर कर 9.61% रहा. इसी तरह, निवल एनपीए अनुपात मार्च 2018 के 5.49% की तुलना में बढ़कर 3.33% रहा.

पिछले दो वर्षों के दौरान एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2018	31.03.2019
सकल एनपीए	56,480	48,233
सकल एनपीए (%)	12.26	9.61
निवल एनपीए	23,483	15,609
निवल एनपीए (%)	5.49	3.33
एनपीए में जोड़	24,239	13,614
वसूली/ उन्नयन	5,530	8,759
टीडबल्यूओ सहित बट्टे खाते	4,984	13,102
बट्टे खातों में वसूली	621	832
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) (%)	67.21%	78.68
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोड़कर) (%)	58.42%	67.64

आस्ति वर्गीकरण के अनुसार, ऋण बही का विभाजन निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

आस्ति की श्रेणी	31.03.2018	31.03.2019
मानक अग्रिम	4,04,264	4,53,473
सकल एनपीए	56,480	48,233
कुल सकल अग्रिम	**4,60,744**	**5,01,706**
सकल एनपीए जिसमें सम्मिलित है		
अवमानक	13,131	9,014
संदिग्ध	35,447	32,398
हानि	7,903	6,821
कुल सकल एनपीए	56,480	48,233

बड़ी संख्या में लघु एनपीए खातों के निपटान के लिए, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान ओटीएस योजनाएं यथा लक्ष्य I एवं II (लक्ष्य कृषि, खुदरा एवं एसएमई) की

शुरूआत की है. बैंक ने इन योजनाओं के अंतर्गत कुल रु 639 करोड़ की समझौता राशि और रु 543 करोड़ की वसूली एवं अपग्रेडेशन राशि के साथ 109327 खातों को सेटल किया. वन टाइम सेटलमेंट ट्रेकिंग सिस्टम के नाम से एक एप्लिकेशन आरंभ किया गया है जिसमें ग्राहक निपटान संबंधी कार्रवाइयों को ऑनलाइन आरंभ कर सकता है. वसूली कार्रवाइयों और त्वरित निर्णय में सहायता (378 हाई वैल्यू वाद-दावा वाले खातों की निगरानी वॉर-रूम द्वारा की जाती है) हेतु रियल-टाइम ट्रैकिंग के लिए लीगल वॉर-रूम स्थापित किया गया.

बैंक ने रु 30 करोड़ से ज्यादा के एक्सपोजर वाले बड़े एनपीए खातों के लिए रेज़ल्यूशन कार्यनीति उपलब्ध कराने के लिए समाधान प्रदाता सेल की स्थापना की है. बहुभाषी सपोर्ट के साथ खुदरा और एसएमई क्षेत्र के ग्राहकों से समय पर वसूली के लिए 350 सदस्यों वाला कॉल सेंटर स्थापित किया गया. यह ऑन-ग्राउंड कलेक्शन के लिए फ्लीट-ऑन-स्ट्रीट स्टाफ द्वारा समर्थित है. लघु खातों में एनपीए और संभावित एनपीए वसूली के लिए बैंक के लगभग 800 अधिकारियों का एक विशेष कार्यदल गठित किया गया है. फसल ऋण में वसूली के लिए व्यवसाय प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है.

बैंक ने स्लिपेज को कम करने और वसूली में वृद्धि के लिए डेज़ पास्ट ड्यू (डीपीडी) रिपोर्ट, एनपीए मूवमेंट चार्ट, फॉरकास्टिंग डिग्रेडेशन के लिए मोक रन जैसे दैनिक डैशबोर्ड के साथ एनपीए प्रबंधन को मजबूत बनाया है. साथ ही हम एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित कर रहे हैं जो सिस्टम में दर्ज डेटा के आधार पर वसूली एजेन्टों को फील्ड में वसूली करने के लिए सक्षम बनाएगा और वसूली विवरण भी अद्यतन करेगा.

बैंक एकीकृत लिटिगेशन प्रबंधन प्रणाली (आईएलएमएस) को लागू करने की प्रक्रिया में है, जिसकी प्रायोगिक जांच पूरी हो गयी है. इस सिस्टम के माध्यम से शाखाएं डीआरटी में दायर वादों, अन्य अदालतों में दायर वादों, सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत बैंक द्वारा शुरूकी गई कार्रवाई की स्थिति की निगरानी वास्तविक समय में की जा सकती है.

इसके अतिरिक्त, बैंक ने गैर-निष्पादित आस्तियों की वसूली को आसान बनाने के लिए निरंतर आधार पर निम्नलिखित उपायों को अपनाया है:

- दैनिक आधार पर कानूनी मामलों के फॉलो-अप के लिए प्रत्येक डीआरटी में नोडल अधिकारी नियुक्त करना ताकि न्यायिक आदेश प्राप्त करने और आदेश पर कार्रवाई करने में कम से कम देरी और अधिकतम वसूली हो सके.
- ऑफिसियल लिक्विडेटर (ओएल) के साथ चर्चा करने करने के लिए अधिवक्ताओं/ परामर्शदाताओं से सहायता लेना, ताकि ओएल द्वारा वसूली प्रक्रिया को प्रभावी रूप में पूरा किया जा सके.
- ओफिसियल लिक्विडेटर के साथ विचार-विमर्श, शाखाओं में वसूली कैंपों का आयोजन, सभी स्तरों पर दबावग्रस्त खातों एवं वसूली एजेन्टों की कड़ी निगरानी और विशेषकर डीआरटी दावा-दायर एनपीए खातों में मासिक ई-नीलामी.
- वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान घोषित इरादतन चूककर्ताओं की संख्या 399 रही जिसने वस्तुतः इसकी कुल संख्या को बढ़ाकर 750 कर दिया. यह संख्या 31 मार्च, 2018 को 303 थी.

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)

बैंक ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों, प्रणालियों और संरचना में लगातार सुधार कर रहा है. बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण ने आईटी संबंधी आधारभूत सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया है. वर्ष के दौरान शुरूकी गई प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं:

- बैंक ने अपने पूर्ववर्ती ऋण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) को नए लोन लाइफसाइकल प्रोसेसिंग सिस्टम में अपग्रेड किया है. यह नई प्रणाली त्वरित ऋण संवितरण हेतु ऋण व्युत्पत्ति और ट्रैकिंग प्रक्रिया को सक्षम बनाती है तथा टर्न अराउंड टाइम में सुधार के लिए इमेज आधारित वर्कफ़्लो और बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) टूल का उपयोग करके ऋण प्रस्तावों की एंड-टू-एंड प्रोसेसिंग को सक्षम बनाती है.
- बैंक निर्णय प्रबंधन प्रणाली लागू कर रहा है जो व्यवसाय पॉलिसी निर्माताओं को पॉलिसी बनाने, जांचने, निष्पादित करने और ऋण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) के साथ एकीकृत स्कोर मॉडल, कार्यनीतियों, नियमों को बनाए रखने की क्षमता प्रदान करता है. इससे निर्णय लेने और परिचालनों की दक्षता की गुणवत्ता और निरंतरता में काफी सुधार होगा.
- बैंक उन्नत वर्जन, उन्नत यूजर इंटरफेस और नई सुविधाओं के साथ मौजूदा इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनेक्ट) को अपग्रेड करने की प्रक्रिया में है.
- बैंक अपनी शाखाओं, संपर्क केंद्रों (सीसी), रिटेल लोन फेक्ट्रियों (आरएलएफ़), स्मॉल मीडियम एंटरप्राइज़ लोन फेक्ट्रियों (एसएमईएलएफ़), सिटी सेल्स ऑफिस (सीएसओ) और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए ओरेकल सीआरएम को लागू करने की प्रक्रिया में है.
- बहुत बड़ी राशियों के संचालन के लिए, बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) वर्जन 2.0 को अपग्रेड किया. इसका उद्देश्य है सभी NPCI प्रणालियों में सरलता लाकर उनके लिए एक ही इंटरफ़ेस प्रदान करना तथा पारस्परिकता और उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव सृजित करना .
- बैंक ने सेंट्रलाज्ड कम्यूनिकेशन मैनेजमेंट (सीसीएम) सोल्यूशन लागू किया है जो ग्राहक को मासिक आधार पर विभिन्न मासिक संचार/ ई-संचार आवश्यकताओं के ऑटोमेशन को सरल बनाएगा.
- बैंक डिजिटल स्थान्तरण में तेजी लाने और आपकी डिजिटल परिसंपत्तियों के वास्तविक मूल्य को जानने की क्षमता, व्यवसाय दक्षता सृजित करने और नवोन्मेषिता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एपीआई बैंकिंग प्लेटफॉर्म को लागू करने की प्रक्रिया में है.
- बैंक ने एक स्वचालित रिकंसिलीएशन प्लेटफ़ॉर्म लागू किया है जिसे यूनिवर्सल ट्रांजेक्शन रिकंसिलीएशन सिस्टम (यूटीआरएस) कहा जाता है. यह प्लेटफॉर्म द्वि-मार्गी या बहु-मार्गी रिकंसिलीएशन को शीघ्रता से समरूप बनाने की क्षमता प्रदान करता है जिससे जोखिम कम होता है और अनुपालन का स्तर बढ़ता है.
- बैंक ने क्लाउड को अपनाने की शुरूआत की है. इस दिशा में बैंक ने पब्लिक/ कम्यूनिटी क्लाउड पर ई-मेल, ई-लर्निंग मैनेजमेंट सर्विसेज़ एंड कॉलेबरेशन टेक्नॉलॉजी सोल्यूशन लागू किया है. बैंक ने अनुपालन को मजबूत करने के लिए ईमेल संचार के लिए आर्कयवल सोल्यूशन भी लागू किया है.
- बैंक मोबाइल डिवाइस मैनेजमेंट सॉल्यूशन (एमडीएम) को लागू करने की प्रक्रिया में है, जो कर्मचारियों को दूरदराज के स्थानों से कार्पोरेट के स्वामित्व वाले और कर्मचारियों के स्वामित्व वाले (बीवायओडी) मोबाइल उपकरणों का उपयोग करके विभिन्न बैंकिंग एप्लिकेशन्स को सुरक्षित रूप से एक्सेस करने में सक्षम बनाएगा जिससे उत्पादकता एवं दक्षता में बढ़ोतरी होगी. इससे बैंक को परिचालन लागत और व्यावसायिक जोखिमों को कम करने में भी मदद मिलेगी.
- बैंक ने डाटा सेंटर के लिए अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी संरचना स्थापित की है जो अपटाइम इंस्टिट्यूट टियर -3 मानक के अनुरूप है. बैंक ने हमारे ग्राहकों को बाधारिहत सेवाएं अविरत उपलब्ध कराते रहने के लिए रुकावट के प्रत्येक बिंदु पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के साथ अलग-अलग भूकंपीय क्षेत्र में डिजास्टर रिकवरी साइट भी स्थापित किया है. बैंक ऑफ बड़ौदा ने इसके अलावा अपनी व्यावसायिक निरंतरता योजना और आपदा रिकवरी रणनीति के अंतर्गत किसी भी हानि से संपूर्ण बचाव सुनिश्चित करने के लिए कोर बैंकिंग सिस्टम (घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय) और ट्रेजरी सिस्टम हेतु नियर डिजास्टर रिकवरी सेंटर स्थापित किए हैं.

बैंक ने अपने डाटा केंद्र और शाखा/कार्यालयों में नेटवर्क प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक डाटा केन्द्र उपकरण स्थापित किया है. इसके अतिरिक्त बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग की कृत्रिम निगरानी और कोर बैंकिंग एप्लिकेशन के लिए एप्लिकेशन निष्पादन प्रबंधन भी लागू किया है. बैंक ने भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार दो उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए हैं.

आर्टिफ़िश्यल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सलेन्स (एआईसीओई)

बैंक ने एआईसीओई स्थापित किए हैं जो व्यवसायिक इकाईयों के साथ निकट संपर्क में रहकर राजस्व को गति देने और कार्यक्षमता को और अधिक कारगर करने की तकनीकी की पहचान कर उसे लागू करेगा. एआईसीओई पृथक, बाज़ार में अग्रणी तकनीकी का उपयोग व्यवसायिक लाभ के उद्देश्य से स्थापित किया गया है. एआईसीओई, कई अत्याधुनिक नवोन्मेषी कौशल जैसे कि डिज़ाइन संकल्पना, गतिशीलता, डेवओपीएस पर कार्य कर रहा है और कारोबार प्रक्रिया प्रबंधन के साथ उभरती तकनीकी में विकसित करता है. इससे रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन, एपीआई व प्लेटफॉर्म बैंकिंग की कारोबारी दक्षता में सुधार और नए उपयोग बाजार में लाने के द्वि-प्रादेश एक साथ क्रियान्वित होते है.

एनालेटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एएवंएआईसीओई)

एसीओई के अंतर्गत बैंक के उद्यम भर में डाटा तथा एनालेटिक्स तकनीकी प्लेटफॉर्म पेटाबाइट स्केल पर स्थापित किए है - दि बिग डाटा लेक- जोकि डाटा लेक जैसे अग्रणी डाटा तकनीकी व तकनीकों तथा मशीन लर्निंग व आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस से ऊर्जित है. एसीओई बैंक डाटा से इनसाइट और कार्रवाई से परिणाम तक की यात्रा करने के लिए सेवारत है. एसीओई कई व्यवसायों से मिलकर कम कर रहा है और नए मूल्य निर्माण के अवसर ढूंढते हुए बैंक की क्षमता को और अधिक बढ़ते हुए एनालेटिक्स का सहारा लेकर राजस्व बढ़ाने, लागत घटाने और जोखिम के अनुमान में सुधार करने के कार्य में जुटा है.

साइबर सुरक्षा

कई वर्षों के दौरान बैंक ने साइबर हमले से बचने के लिए सूचना सुरक्षा उपायों के साथ व्यापक साइबर सुरक्षा तंत्र के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है. बैंक के पास पूर्ण परिभाषित साइबर सुरक्षा कार्यनीति फ्रेमवर्क है जो प्रबंधन संरचना, नीतिगत फ्रेमवर्क और परिचालन नियंत्रण के समन्वयन में परिचालित होता है.

साइबर हमलों की पहचान एवं निवारण करने के लिए बैंक ने कैपटिव सुरक्षा ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) को साइबर सुरक्षा ऑपरेशन सेंटर (सी -एसओसी) में अपग्रेड किया है जो चौबीसों घंटे कार्य करता है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्रभावी तरीके से साइबर सुरक्षा हमलों की पहचान, प्रबंधन, कार्रवाई और उसके समाधान के लिए साइबर एसओसी में नई तकनीकों को जोड़ा है.

इसके आलवा, बैंक ने साइबर सुरक्षा को बढ़ाने हेतु निम्नलिखित नियंत्रणों को जोड़ा है:

- डेटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी परिचालन आईएसओ 27001:2013 मानक से प्रमाणित है जो सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का एक समूह है.
- आईटी आस्तियों के संरक्षण के लिए लागू बहु स्तरीय सुरक्षा संरचना.
- मौजूदा प्रणाली में कमियों का पता लगाने एवं त्रुटियों को सुधारने हेतु कार्रवाई करने के लिए एप्लिकेशनों एवं संरचना की आवधिक लेखापरीक्षा.
- फिशिंग साइट, अविश्वसनीय मोबाइल ऐप एवं सोशल मीडिया साइटों की संदिग्ध गतिविधियों/विषय वस्तुओं की नियमित निगरानी करना तथा एंटी फिशिंग और ब्रांड सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से इनकी पहचान कर इन पर उपयुक्त कार्रवाई करना.
- बैंक की महत्वपूर्ण संरचना को लगातार खतरों तथा ज़ीरो-डे हमले का पता लगाने तथा इनसे सुरक्षित रखने के लिए विकसित सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है.
- व्यवसाय संबंधी संवेदनशील जानकारियों के अनधिकृत प्रयोग / दुरूपयोग की पहचान तथा रोकथाम के लिए डेटा लिकेज प्रिवेंशन साल्यूशन.
- नेटवर्क स्तर पर हमले की पहचान हेतु नेटवर्क ट्रैफिक में अनियमितता और बर्ताव का पता लगाने की प्रौद्योगिकी
- बैंक ने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) से सिस्टम के बचाव के लिए तकनीक को लागू किया है तथा निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए क्लीप पाइप को प्राप्त किया है.

बैंक ने साइबर सुरक्षा और सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में ग्राहकों को विभिन्न माध्यमों जैसे कि एसएमएस, एटीएम पर्चियाँ, एटीएम स्क्रीन, डिजिटल प्रदर्शन, वेबसाइट आदि से शिक्षित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं. साथ ही कर्मचारियों को भी साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में परिपत्रों, अनिवार्य ई- लर्निंग पाठ्यक्रमों, तिमाही आईएस जागरूकता पत्रिका 'साइबर चंक्स' और ऑडियो विजुअल फिल्म तथा कई माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है. बैंक ने साइबर हमलों से बचाव के लिए सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त करने तथा अपनी क्षमताओं की जांच के लिए आईडीआरबीटी, सीईआरटी-इन जैसी एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली सुरक्षा ड्रिल में भाग लिया है. बैंक के पास आपात स्थिति में कार्य करने वाली टीम एवं साइबर क्राइसिस प्रबंधन योजना है तथा ड्रिल के माध्यम से इन योजनाओं की प्रभावशीलता की आवधिक जांच की जाती है.

डिजिटल रूपांतरण

बैंक डिजिटल बैंकिंग के प्रति कटिबद्ध है और और लेन-देनों को डिजिटल माध्यम पर अंतरित करने में लगातार प्रयासरत है जो ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक रहता है. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाय) ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए बैंक को 50 करोड़ डिजिटल लेन-देन का लक्ष्य दिया है, जिसकी तुलना में बैंक ने फरवरी 2019 तक 107.6% (यथानुपात के आधार पर) की उपलब्धि हासिल है.

डिजिटल बैंकिंग का अधिक जोर हमारे ग्राहकों को डिजिटल एवं मोबाइल चैनलों जैसे मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस, भीम आधार, मल्टीफंक्शन कियोस्क, स्वयं सेवा पासबुक प्रिन्टर आदि के माध्यम से उनके अनुकूल उत्पाद उपलब्ध कराना है. डिजिटल पहल में हमारी प्रगति निम्नानुसार है:

- **मोबाइल बैंकिंग:** बैंक ने नई एक बेहतरीन मोबाइल बैंकिंग सुविधा अर्थात् एमकनेक्ट प्लस की शुरूआत की है जो 13 भाषाओं में उपलब्ध है. यह मोबाइल सुविधा अब एनआरआई ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध है. मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता की संख्या में 116% और लेनदेनों में 108% की वृद्धि हुई है. समग्र रूप से लेनदेन की राशि 120% बढ़ाकर रु 42,162 करोड़ तक पहुंची.
- **यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई):** बैंक ने अपने सभी आरआरबी को अपनी यूपीआई एप्लीकेशन की सुविधा प्रधान की है. बैंक ने सितंबर 2018 में यूपीआई सुविधा प्रदान करने के लिए टू कॉलर ऐप के साथ करार किया है. ग्राहक सुविधा बढ़ाने के लिए, बैंक 20.03.2019 को जारीकर्ता के रूप में यूपीआई 2.0 पर लाइव हो गया है और समग्र रूप से इनमें रु 1,22,408 करोड़ के लेनदेन हुए.
- **बड़ौदा पे प्वाइंट:** बैंक ने वर्ष के दौरान बड़ौदा पे प्वाइंट लॉन्च किया है, जोकि शैक्षिक संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के सभी भुगतान और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए एक मोबाइल / वेब-आधारित फीस संग्रहण का पोर्टल है जो अतिरिक्त कासा व्यवसाय और राजस्व आय को बढ़ाने में सहायक होगा.

- **डेबिट कार्ड:** बैंक ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और जीवनशैली के अनुरूप चिप आधारित विशेषीकृत डेबिट कार्ड की सुविधा देता है. बैंक ने ग्राहकों को 72 मिलियन से अधिक डेबिट कार्ड (44 मिलियन रूपे कार्ड सहित) जारी किए हैं. बैंक ने रूपे क्यूस्पार्क (क्यूएसपीएआरसी) कार्ड लॉन्च किया है जिसे नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के रूप में भी माना जाएगा ताकि ग्राहकों को अलग से डेबिट और प्रीपेड कार्ड रखने की जरूरत न हो.
- **भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस):** बैंक के बीबीपीएस सिस्टम को ग्राहक परिचालन इकाई (सीओयू) और बीपीसीआई द्वारा बिलर ऑपरेटिंग यूनिट (बीओयू) दोनों के रूप में प्रमाणित किया गया है. बैंक नेट बैंकिंग के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग, भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग और उमंग एप्लिकेशन में बीबीपीएस सेवाएं प्रदान कर रहा है. वर्ष के दौरान बीबीपीएस के अंतर्गत लेनदेनों की मात्रा व मूल्य में क्रमशः 296% व 261% की वृद्धि हुई.
- **बड़ौदा फास्ट टैग (राष्ट्रीय ई-टोल संग्रहणन - एनईटीसी):** बैंक ने 12 जुलाई 2018 को एनईटीसी सुविधा लॉंच की और उसे बड़ौदा फास्टटैग के नाम से ब्रांड किया गया है.
- **एटीएम** : बैंक द्वारा पूरे भारत में 1406 कैश रिसाइकलर सहित 8166 एटीएम लगाए गए हैं जिनमें 95% की उपलब्धता के साथ हमारे मल्टीफंक्शन एटीएम बैंकिंग का एक सुगम सुविधायुक्त अनुभव प्रदान करते है.
- **हाईटेक डिजिटल शाखाएं :** हमारे बैंक ने हाईटेक डिजिटल शाखा को अत्याधुनिक गैजेट जैसे आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस रोबोट जिसे बड़ौदा ब्रेनी का नाम दिया गया है, हाई स्पीड और निःशुल्क वाई-फाई सेवाओं के साथ डिजिटल लैब स्थापित करके नवोन्मेषी अवधारणा विकसित की है. ग्राहकों को एक विशिष्ट स्थान भी उपलब्ध कराया जाता है जहां निवेश विशेषज्ञों द्वारा विशेषीकृत निवेश परामर्श एवं वित्तीय परामर्श दिया जाता है. ग्राहकों को संवाद करने में सहायता देने के लिए इस स्थान पर एक रिमोट टेलर (वीडियो सहायक) लगाया गया है.
- **एनएसीएच ई अधिदेश:** बैंक ऑफ बड़ौदा इंटरनेट बैंकिंग में 21 मार्च 2018 से ई-अधिदेश के लिए लाइव हो गया है. बैंक, 06 फरवरी 2019 को एपीआई अधिदेश (इंटरनेट बैंकिंग) के लिए गंतव्य बैंक के रूप में लाइव हो गया.
- **बड़ौदा प्री-पेड कार्ड**

बैंक तीन प्रकार के प्री-पेड कार्ड ग्राहकों को उपलब्ध कराता है .

ए. बड़ौदा गिफ्ट कार्ड: उपहार देने के लिए बेहतरीन विकल्प है जिसका प्रयोग देशभर में कुछ भी खरीदने के लिए किया जा सकता है.

बी. बड़ौदा ट्रेवल-ईजी कार्ड: यह एक प्रीपेड इंटेरनेशनल करेंसी कार्ड है जो तीन विदेशी मुद्राओं अर्थात् अमरीकी डॉलर (यूएसडी), यूरो और स्टर्लिंग पाउंड (जीबीपी) में उपलब्ध है. यह एक रिलोडेबल किफ़ायती कार्ड है जो विदेश यात्रा पर जा रहे निवासी ग्राहकों को जारी किया जा सकता है.

सी. बड़ौदा रिलोडेबल कार्ड : यह एक पूर्व प्रदत्त कार्ड है जो आवर्ती खर्चों के लिए उपयुक्त है, जैसे कि जेब खर्च, यात्रा भत्ता, दैनिक/ मासिक वेतन, भोजन भत्ता आदि के लिए प्रयोग किया जा सकता है.

- कैशलेस गाँव: बैंक ने विभिन्न डिजिटल उत्पादों जैसे डेबिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई , भीम क्यूआर, भीम आधार और पॉस मशीन आदि उपलब्ध कराने के माध्यम से 281 गाँव को कैशलेस गाँवों में बदल दिया है.
- अभिलेखों का डिजिटाइजेशन : पेपरलैस बैंकिंग और शाखाओं में स्थान को ग्राहकोन्मुख बनाने की दृष्टि से अभिलेखों का डिजिटाइजेशन करने के लिए दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) स्थापित की गई है. यह बैंक द्वारा एक बहुत महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके अंतर्गत 3200 शाखाओं से संबन्धित लगभग 22 करोड़ दस्तावेज़ स्कैन किए जा चुके हैं और चुनी गई शाखाओं में अब तक 2 लाख से अधिक स्क्वायरफीट की जगह खाली हुई है.

फिनटेक

बैंक वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में फिनटेक कंपनियों के जबर्दस्त प्रभाव को समझता है. बैंक ऑफ बड़ौदा वर्ष 2016 में एक समर्पित फिनटेक वर्टिकल की स्थापना करने वाला पहला बैंक बना जिसने इन कंपनियों के साथ गठजोड़ करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. मार्च 2019 तक बैंक के पास 40 से अधिक साझेदार थे जो ऋण, भुगतान और नवोन्मेषी सेवाओं के क्षेत्र में विविध फिनटेक स्टार्ट अप के साथ कार्य कर रहे थे.

वर्ष के दौरान हमारी कुछ महत्वपूर्ण पहल निम्नानुसार रहीः

1. भुगतान - टू कॉलर पे. बैंक भीम बड़ौदा पे यूपीआई सेवाओं के उपयोग से डिजिटल भुगतान के लिए 'टू कॉलर-पे' पर लाइव होने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक बन गया है. इस गठजोड़ से हमें पूरे देश से 60 मिलियन टेक-सेवी ग्राहकों तक पहुँच प्राप्त हो गई है. बैंक ने लाइव होने के 6 माह के भीतर ही 166 करोड़ रूपये के लेनदेन जेनरेट किए हैं.
2. बॉब नवोन्मेषी केंद्र - बैंक ने आईआईटी मुंबई के साथ उनके कैंपस में बॉब नवोन्मेषी केंद्र (बॉबआईसी) की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. बॉबआईसी अपनी तरह का पहला बीएफ़एसआई -एकेडेमियां साझेदार है जो कि एक सशक्त परिवेश में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराता है और जिसका लक्ष्य भारत में नवोन्मेषिता और उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देना है. बैंक का यह विश्वास है कि बॉबआईसी न केवल रोजगार सृजन में सहायता प्रदान करेगा, बल्कि यह बीएफ़एसआई उद्योग द्वारा अग्रणी तकनीकी सोल्यूशन को अपनाने पर भी ज़ोर देगा.

शेयर्ड सेवाएं

बैंक ने 4 प्रमुख कोर क्षेत्रों - ग्राहक सेवा, कार्य दक्षता, गति और जोखिम प्रबंधन- को केन्द्र में रखते हुए एक पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेस लि. (बीजीएसएस) स्थापित की है. बैंक के डीजीटाइजेशन और केन्द्रीयकरण रणनीति में यह अंतर्निहित है. कई प्रक्रियाओं को गिफ्ट सिटी, गांधीनगर और हैदराबाद स्थित अत्याधुनिक शेयर्ड सेवाएं (एसएससी) बैक-ऑफिस परिचालन केंद्रों में अंतरित कर दिया गया है. केन्द्रीयकरण से न केवल लेनदेन लागत में कमी आई है बल्कि जोखिम प्रबंधन नियंत्रण और अनुपालन में भी सुधार हुआ है.

वर्ष के दौरान एसएससी ने, शेयर्ड सर्विसेस सेंटर बैंक के बैक-ऑफिस प्रक्रियों के केन्द्रीयकरण और जोखिम प्रबंधन रूपरेखा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है. एसएससी में निम्न कार्यों का केन्द्रीयकरण किया गया है:

1. सभी जमा खाता खोलने, व्यापार व विदेशी मुद्रा कारोबार (विदेशी) और खुदरा बंधक ऋण प्रोसेसिंग का माइग्रेशन
2. पेंशन परिचालन
3. डिजिटल बैंकिंग व क्रेडिट कार्ड परिचालन
4. ग्राहकों के लिए कॉल सेंटर

कुछ चुनिन्दा शाखाओं और कार्यालयों से संबन्धित कृषि परिचालन, घरेलू व्यापार, अन्य शाखा लेनदेन (एफ़डी, खाता रखरखाव आदि) और एमएसएमई परिचालन प्रायोगिक तौर पर माइग्रेट किए जा रहे हैं. एसएससी में 800 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारी नॉन-वॉइस (लेनदेन प्रक्रिया) में और गिफ्ट सिटी के कॉल सेंटर में लगभग 750 पूर्णकालिक कर्मचारी कार्यरत हैं जिससे मुंबई और हैदराबाद में व्यवसाय निरंतरता योजना (बीसीपी) के अंतर्गत चिन्हित प्रक्रियाओं और गतिविधियों का 65% से अधिक का केन्द्रीयकरण कार्य पूरा हो गया है.

वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान एसएससी ने डिजिटल प्रोसेसिंग की दृष्टि से ग्राहकों को 24x7 घंटे सेवा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधा आरंभ की है. इससे कुल समय अवधि और हो रही त्रुटियों में भी में काफी कमी आई है जो कि विशिष्ट भूमिका और ''पहली बार सही'' की अवधारणा पर कार्य करने की वजह से है. प्रत्येक लेनदेन/उत्पाद के लिए समय और गति का अध्ययन किया गया है जिससे उपयोगिता और उत्पादकता में निरंतर सुधार हुआ है.

परिचालनगत विशिष्टताएं:

1. बीजीएसएस 24 घंटे कार्य करता है और आईएसओ प्रमाणित है.
2. सभी वर्गों में बेहतर उत्पादकता के लिए बारंबार किए जा रहे कार्यों का ऑटोमेशन और प्राथमिकता प्रोसेसिंग के लिए त्वरित माध्यमों की स्थापना पर ज़ोर. एसएससी आईटी टीम के साथ मिलकर रोबोटिक्स, एआई व मशीन लर्निंग आधारित एप्लीकेशन पर कार्य कर रहा है
3. 650 से अधिक स्टाफ को शाखाओं में बिक्री और अन्य सेवाओं के लिए भेज दिया गया है.
4. व्यापार व विदेशी मुद्रा ग्राहकों के लिए चेकबुक, स्वागत किट, ईमेल/एसएमएस अलर्ट का ऑटोमेशन

एसएससी बैंक के जोखिम प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए लेनदेन/प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर पुरजोर नियंत्रण स्थापित करता है.

विपणन

बैंक ने उत्पादों और सेवाओं की मार्केटिंग के लिए एक एकीकृत रणनीति अपनाई है जिसकी पहुंच बहु- ग्राहक संपर्क बिंदुओं तक फैली हुई है. हम नए कथनों का सृजन करते हैं जो हमारी ग्राहक सेवा को विशिष्टता देते हैं और ग्राहकों को हमारे ब्रांड के साथ जुड़े रहने में सहायक होते हैं.

वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान बैंक, सभी संचार माध्यमों में बना रहा जैसे कि प्रिंट, डिजिटल, आउट-ऑफ-होम (OOH), टेलीविज़न और रेडियो जिसमें ब्रांड के लिए एडेड और अनएडेड रिकॉल को बढ़ाने हेतु ब्रांड और उत्पाद दोनों के लिए अभियान चलाया गया था. बैंक ने डीडी नेशनल पर दो प्रायोजित शो - ''हुनरबाज़'' और ''हम हैं हुनरबाज़'', सीएनबीसी आवाज पर - ''कोशिश हमारी सफलता आपकी'' जैसे कार्यक्रमों पर अपने लाभार्थियों के वास्तविक जीवन पर आधारित प्रेरणादायक कहानियों को प्रदर्शित करके जागरूकता पैदा करना आरंभ किया है. हमारे ब्रांड एंबेसडर पी. वी. सिंधु और के. श्रीकांत ने विभिन्न दर्शकों तक पहुंचने में हमारी मदद की.

वर्ष के दौरान, बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक और देना बैंक के त्रिपक्षीय विलय की प्रक्रिया के संबंध में बैंक द्वारा एक सफल अभियान चलाया गया और इस ऐतिहासिक समामेलन की घोषणा ''बेहतर से बेहतरीन'' तथा पावर ऑफ थ्री'' थीम के साथ हुई जिसे काफी सराहा गया. बच्चों को मुख्य भूमिका में रखते हुए इस अभियान ने न केवल दिलों को जीता बल्कि तीनों ब्रांडों के सम्मिलित विरासतों को भी उजागर किया जिससे ब्रांड रिकॉल बढ़ी है.

डिजिटाइजेशन और नई युवा पीढ़ी के विस्तृत ग्राहक-आधार को ध्यान में रखते हुए, हम डेटा-लेड और मैट्रिक-संचालित डिजिटल मार्केटिंग के लिए बिल्डिंग ब्लॉक लगाने के लिए डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम का लाभ उठा रहे हैं. बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एक अभिलाषापूर्ण ब्रांड के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से बैंक ने पूरे वर्ष के दौरान 50 से अधिक डिजिटल अभियान चलाए, जो उपयुक्त सामग्री प्रदान करके डिजिटल ऑडियंस को शामिल करते हुए उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाता है और उनके अनुभवों, रिसपोन्स और क्षमताओं का लगातार विश्लेषण कर, समझ कर और सुधार कर उनकी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है. बैंक ने नेटीजेंस को शामिल करने और उनसे जुड़ने के लिए सोशल मीडिया चैनलों पर सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन और ऑर्गेनिक ग्रोथ पर ध्यान केंद्रित किया है. बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

सोशल मीडिया चैनल्स	31.03.2019 के आंकड़े (लाइक्स / फॉलोअर्स की संख्या)
फेसबुक लाइक्स	10,52,000+
ट्विटर फॉलोअर्स	68,000+
यूट्यूब सब्स्क्राइबर्स	24,300+
लिंक्डइन फॉलोअर्स	48,000+
इंस्टाग्राम फॉलोअर्स	49,200+

बैंक का शाखा नेटवर्क

31 मार्च, 2019 को, बैंक का शाखा नेटवर्क निम्नानुसार था:

	31.03.2018		31.03.2019	
	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा
घरेलू शाखाएं				
महानगरीय	1167	21.35%	1203	21.66%
शहरी	930	17.01%	959	17.27%
अर्ध - शहरी	1537	28.11%	1546	27.84%
ग्रामीण	1833	33.53%	1845	33.23%
कुल	**5467**	**100.00**	**5553**	**100.00**
विदेशी शाखाएं/ कार्यालय (अनुषंगियों की संख्या एवं प्रतिनिधि कार्यालय सहित)	106		100	

बैंक ने 92 नई घरेलू शाखाएं खोली और उनमें से 6 को मौजूदा शाखाओं के साथ मिला दिया.

करेंसी चेस्ट

वर्ष के दौरान वाडकरा (केरला) और कनेडी एवेन्यू (अमृतसर) में दो करेंसी चेस्ट के खुलने से बैंक की करेंसी चेस्ट की संख्या 98 से बढ़कर 100 हो गई. ये करेंसी चेस्ट भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंक को प्रभावी नकदी प्रबंधन और सुरक्षा में सहायता करती हैं. सभी करेंसी चेस्ट व शाखाओं में नोट सॉर्टिंग मशीन दिए गए हैं. ये करेंसी चेस्ट शाखाओं में प्रभावी नकदी प्रबंधन में भी सहायता करती हैं.

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

बैंक की विरासत में, सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु अपने विभिन्न विकास कार्यों के जरिए समाज सेवा का एक लंबा इतिहास है. एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक के तौर पर बैंक समाज कल्याण में, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों को सहायता देने और उनके जीवन में एक प्रभावी और सतत परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है. लाभदायक रोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मानव कल्याण और महिला एवं किसानों के उत्थान के लिए सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख केंद्र बिन्दु है. बैंक कई संस्थाओं को सहायता प्रदान करता है जो कमजोर वर्ग और ग्रामीण नागरिकों के सामाजिक आर्थिक कल्याण व सामुदायिक विकास कार्यों में सेवारत हैं.

बैंक ने देश में 7 राज्यों में 49 बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान (बीएसवीएस) और आरएसईटीआई केंद्र स्थापित किए हैं. ये केंद्र स्वरोजगार पाने के लिए ग्रामीण एवं अर्धशहरी केन्द्रों के युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम चलाते हैं. अब तक इन संस्थाओं ने 12,990 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिनमें 3,64,995 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 2,37,507 को रोजगार मिल गया है या उन्होंने खुद के उद्यम स्थापित किए हैं. इसमें सफलता का अनुपात 65% है. वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान आरएसईटीआई के समग्र निष्पादन/कार्यों के आधार पर हमारी 25 बीएसवीएस केन्द्रों को ''ए/ए'' (अतिउत्कृष्ट) श्रेणी प्राप्त हुई. 20 बड़ौदा आरएसईटीआई बैंक के अपने परिसर में ही कार्यरत हैं.

बैंक ने 8 राज्यों में 51 वित्तीय साक्षरता व ऋण परामर्श केंद्र (एफ़एलसीसी) स्थापित किए हैं जो ग्रामीण व शहरी जनता को औपचारिक वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न उत्पादों और सेवाओं से संबन्धित सूचना और सलाह देते हैं ये केंद्र ऐसी गतिविधियां आयोजित करते हैं जिनसे वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय योजना और किसी व्यक्ति को ऋण जाल में फंसने से बचने से संबन्धित जागरूकता बढ़े.

जोखिम गवर्नेंस एवं आंतरिक नियंत्रण

जोखिम पर अधिक ध्यान देना और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का समर्थन करने में जोखिम से निपटने और उसका प्रबंध करने हेतु बैंक के स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है. प्रायः जिसका ''बचाव की तीन पंक्तियां'' के रूप में उल्लेख किया जाता है, उन तीनों पंक्तियों में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है. ये निम्नानुसार हैं:

i. बचाव की प्रथम पंक्तिः इसमें सभी कर्मचारियों का समावेश है, क्योंकि उन्हें जोखिम का प्रभावी प्रबंधन एवं विनियमों, बैंक की पालिसियों और दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है.

ii. बचाव की दूसरी पंक्तिः इसमें जोखिम नियंत्रण के ऑनर, जोखिम प्रबंधन कार्यालय एवं अनुपालन कार्यों का समावेश है. यह बचाव की प्रथम पंक्ति से स्वतंत्र रूप से इंटरप्राइज़ आधार पर जोखिम की पहचान, आकलन, मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है.

iii. बचाव की तीसरी पंक्तिः यह आंतरिक जोखिम आधारित और अन्य लेखापरीक्षा करके आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य द्वारा उपलब्ध कराया गया स्वतंत्र आश्वासन है. इसकी समीक्षा निदेशक मंडल को यह आश्वासन उपलब्ध कराती है कि समग्र गवर्नेन्स फ्रेमवर्क तथा जोखिम गवर्नेंस फ्रेमवर्क प्रभावी है और पालिसियां और प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं तथा उन्हें निरंतर लागू किया जाता है. लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका सुव्याख्यायित है और उनका निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अवलोकन किया जाता है.

जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन

जोखिम बैंकिंग कारोबार का एक अविभाज्य अंग है और बैंक जोखिम एवं रिटर्न के बीच उचित संबंध स्थापित करना चाहता है. सतत एवं निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सक्षम जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क विकसित किया है, जिससे कि बैंक द्वारा स्वीकृत जोखिमों का ठीक से मूल्यांकन और निगरानी हो सके. बैंक अपनी कारोबार गतिविधियों को निर्धारित जोखिम की सीमा के भीतर और बैंक के निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार संचालित करता है. विभिन्न प्रकार के जोखिमों पर निगरानी रखने के कार्य को सरल बनाने के लिए निदेशक मण्डल की विनिर्दिष्ट समितियों का गठन किया गया है. बैंक ने निदेशक मण्डल की जोखिम प्रबंधन समिति का भी गठन किया है, जो विभिन्न प्रकार के जोखिमों के मध्य अंतर संबंधों का निरीक्षण करती है तथा जो इस क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समर्थित है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए गवर्निंग फ्रेमवर्क से बैंक के निदेशक मंडल या निदेशक मण्डल की समितियों द्वारा समय-समय पर नीतियां अनुमोदित की गई हैं.

बैंक के पास व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन की प्रक्रिया और दबाव परीक्षण की नीति है. सामान्य और दबाव दोनों स्थितियों के तहत पिल्लर 2 जोखिम जैसे कि तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, एकाग्रता जोखिम तथा पूंजी पर्याप्तता को मौजूदा नीतियों के अनुसार उसका मूल्यांकन करते हैं. हमारे बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों का मूल्यांकन और प्रबंधन करने के लिए प्रक्रिया की एक संक्षिप्त रूपरेखा निम्नानुसार है :

उद्यम जोखिम प्रबंधन एवं जोखिम-वहन क्षमता विवरण

व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं के लिए समग्र बैंक में सशक्त जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देने, सभी जोखिमों की जल्द पहचान, मूल्यांकन, मापन, एकत्रीकरण और प्रबंधन में मदद करने और पूंजी आबंटन की सुविधा के लिए एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण की आवश्यकता है. सभी जोखिम ओवरआर्चिंग रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क द्वारा स्वीकृत हैं और पर्याप्त रूप से सुरक्षित किए गए हैं.

बैंक सभी स्तरों पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करके और विभिन्न स्थानीय कार्यशालाओं का आयोजन करके एक मजबूत जोखिम जागरूकता संस्कृति विकसित करने का प्रयास कर रहा है.

ऋण जोखिम

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से क्रेडिट जोखिम का प्रबंधन किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरुप नीतियां, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धती को निर्धारित करते हैं. बेहतर ऋण संस्कृति और एक सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की स्थापना के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतंत्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है. स्वतंत्र मॉडल सत्यापनकर्ताओं द्वारा उनके विवेकाधीन शक्ति, सटीकता और स्थिरता के साथ क्रेडिट जोखिम मापन मॉडल को सत्यापित किया जाता है.

बैंक को इन कुछ वर्षों में आंतरिक रेटिंग में अच्छा अनुभव रहा है, जिससे 31 मार्च, 2013 से बेसल II दिशानिर्देशों के तहत क्रेडिट जोखिम के फाउंडेशन

में आंतरिक रेटिंग (एफआईआरबी) को चलाने के लिए नियामक की स्वीकृति प्राप्त करने में सक्षम बना है. आईआरबी दृष्टिकोण के अंतर्गत बैंक ने ऋण जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए अपना अनुभव सिद्ध मॉडल विकसित किया है.

बैंक ने क्रेडिट संकेन्द्रण प्रबंधन करने हेतु उद्योगों, क्षेत्रों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकशील उच्च सीमाएं तय कर रखी हैं. पोर्टफोलियो समीक्षा कक्ष, क्षेत्रवार एक्सपोजर, ऋण संकेन्द्रण, रेटिंग विभाजन तथा माइग्रेशन की समीक्षा करता है.

शेयरधारकों के लिए 'आर्थिक मूल्यवर्धन' की दृष्टि से क्रेडिट जोखिम एक्सपोजर के मूल्यांकन हेतु कॉर्पोरेट क्रेडिट एक्सपोजर के लिए रिस्क अडजेस्टेड रिटर्न ऑन असेट (आरएआरओसी) फ्रेमवर्क को भी लागू किया है.

बाजार ज़ोखिम

बाज़ार जोखिम का अर्थ बाजार दरों या ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण अर्जन या आर्थिक मूल्य के नुकसान का जोखिम है. विभिन्न बाजार उत्पादों के आर्थिक मूल्य में बदलाव मुख्य कारकों जैसे ब्याज दरों, विनिमय दरों, आर्थिक विकास तथा कारोबार विश्वास में परिवर्तन के कारण है. बैंक ने अपने ट्रेजरी-कार्यों को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी करने के लिए पूर्णतः निर्धारित नीतियां बनाई हैं जो बाजार जोखिम स्थितियों को सम्हालती है.

बैंक दैनिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है. विदेशी मुद्रा जोखिम का दैनिक आधार पर निवल एक रात की प्रारंभिक सीमा (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, कुल गैप सीमाएं (एजीएल), व्यक्तिगत गैप सीमाएं (आईजीएल) के संदर्भ में आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है. इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है. लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि सीमा और डीलर-वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है. अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही-पोर्टफोलियो का व्यापक दबाव परीक्षण करता है.

आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम, अपेक्षित तथा अनपेक्षित नकदी तथा संपार्श्विक दायित्व को उचित लागत पर पूरा करने की असमर्थता है. बैंक में तरलता जोखिम का, प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण निर्धारणों से आकलन किया जाता है तथा मॉनीटर किया जाता है. बैंक ने तरलता मानकों पर बेसल III फ्रेमवर्क, तरलता कवरेज अनुपात, तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर घोषणा मानकों को कार्यान्वित कर दिया है. एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके जो पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण गंभीर तरलता दबाव परिवेश 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सकें. बैंक हमेशा एकल के साथ-साथ समेकित आधार पर भी एलसीआर के निर्धारित स्तर से ऊपर रहा है.

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) संवेदनशील आस्तियों और देयता के बीच अंतर के कारण उत्पन्न होता है जो कि बाजार में ब्याज दरों में परिवर्तन के साथ बैंक की आय/इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की निगरानी और उसके आकलन के लिए बैंक पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिमपूर्ण आय और इक्विटी की संशोधित अवधि जैसे जोखिम प्रबंधन टूल्स का प्रयोग करता है. [एनआईआई] निवल ब्याज आय की गतिविधियों के लघु अवधि प्रभाव का निर्धारण ''जोखिम पर आय'' एप्रोच के माध्यम से किया जाता है, इसमें वक्र जोखिम में समान हस्तांतरण, आय वक्र जोखिम, आधार जोखिम तथा अंतःस्थापित विकल्प जोखिम भी शामिल हैं. ब्याज दर बदलाव का दीर्घावधि प्रभाव इक्विटी के बाजार मूल्य (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

परिचालनगत जोखिम के व्यवस्थित, सम्पूर्ण और एकीकृत प्रबंधन के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम एसएएस एंटरप्राइज संहिता, जोखिम और अनुपालन (ईजीआरसी) का क्रियान्वयन किया है. संव्यवहार स्तर पर परिचालनगत जोखिम को कम और नियंत्रित करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने केवायसी/एएमएल/सीएफटी दृष्टिकोण से सभी घरेलू संव्यवहारों की निगरानी करने के लिए केंद्रीकृत संव्यवहार निगरानी इकाई की स्थापना की है. बैंक ने कई बैक ऑफिस गतिविधियों को केंद्रीकृत करने के माध्यम से संव्यहारों (बैक ऑफिस) को कार्यान्वित करते हुए ग्राहक इंटरफेस (फ्रंट ऑफिस) को अलग किया है. फोरेक्स लेनदेन में परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए बैंक ने फोरेक्स लेनदेन के लिए केंद्रीकृत ट्रेड फ़ाइनेंस बैक ऑफिस (टीएफ़बीओ) की स्थापना की है.

प्रमुख जोखिम संकेतक कार्यक्रम (केआरआई), जोखिम नियंत्रण और स्व मूल्यांकन कार्यक्रम (आरसीएसए) और मूल कारण विश्लेषण की शुरूआत ने नियंत्रण के परिवेश को और मजबूत किया है.

बेहतर धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक, इंटरप्राइज फ्रॉड रिस्क मैनेजमेंट सोल्यूशन (ईएफआरएमएस) के प्रथम चरण का क्रियान्वयन कर चुका है एवं द्वितीय चरण को लागू करने की प्रक्रिया में है.

बासल III कार्यान्वयन

भारतीय बैंकों द्वारा 1 अप्रैल 2013 से बासेल III पूंजी विनियमों का कार्यान्वयन किया गया है. इस कार्यान्वयन के लिए एक ओर पूंजी की व्यापक गुणवत्ता एवं मात्रा की आवश्यकता होती है, वहीं दूसरी ओर परिष्कृत प्रकटीकरण की भी आवश्यकता है. बैंक की कोर पूंजी में सुधार करने तथा वृद्धि करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मार्च 2016 में एफ़सीटीआर, डीटीए तथा पुनर्मूल्यन आरक्षित निधियों को शामिल करने के लिए नए उपाय किये हैं. बैंक ने मार्च 2016 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) रखना शुरू किया है और वित्त वर्ष 2020 तक 2.5% के निर्धारित न्यूनतम स्तर को प्राप्त कर लेगा .

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित ट्रांजिशनल व्यवस्था के अनुसार नियामक अनिवार्य तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) को भी बनाए रखा है.

अनुपालन

अनुपालन कार्यकलाप बैंक के कार्पोरेट गवर्नेंस संरचना में एक महत्वपूर्ण घटक है. बैंक ने अच्छी तरह से प्रलेखित अनुपालन नीति के साथ साथ एक सुदृढ़ अनुपालन प्रक्रिया को स्थापित किया है जो बैंक के अनुपालन का दर्शन, भूमिका और अनुपालन विभाग का गठन, उसके स्टाफ की संरचना और उनकी विशेष जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है.

अनुपालन प्रणाली बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धन और निदेशक मंडल को लागू कानूनों, नियमों और वैश्विक मानकों पर सलाह देती है और इस क्षेत्र में हो रही प्रगति से उनको अवगत कराती है. यह बैंक के व्यवसाय स्टाफ और नामित अनुपालन अधिकारियों के साथ साथ कर्मचारियों के लिए आवधिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के द्वारा अनुपालन के मामलों पर उन्हे शिक्षित करती है. इस उद्देश्य के लिए बैंक की साइट पर नॉलेज मैनेजमेंट टूल को भी अपलोड किया गया है. बैंक ने अनुपालन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक में प्रत्येक स्तर पर प्रमाणीकरण और विभिन्न नियामक, सांविधिक और आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबन्धन समाधान को कार्यान्वित किया है.

केवायसी / एएमएल अनुपालन

बैंक के पास एक सुपरिभाषित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीति है. इस नीति के आधार पर, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत बैंक के केवायसी मानदंडों, एएमएल मानकों एवं सीएफटी उपायों तथा बैंक के दायित्वों को कार्यान्वित किया जाता है. बैंक के पास वित्तीय आसूचना एकक (एफआईयू - आईएनडी) को प्रस्तुत करने के लिए नकद लेन-देन रिपोर्ट (सीटीआर) को इलेक्ट्रानिक रूप से जनरेट करने हेतु विस्तृत प्रणाली है. बैंक इलेक्ट्रानिक रूप से जाली मुद्रा रिपोर्ट (सीसीआर), गैर लाभकारी संगठनों की लेन-देन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांस्फर (ईएफटी) रिपोर्ट को एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली के पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करता है.

बैंक ने केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) की स्थापना की है और ग्राहकों के खातों में संदिग्ध लेन-देन पैटर्न की निगरानी और पहचान तथा सिस्टम में पूर्व परिभाषित अलर्ट मानदंड के आधार पर सिस्टम आधारित लेन-देन अलर्ट जनरेट करने के लिए एक एएमएल सॉल्यूशन स्थापित किया है.

ग्राहकों के खातों का अर्धवार्षिक आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुरूप धन शोधन जोखिम वर्गीकरण करने के पश्चात उच्च जोखिम वाले ग्राहकों का अर्धवार्षिक आधार पर पुनः केवाईसी किया जाता है. इस उद्देश्य से, बैंक ने ऐसे ग्राहकों की पहचान एवं उनके लिए सूचना जनरेट करने तथा उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज़ जमा करने संबंधी सूचना प्रेषित करने हेतु स्वचालित प्रक्रिया विकसित की है.

बैंक ने ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के लिए ग्राहकों की स्वैच्छिक घोषणा पर यूआईडीएआई के साथ मिलकर आधार आधारित ई-केवाईसी भी लागू किया है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार बैंक अपने सभी मौजूदा ग्राहकों के लिए विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) आवंटित करने की प्रक्रिया में है और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार वैयक्तिक ग्राहकों को सीकेवायसी नंबरों के आवंटन के लिए सेंट्रल केवायसी रजिस्ट्री को लागू किया है. लाभार्थी स्वामित्व के संबंध में दिशानिर्देशों का सख्ती से अनुपालन हो रहा है.

आंतरिक लेखा परीक्षा

बैंक का केन्द्रीय आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए उत्तरदायी है. सीआईएडी शाखाओं और कार्यालयों की जोखिम आधारित लेखा परीक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा करता है. निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति समग्र आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों की निगरानी करता है और बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा, आईएस लेखापरीक्षा और अन्य सभी लेखापरीक्षा कार्यकलापों को प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है. समिति बैंक में कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति और आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के कार्यकलापों की निगरानी करती है.

सीआईएडी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति द्वारा लिए गए निर्णय की आवधिकता के अनुसार तेरह अंचल आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग के माध्यम से शाखाओं / कार्यालयों के आंतरिक लेखा परीक्षण का कार्य करता है. बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत कवर हैं. वित्त वर्ष 2019 के दौरान लेखापरीक्षित 4,881 शाखाओं में से 4,151 शाखाएं (85.0%) न्यूनतम जोखिम में थी, 627 शाखाएं (12.9%) मध्यम जोखिम में थी,101 शाखाएं (2.1%) उच्च जोखिम में थी और 2 शाखाएं (0.04%) अत्यधिक उच्च जोखिम वर्ग में थी.

बैंक ने प्रौद्योगिकी, इमेजिंग समाधान और डिज़ीटलीकरण के उपयोग के द्वारा गतिविधियों के केन्द्रीकरण पर ध्यान केन्द्रित करने वाली प्रक्रियाओं के साथ लेखापरीक्षा की व्यापक समीक्षा के लिए एक स्वतंत्र फर्म की सेवाएं ली है. लेखापरीक्षा रूपांतरण प्रक्रिया पूरी हो गई है और वित्तीय वर्ष के दौरान संशोधन के अंतर्गत संशोधित लेखापरीक्षा पद्धति की शुरूआत हो गई है.

ग्राहक सेवाएं

बैंक ने एक उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव प्रदान करने की दिशा में ध्यान केंद्रित किया है. हमारा निरंतर यह प्रयास रहा है कि हम इस उद्योग में बेंचमार्क स्थापित करें तथा उत्पादों की उन्नति/नवोन्मेषिता, प्रक्रिया एवं सेवाप्रदाता के रूप में अग्रणी रहें जो कि हमारे ग्राहकों को निर्बाद्ध सेवा प्रदान करने के लिए अनिवार्य है. हम ग्राहक सेवा में उतरोत्तर सुधार हेतु वॉइस ऑफ कस्टमर्स एवं एम्प्लोई, ग्राहक अनुभव में संगठन के लक्ष्य से जुड़े ग्राहक अनुभव लक्ष्य, ''ग्राहक प्रथम की संस्कृति'' का निर्माण करने तथा अनुभव (उत्पाद डिजाइन, प्रणाली एवं प्रक्रियाओं) को नया स्वरूप देते हुए उनकी आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं के बीच के अंतर को समझने एवं उसकी पहचान की दिशा में लगातार सक्रिय रहे हैं.

इस वर्ष हर संपर्क स्थल से सेवा में सुधार हेतु ''ईज़ ऑफ बैंकिंग'' केंद्र में रहा. ''ईज़ ऑफ बैंकिंग'' (पहुँच विस्तार एवं सेवा उत्कृष्टता) को सुनिश्चित करने के लिए पूरे वर्ष कई पहलें की गईं. बैंक ऑफ बड़ौदा को 'ईज़ ऑफ बैंकिंग' जो कि भारत सरकार द्वारा शुरूकी गई एक महत्वपूर्ण पहल है, उसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एक उत्तम प्रथा को आत्मसात करने व श्रेष्ठ ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है.

बैंक द्वारा इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम निम्नानुसार हैं:

- बैंक के पास बीमा और निवेश सहित वित्तीय सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला है जो ग्राहकों को 'वन स्टॉप शॉप एक्सेस' उपलब्ध कराते हैं. बैंक ने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में चुनिन्दा ग्राहक सेगमेंट हेतु सेवा एवं विपणन कार्यनीति को अनुकूलित किया है. सभी बड़े शहरों में ''बड़ौदा रेडियन्स'' की शुरूआत की गई है. हमारे सभी ग्राहकों को अब निवेश एवं धन प्रबंधन सेवाएँ उपलब्ध हैं. बैंक के पास सर्वश्रेष्ठ निवेश सलाहकार और रिलेशनशिप मैनेजर हैं. ''बड़ौदा रेडियन्स'' ग्राहकों की सहायता हेतु अब एक समर्पित फोन बैंकिंग टीम उपलब्ध है.

- बैंक के लोकप्रिय मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के साथ घर से और मोबाइल से बैंकिंग में कई बार प्रयोग किए जाने वाले विकल्पों तथा फंक्शन (नामांकन पंजीकरण, खाता अंतरण हेतु अनुरोध, मीयादी जमा बंद करना, संपर्क स्थलों पर खाता विवरण एक नजर में) को जोड़ते हुए मोबाइल बैंकिंग को और अधिक आसान बना दिया गया है. बेहतर प्रयोक्ता अनुभव प्रदान करने हेतु इंटरनेट और अन्य विभिन्न डिजिटल एप्लिकेशन के नए फंक्शन के साथ इसे उन्नत बनाया जा रहा है.
- बैंक ऑफ बड़ौदा का संपर्क केंद्र अंग्रेजी और हिन्दी के अतिरिक्त 6 क्षेत्रीय भाषाओं के साथ उपलब्ध है. यह आपातकालीन स्थिति (कार्ड ब्लॉकिंग, पुनः जारी, भुगतान पर रोक), पूछ-ताछ अथवा शिकायतों को हैंडल करने के लिए 24 x 7 उपलब्ध है. यह हमारे 4 विदेशी स्थानों- मॉरीशस, बोत्सवाना, ओमान एवं युगांडा को भी सहायता प्रदान करता है.
- बैंक ने ग्राहकों को और अधिक सुविधा सुनिश्चित करने के लिए शिकायत मशीनरी में 'एंड टु एंड सुधार' का कार्य आरंभ किया है. इन सुविधाओं में एक व्यापक एवं सुस्थापित नीति, वास्तविक समय के आधार पर शिकायत की स्थिति की ट्रैकिंग, समय सीमा में स्वतः एस्केलेशन, दस्तावेज़ संलग्न करने हेतु विकल्प, समाधान की गुणवत्ता पर प्रतिक्रिया का विकल्प एवं शिकायत की पुनः सुनवाई के विकल्प भी शामिल हैं.
- सर्वोच्च स्तर पर, बैंक ने ग्राहक सेवा समिति का गठन किया है, जो बोर्ड की एक उप-समिति है जो ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से नीतियों के निर्माण और उनके अनुपालन के मूल्यांकन से संबंधित मुद्दों पर विचार करती है. बैंक ने ग्राहक सेवाओं पर प्रक्रिया और कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा पर एक स्थायी समिति भी बनाई है. इसके सदस्यों में दो प्रख्यात सार्वजनिक व्यक्तित्व, सभी कार्यपालक निदेशक और बैंक के सात विभाग प्रमुख शामिल हैं. यह समिति विद्यमान पद्धतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करती है और ग्राहक सेवा पर भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों का समय पर और प्रभावी अनुपालन देखती है. इसके अलावा, शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा समितियाँ हैं जो ग्राहकों से सीधे बातचीत करती हैं.
- जबकि बैंक का ध्यान घर से बैंकिंग सुविधा को उन्नत करने पर है, तथापि आपका बैंक मिस्ट्री शॉपिंग/सेवा लेखा परीक्षा के माध्यम से शाखाओं के व्यापक नेटवर्क द्वारा प्रदान की जा रही सेवा स्तर की निगरानी भी कर रहा है. बैंक वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों हेतु ''ईएएसई'' पर विशेष फोकस करते हुए सभी ग्राहकों को बेहतर माहौल, बैठने की अधिक जगह तथा बेहतर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर रहा है. कुछ प्रमुख शाखाओं का फेसलिफ्ट किया जा रहा है तथा ग्राहक अनुभव को उन्नत करते हुए एक प्रतिस्पर्धात्मक दिशा प्रदान करने के आशय से इन्हें एक नया स्वरूप दिया जा रहा है.
- बैंक वैकल्पिक वितरण प्रणाली (एटीएम तथा कैश रिसाइक्लर के अतिरिक्त)-सेल्फ सर्विस पास बुक, मल्टी फंक्शन कियोस्क, टैब बैंकिंग, बड़ौदा पे पॉइंट, भीम आधार के साथ टाई-अप, उन्नत यूपीआई एप्लिकेशन तथा राष्ट्रीय महत्व की अन्य पहलों जैसे भारत बिल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से कठिनाई रहित बैंकिंग का परिचालन कर रहा है.
- बैंक ने विविध डिजिटल उत्पादों जैसे डेबिट कार्ड्स, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई, भीम क्यूआर, भीम आधार तथा पीओएस मशीन उपलब्ध कराते हुए 281 गावों को नकदी रहित गावों में परिवर्तित कर दिया है.
- जैसाकि पूर्व में उल्लेख किया गया है, बैंक लगातार अपनी आईटी संरचना को उन्नत कर रहा है और अपनी इस प्रक्रिया में डिज़ीटलीकरण को गति प्रदान कर रहा है. बैंक ने एक नई ऋण प्रोसेसिंग प्रणाली की शुरूआत की है जो आवेदन-पत्रों की अंतिम प्रक्रिया तक की ट्रैकिंग और ऋण संवितरण शीघ्र करता है. प्रत्येक संपर्क केन्द्र पर संपर्क और अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही एक व्यापक सीआरएम उद्यम की शुरूआत की जाएगी.
- बैंक ने 'ग्राहक प्रथम' अभियान चलाया हुआ है और विभिन्न संपर्क केन्द्रों पर ग्राहकों तथा कर्मचारियों के अनुभवों पर उनसे निरंतर सुझाव मांगे जा रहे हैं. बैंक ऑफ़ बड़ौदा एक क्लाइंट फर्स्ट न्यूजलेटर ''प्रथम'' का भी प्रकाशन करता है जो सेवा उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्यपद्धतियों की चर्चा करता है और बड़ौदियन्स के ''क्लाइंट फर्स्ट'' से हुए अनुभवों को साझा किया जाता है.

एक बैंक के साथ ग्राहक की यात्रा में बैंक द्वारा प्रस्तावित उत्पादों एवं सेवाओं संबंधी पूछताछ से लेकर डिलिवरी तक कई स्तर आते हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा बैंकिंग के हर स्तर पर ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने एवं ''ग्राहक की सराहना'' सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत है.

आपके बैंक ने फॉरेस्टर्स इंडिया सीएक्स सूचकांक, 2018 में भारतीय बैंकों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया है. फॉरेस्टर्स सीएक्स सूचकांक गणना करता है कि कंपनी ग्राहकों को किस प्रकार सफलता के अनुभव प्रदान कर रही है जिससे उनकी निष्ठा का सृजन होता है और वह बनी रहती है.

सतर्कता

बैंक में सतर्कता कार्यकलाप का लक्ष्य व्यवहार्यतः ईमानदारी से लिए गए निर्णयों का समर्थन करना तथा साथ ही साथ यह सुनिश्चित करना है कि कार्यस्थल पर कोई गलत कार्य न हो. संगठन के भीतर मौजूद ऐसी कमियों को, जिसके कारण संभाव्य वित्तीय हानि हो सकती है, पहचान कर उन्हें दूर करने के सुधारात्मक एवं निवारक उपाय पर जोर दिया जाता है.

संवेदनशील शाखाओं के लिए नियमित सतर्कता लेखापरीक्षा की जाती है और कर्मचारियों को सतर्कता न्यूज लेटर, परिपत्रों, बैठकों आदि के माध्यम से निवारक सतर्कता के पहलुओं पर जागरूक किया जाता है. सतर्कता मामलों के त्वरित निपटान को सुनिश्चित करके कर्मचारियों की जवाबदेही के मामलों की संख्या में कमी लाई गई है. ऑनलाइन सतर्कता मंजूरी, अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति तथा शिकायत प्रबंधन सिस्टम को शामिल करते हुए एक विशेष पोर्टल 'बॉब ई-विजिल' को संचालित किया गया है.

मानव संसाधन

बैंक के पास 55000 से अधिक कर्मचारियों का समृद्ध पूल है. बैंक अपने मानव संसाधन को मजबूत बनाने और विकसित करने के लिए लगातार पहल करता है जैसे भर्ती, कर्मचारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करना, कर्मचारी नियोजन और क्षमता निर्माण.

दूसरे वॉयस ऑफ़ बड़ौदियन सर्वे में 87% कर्मचारियों की भागीदारी रही, जिसमें बैंक के कर्मचारियों ने उन्हें प्रभावित करने वाले विविध पहलुओं पर अपने विचारों, सुझावों एवं अभिमत को व्यक्त किया है. बैंक द्वारा शुरूकी गई विभिन्न मानव संसाधन पहलों के परिणामस्वरूप, पिछले सर्वेक्षण में समग्र

कर्मचारी नियोजन स्तर 55% से बढ़कर 63% हो गया. बैंक को जोम्बे द्वारा सर्वश्रेष्ठ 50 पीसीआई (पीपल कैपिटल इंडेक्स) कंपनियों में सम्मानित किया गया है.

वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें की गई जिनका हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन और लाभ में प्रत्यक्ष एवं महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है.

श्रम शक्ति योजना और भर्ती:

बैंक ने विभिन्न स्तरों पर कौशल-आधारित श्रम शक्ति आवश्यकताओं के आकलन के लिए एक नया वैज्ञानिक श्रमशक्ति नियोजन मॉडल तैयार किया है. इससे बैंक को भर्ती, तैनाती, पदोन्नति, प्रशिक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक फैसले लेने में मदद मिलेगी.

19	नामांकन एवं पारितोषिक समिति Nomination and remuneration committee	बैंक में दो अलग-अलग समितियाँ, नामांकन समिति एवं पारिश्रमिक समिति है, जिनकी सरंचना एवं संदर्भ शर्ते क्रमशः भारत सरकार / भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार अधिशासित होती है. The Bank has 2 separate committees namely Nomination Committee and Remuneration Committee, the composition and terms of reference of which are governed through RBI / GOI directives respectively.
20	हितधारक सम्बंध समिति Stakeholders Relationship Committee	अनुपालन किया गया है. Complied with
21	जोखिम प्रबंधन समिति Risk Management Committee	अनुपालन किया गया है. Complied with
22	सतर्कता प्रणाली Vigil Mechanism	अनुपालन किया गया है. Complied with
23	संबंधित पार्टी लेनदेन Related party transactions	अनुपालन किया गया है. Complied with
24	सूचीबद्ध इकाइयों की अनुषंगियों के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकता Corporate governance requirements with respect to subsidiary of listed entity	अनुपालन किया गया है. Complied with
25	स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में दायित्व Obligations with respect to independent directors	विनियम 17 के अनुसार- यथा उपर्युक्त As per Regulation 17, as above.
26	निदेशक एवं वरिष्ठ प्रबंधन के संबंध में दायित्व Obligations with respect to directors and senior management	अनुपालन किया गया है. Complied with
27	अन्य कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताएं Other corporate governance requirements	अनुपालन किया गया है. Complied with
46	वेबसाइट Website	अनुपालन किया गया है. Complied with

भौतिक शेयरों को अभौतीकृत करना- एक विशेष अनुरोध:

सेबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनाक 27.03.2019 के जरिए यह निर्णय लिया है कि संप्रेषण या पुनर्व्यवस्थापन के मामले छोड़कर प्रतिभूतियों के अंतरण करने के लिए अनुरोध तब तक स्वीकृत नहीं किए जाएंगे जब तक कि वे

DEMATERIALIZATION OF PHYSICAL HOLDINGS – A SPECIAL REQUEST:

SEBI vide its Press Release No. 12/2019 dated 27.03.2019 has decided that except in case of transmission or transposition of securities, requests for effecting transfer of securities shall not

किसी डिपॉजिटरी के साथ उन्हें डिमैट रूप में धारित न हों जोकि 01.04.2019 से प्रभावी होगा. अतः हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे तुरंत अपने भौतिक शेयरों को डिमैट करवा लें.

डिमैट करवाने के लिए शेयरधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी से संपर्क करें जहां उनका डिमैट खाता है. डिमैट करवाने के निम्न लाभ हैं. 1) बाधारहित अंतरण 2) शेयर प्रमाणपत्र के खोने का कोई भय नहीं 3) लाभांश/कंपनी से प्राप्य लाभ का सीधे और तत्काल खाते में जमा हो जाना 4) नामांकन सुविधा 5) एएसबीए/आईपीओ आदि के माध्यम से सीधा आवेदन.

भौतिक/डिमैट के रूप में धारित शेयर के शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल आईडी दर्ज नहीं करवाया है उनसे अनुरोध है कि वे, भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण पहल (गो ग्रीन) के समर्थन में अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी/बैंक के आरटीए में अपना ईमेल आईडी दर्ज करवाएं.

पारदर्शिता एवं अनुपालन अधिकारी

साथ ही, निम्नलिखित अतिरिक्त कार्यकलाप भी बैंक के कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रणाली के तहत अधिक से अधिक प्रकटीकरण के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

- **पारदर्शिता अधिकारी**

केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के दिशानिर्देशों के अनुपालन स्वरूप फरवरी 2011 से बैंक ने अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है.

पारदर्शिता अधिकारी निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए उत्तरदाई है:

ए) सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) की धारा 4, जो सार्वजनिक प्राधिकारणों के दायित्व से संबंधित है, के क्रियान्वयन की निगरानी करना तथा इसकी प्रगति से उच्च प्रबंधन को अवगत कराना.

बी) सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगति के संबंध में सीआईसी के साथ इंटरफेस के रूप में कार्य करना.

सी) केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), मानद सीपीआईओ द्वारा आरटीआई अनुरोधों पर सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्रवाई के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने में मदद करना.

डी) आरटीआई संबंधित सभी विषयों के लिए आम जन के लिए संपर्क केंद्र के रूप में कार्य करना.

बैंक ने इस अधिनियम के निर्देशानुसार अपनी वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित सूचना अपलोड किया है जिसे समय समय पर अद्यतन किया जाता है.

अनुपालन संबंधी कार्य

बैंक में अनुपालन संबंधी कार्य, कार्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्य है. बैंक में इस कार्य को पर्याप्त रूप से सुचारू बनाया गया है और इसे स्वतंत्रता दी गई है. निदेशक मंडल, बैंक के अनुपालन जोखिम के प्रबंधन पर निगरानी रखता है. बैंक ने अनुपालन संबंधी कार्यों को स्पष्ट करते हुए अनुपालन नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित करवाकर एक प्रभावी और सक्रिय अनुपालन प्रणाली लागू किया है.

अनुपालन कार्य, विभिन्न अधिनियमों अर्थात् बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम तथा धनशोधन निवारक अधिनियम के सांविधिक प्रावधानों के साथ-साथ समय-समय पर जारी अन्य नियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. विदेशों में जहां पर बैंक के कार्यालय/शाखाएं स्थित हैं वहां पर भी बैंक वहां के विभिन्न नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और

be processed unless the securities are held in dematerialized form with a depository w.e.f. 01.04.2019. Hence, we request the shareholders to kindly Demat their physical holding immediately.

For dematerialization, shareholders may contact their respective Depository Participant, where they maintain their respective de-mat account. Benefits of dematerialization are as follows: i) Hassle free transfer ii) No threat of loss of share certificate iii) Direct and prompt credit of Dividend / Corporate benefits iv) Nomination facility v) Direct application through ASBA/IPO, etc.

Shareholders holding shares in Physical / Demat form and not yet registered their email IDs are requested to register their e-mail ID with RTA of Bank / their respective Depository Participant to support GOI's green initiatives.

TRANSPARENCY & COMPLIANCE OFFICER

Further, the following additional functions also enhance the Bank's commitment to more and more disclosures and compliance under the Corporate Governance mechanism of the Bank.

- **Transparency Officer**

In Compliance with the directions of Central Information Commissioner (CIC), the Bank has appointed one of the Senior Officers as Transparency Officer, since February 2011.

The transparency officer is responsible for the following functions:

a) To oversee the implementation of Section 4 of Right to Information (RTI) Act detailing with obligations of public authorities and to apprise the top management of its progress.

b) To be the interface for the Central Information Commissioner (CIC) regarding the progress in implementation of the RTI Act.

c) To help promote congenial conditions for positive and timely response to RTI requests by Central Public Information Officers (CPIS), deemed CPIOs.

d) To be a contact point for the public in all RTI- related matters.

The Bank has uploaded all the required information as required by the Act in the specified format/s on Bank's website and information is updated from time to time.

Compliance Function

Compliance function in the Bank is one of the key elements in its corporate governance structure. The compliance function in the Bank is adequately enabled and made sufficiently independent. The Board of Directors of the Bank oversees the management of the Bank's compliance risk. The Bank has put in place a robust compliance system including a well-documented and Board approved Compliance Policy outlining the Compliance philosophy of the Bank.

The Compliance Function ensures strict observance of all statutory provisions contained in various legislations such as Banking Regulation Act, Reserve Bank of India Act, Foreign Exchange Management Act, Securities and Exchange Board of India Act and Prevention of Money Laundering Act etc. as well as ensures observance of other regulatory guidelines issued from time to time. Bank also ensures adherence to regulations

मानक बोर्ड का सदस्य है और बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित मानकों और संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करता है. साथ ही बैंक आईबीए (भारतीय बैंक संघ), फेडाई (भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ) तथा फिम्डा (भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ) द्वारा जारी दिशानिर्देशों/अनुदेशों का अनुपालन भी सुनिश्चित करता है.

of various Regulatory Authorities where the Bank is having its Offices/ Branches at overseas Centers. The bank is a member of Banking Codes and Standard Board of India and ensures compliance of Standards and Codes prescribed by BCSBI. It also ensures adherence of various guidelines/instructions issued by IBA (Indian Banks Association), FEDAI (Foreign Exchange Dealers Association of India), FIMMDA (Fixed Income Money Market and Derivatives Association of India).

अनुबंध 1

निदेशक मण्डल का गठन

डॉ. हसमुख अढिया - अध्यक्ष (गैर कार्यपालक)

(जन्म तिथि: 3 नवंबर, 1958)

डॉ. हसमुख अढ़िया को भारत सरकार ने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(एच) के तहत गैर कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में दिनांक 01.03.2019 से 3 वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया है.

डॉ. हसमुख अढ़िया भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं जो भारत सरकार के केन्द्रीय वित्त सचिव एवं राजस्व सचिव के रूप में 30.11.2018 को सेवानिवृत्त हुए. वे गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति भी हैं. वे इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, बेंगलुरु के बोर्ड ऑफ़ गवर्नर के सदस्य भी हैं.

डॉ. हसमुख अढ़िया ने एकाउंटैंसी में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, बेंगलुरु से स्वर्ण पदक प्राप्त किया है और साथ ही स्वामी विवेकानंद योग विश्वविद्यालय, बेंगलुरु से योग में पीएचडी की उपाधी भी प्राप्त की है.

वित्त सचिव बनने से पहले वे नवंबर, 2014 से अगस्त, 2015 के दौरान भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव थे. सचिव, वित्तीय सेवाएं के रूप में इन्हें कई नई कार्यनीतियां लागू करने का श्रेय प्राप्त है जैसे कि बैंकिंग सुधार के लिए ज्ञान संगम व इंद्रधनुष कार्यक्रम और साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और लघु ऋण के लिए मुद्रा योजना.

वित्त/राजस्व सचिव के रूप में उन्हें, आयकर, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर में कर अनुकूल पहल करने का श्रेय प्राप्त है. साथ ही उन्होंने विधिवत जीएसटी लागू करने का कार्य संचालन भी किया जिससे जीएसटी सुचारू रूप से लागू हो सका. उन्हें, कालाधन के खिलाफ निरंतर प्रयासरत रहने के लिए भी जाना जाता है.

वित्त मंत्रालय में तैनाती से पहले उन्होंने कई अन्य पद संभाले जैसे कि गुजरात के मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव (2003-06), प्रधान सचिव (शिक्षा), गुजरात (2008-13), अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) गुजरात (2013-14), उद्योग आयुक्त, गुजरात (2001-02), गुजरात औद्योगिक निवेश निगम और गुजरात औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक.

श्री पी एस जयकुमार - प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कार्यपालक)

(जन्मतिथि - 8 अप्रैल 1962)

श्री पी. एस. जयकुमार की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक के रूप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर 13.10.2015 से 3 वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए की गई है. श्री पी.एस. जयकुमार के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यकाल को भारत सरकार ने दिनांक 12.10.2019 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया है.

वे शैक्षिक योग्यता में सनदी लेखाकार हैं, साथ ही उन्होंने एक्सएलआरआई जमशेदपुर से बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया है. उन्हें लंदन स्कूल ऑफ़ इकॉनोमिक्स एण्ड पॉलिटिकल साईंस के माध्यम से चेवनिंग गुरुकुल स्कॉलर होने का सम्मान भी प्राप्त है.

ANNEXURE 1

COMPOSITION OF THE BOARD

Dr. Hasmukh Adhia - Chairman (Non-Executive)

(DoB: 3rd November, 1958)

Dr. Hasmukh Adhia was appointed as Non-Executive Chairman by the Central Grovernmant u/s 9(3)(h) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, w.e.f. 01.03.2019, for a period of 3 years or until further orders, whichever is earlier.

Dr. Hasmukh Adhia, an officer of Indian Administrative Service, retired on 30.11.2018 as Union Finance Secretary & Revenue Secretary in Government of India. He is also the Chancellor of Central University of Gujarat. He also serves as a member of Board of Governors of Indian Institute of Management, Bangaluru.

Dr. Hasmukh Adhia has Post-Graduate degree in Accountancy. He is a Gold medalist from Indian Institute of Management, Bangalore and holds a Ph.D. in Yoga from Swami Vivekanand Yoga University, Bangalore.

Prior to his posting as Finance Secretary, he was Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India for the period from November, 2014 till August, 2015. As Secretary, Financial Services, he was credited with many new strategies for banking reforms such as Gyan Sangam and Indradhanush as well as social security schemes of Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna, Jivan Jyoti Bima Yojna and Atal Pension Yojna, as also for the scheme of micro-financing of Mudra.

As Finance/Revenue Secretary, he was credited with bringing in many tax-friendly initiatives in the Income-Tax as well as Excise Duty and Service Tax. Also he pursued the agenda of GST systematically as a result of which GST was implemented smoothly. He is also known for his relentless drive against the black money.

Prior to posting in the Ministry of Finance, some of the other positions held by him include Principal Secretary to Chief Minister of Gujarat (2003-06), Principal Secretary (Education), Gujarat (2008-13), Additional Chief Secretary (Finance), Gujarat (2013-14), Industries Commissioner, Gujarat (2001-02), Managing Director of Gujarat Industrial Investment Corporation and Gujarat Industrial Development Corporation.

Shri P. S. Jayakumar - Managing Director & CEO (Executive)

(DoB: 8th April, 1962)

Shri P. S. Jayakumar was appointed as Whole Time Director designated as Managing Director & CEO by the Central Government u/s 9(3)(a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, w.e.f. 13.10.2015 for a period of 3 years or until further orders, whichever is earlier. Tenure of Shri P. S. Jayakumar as MD & CEO has been further extended by GOI upto 12.10.2019, or until further orders whichever is earlier.

He is a Chartered Accountant by qualification and additionally holds a Post Graduate Diploma in Business Management from XLRI Jamshedpur. He also has the distinction of being a Chevening Gurukool Scholar through the London School of Economics and Political Science.

Prior to his appointment as MD & CEO of Bank of Baroda in

अक्तूबर, 2015 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण करने से पहले आप वीबीएचसी वैल्यू बजट हाउसिंग (वीबीएचसी), जो 2009 से 2015 तक अल्प एवं मध्यम आय वर्ग के लिए हाउसिंग में अग्रणी रहा है, के सह संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे. आप राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा नियंत्रित हाउसिंग फायनांस संस्था होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी (एचएफएफसी) के सह-संस्थापक तथा गैर कार्यपालक प्रवर्तक निदेशक भी थे, यह कंपनी बैंकिंग क्षेत्र से बंधक द्वारा ऋण लेने में असमर्थ रहे ग्राहकों का वित्तपोषण करने पर विशेष ध्यान देती है. आप एक पेशेवर बैंकर हैं और आपने 1986 में कैरियर शुरु करने के बाद भारत और सिंगापुर में सिटी बैंक में 23 वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया है. आपने भारत में रिटेल बैंकिंग के क्षेत्र में अनेक नवोन्मेषी कार्यों की शुरुआत में योगदान दिया है. इसके अतिरिक्त आप 1991 में भारत में प्रथम आस्ति प्रतिभूतीकरण तथा 2006 में वित्तीय समावेशन से वंचित वर्ग के लिए प्रथम बहु-भाषी बायोमैट्रिक एटीएम स्थापित करने संबंधी प्रयासों से जुड़े रहे हैं. सिटी बैंक में उन्होंने ट्रेज़रर-उपभोक्ता बैंक, जमा एवं अग्रिम व्यवसाय को समावेश करते हुए व्यवसाय विकास प्रमुख, सिटी फायनेंशियल लि. के प्रबंध निदेशक, एशिया पेसीफिक देशों (इंडोनेशिया, फिलिपिंस, ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग एवं कोरिया) के लिए सिटी बैंक उपभोक्ता ऋण प्रमुख, प्रमुख- सिटी बैंक उपभोक्ता व्यवसाय तथा तुलनपत्र प्रबंधन प्रमुख-एशिया पेसिफिक जैसे विविध कार्यकलापों को संभाला. उन्होंने भारत में सिटी बैंक की कई अनुषंगियों में निदेशक मंडल के सदस्य के रूप में भी सेवाएं दी हैं.

श्रीमती पापिया सेनगुप्ता - कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 27 सितंबर ,1959)

श्रीमती सेनगुप्ता की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रूप में 01.01.2017 से अपनी अधिवर्षिता पूरी करने की तारीख अर्थात् 30.09.2019 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक के लिए की गई है.

आपको विज्ञान में स्नातक के साथ-साथ सीएफए और सीएआईआईबी की अतिरिक्त योग्यता भी प्राप्त हैं. आपने 1983 में एसबीबीजे में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में ज्वाइन किया और एसबीबीजे, एसबीआई और एसबीपी के विभिन्न कार्यालयों में जिम्मेदारियों का निर्वाह किया है. बैंक ऑफ़ बडौदा में ज्वाइन करने से पहले, आपने स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला(एसबीपी) में अप्रैल 2016 तक मुख्य महाप्रबंधक (रिटेल बैंकिंग) और जून 2015 तक मुख्य महाप्रबंधक (दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन समूह) का पदभार संभाला. आपने स्टेट बैंक ऑफ़ बीकानेर और जयपुर(एसबीबीजे) के दिल्ली नेटवर्क में महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है.अपने कार्यकाल के दौरान आपने विभिन्न संगठनों के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों जैसे आईटी सुरक्षा, एएलएम, एचआर, ट्रेजरी प्रबंधन आदि में कार्य किया है. आपने दो दशकों से अधिक समय तक शाखा परिचालन का कार्यभार संभाला है एवं आपको क्रेडिट तथा विदेशी मुद्रा परिचालन में भी व्यापक अनुभव है.

श्री शांति लाल जैन - कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 01 जनवरी,1965)

श्री शांति लाल जैन की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रूप में 20.09.2018 से अपने कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक के लिए की गई है.

श्री शांति लाल जैन वाणिज्य में स्नातकोत्तर होने के साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव और सीएआईआईबी की व्यवसायिक योग्यता प्राप्त हैं. इलाहाबाद बैंक ज्वाइन करने से पूर्व, आपने लगभग 6 वर्ष विभिन्न उद्योगों में कार्य किया है. आपने इलाहाबाद बैंक में 1993 में मध्यम प्रबंधन श्रेणी/वेतनमान-II में ज्वाइन किया और महाप्रबंधक पद तक पहुचें. आपने

October 2015, he was the co-founder and CEO of VBHC Value Homes Pvt Ltd, a leader in housing for low and moderate income household from 2009 to 2015. He was also the co-founder and Non-Executive Promoter Director for Home First Finance Company (HFFC), a housing finance institution regulated by the NHB, focused on financing customers who are not able to access mortgage loans from the banking sector. Shri Jayakumar is a career banker having spent over 23 years in Citibank in India and Singapore starting in 1986. He has contributed to several innovations in retail banking in India. In addition, he was associated with the first asset securitisation in India in 1991 and the first multi-lingual biometric ATM for the financially excluded in 2006. He held diverse assignments at Citibank such as Treasurer - Consumer Bank, Business Development Head covering deposit and lending business, Managing Director for CitiFinancial Ltd, Managing Director and Head of Citibank Consumer Loan for Asia Pacific Countries (covering Indonesia, Philippines, Australia, Hong Kong and Korea), Country Head - Citibank Consumer Business and Head of Balance Sheet Management - Asia Pacific. He has also served as a Board Member in many of Citibank's subsidiaries in India.

Smt. Papia Sengupta - Executive Director

(DoB: 27th September, 1959)

Smt. Sengupta was appointed as Whole Time Director (designated as Executive Director) w.e.f. 01.01.2017 by the Central Government u/s 9(3)(a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period upto 30.09.2019 i.e. the date of her attaining the age of superannuation or until further orders, whichever is earlier

She is a Science Graduate, with additional qualification of CFA and CAIIB. She joined SBBJ in 1983 as Probationary Officer and has handled responsibilities in several offices of SBBJ, SBI and SBP. Prior to joining Bank of Baroda, she held the position of Chief General Manager (Retail Banking) since April 2016 and Chief General Manager (Stressed Assets Management Group) since June 2015 at State Bank of Patiala (SBP). She also served as General Manager of the Delhi network at State Bank of Bikaner and Jaipur (SBBJ). During her tenure at the various organisations she had worked across various key areas such as IT Security, ALM, HR, Treasury Management etc. She also has handled branch operations for more than two decades and has experience in Credit and Forex operations.

Shri Shanti Lal Jain – Executive Director

(DoB: 1st January, 1965)

Shri Jain was appointed as a Whole Time Director (designated as Executive Director) w.e.f. 20.09.2018 by the Central Government u/s 9 (3) (a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of three years with effect from the date of assumption of office, or until further orders, whichever is earlier.

Shri Shanti Lal Jain is a Post Graduate in Commerce, with Professional Qualification of Chartered Accountant, Company Secretary and CAIIB. Prior to joining Allahabad Bank, he worked in various Industries for about 6 years. He joined Allahabad Bank in 1993 in Middle Management Grade/Scale-II and reached upto General Manager. He worked in Branches, Zonal Office, Field

शाखाओं, अंचल कार्यालय, फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय, स्टाफ महाविद्यालय और प्रधान कार्यालय में कार्य किया है. आपने इलाहाबाद बैंक में अंचल प्रबंधक, आगरा अंचल के रूप में भी कार्य किया है और साथ ही बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य जोखिम अधिकारी और महाप्रबंधक- आईटी का दायित्व भी संभाला है.

हमारे बैंक में ज्वाइन करने से पूर्व, पिछले एक वर्ष से आप मुंबई में फील्ड महाप्रबंधक (पश्चिम) के पद पर कार्यरत थे और इलाहाबाद बैंक के महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा परिचालन की जिम्मेदारी संभाले हुए थे.

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची - कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 24 जुलाई,1962)

श्री खीची की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रूप में 01.10.2018 को अपने कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक के लिए की गई है.

श्री वी.एस.खीची ने एमबीए (वित्त एवं मार्केटिंग) किया है. साथ ही उन्होंने सीएआईआईबी और जीवन बीमा में एसोसियेट की व्यावसायिक योग्यता भी हासिल की है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आने के पूर्व वे देना बैंक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक (गुजरात परिचालन) के पद पर कार्यरत थे. देना बैंक में उन्होंने दिसम्बर 1985 में प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में ज्वाइन किया. विभिन्न जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए वे महाप्रबंधक पद तक पदोन्नत हुए और मई 2015 में देना बैंक के फील्ड महाप्रबंधक (गुजरात परिचालन) का प्रभार ग्रहण किया.

प्रोबेशनरी अधिकारी से शुरूकर महाप्रबंधक के रूप में विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में अपनी 33 वर्षों की सेवा के दौरान उन्हें बैंकिंग परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है. शाखा परिचालन के साथ-साथ नियंत्रक कार्यालय स्तर से आयोजना एवं नीति निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उनका अहम योगदान रहा है.

उन्हें बैंक के रिटेल बैंकिंग, मार्केटिंग (नई पहल और उत्पाद विकास), मर्चेंट बैंकिंग, वसूली प्रबंधन, विदेशी कारोबार जैसे महत्वपूर्ण विभागों में कार्य करने का गहन अनुभव है.

श्री खीची ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, गुजरात के संयोजक के रूप में राज्य सरकार के वरिष्ठ प्राधिकारियों, भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सभी बैंकों, बीमा कंपनियों एवं विभिन्न संगठनों के उच्चाधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ गुजरात में सरकार की वित्तीय समावेशन संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों को पूरा करने में अपना भरपूर योगदान दिया है.

श्री देबाशीष पंडा -निदेशक (गैर-कार्यपालक)- केंद्र सरकार के प्रतिनिधि

(जन्मतिथि : 05 जनवरी,1962)

श्री देबाशीष पंडा भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(बी) के तहत निदेशक के रूप में 05.04.2018 से अगले आदेश तक के लिए नियुक्त किए गए हैं.

आप भौतिक विज्ञान और विकास प्रबंधन में स्नातकोत्तर हैं और पर्यावरण विज्ञान में एम.फिल की उपाधि प्राप्त हैं. आपने यूएसए और फिलिपिंस में लोक प्रशासन में विदेशी प्रशिक्षण प्राप्त किया है.

श्री पंडा 1987 बैच के यूपी संवर्ग के आईएएस अधिकारी हैं और मूलत: ओडिशा राज्य से आते हैं. उन्होंने 23 मार्च 2018 को वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) में कार्य ग्रहण किया. वित्तीय सेवाएं विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य ग्रहण करने से पहले वे दिल्ली में उत्तर प्रदेश के निवासी आयुक्त के साथ-साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण का दोहरा प्रभार संभाल रहे थे. वे उत्तर प्रदेश सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन थे जैसे कि देवरिया, टिहरी, उत्तरकाशी और गाजियाबाद जिलों के जिलाधिकारी और प्रधान सचिव (गृह एवं सामान्य प्रशासन). उन्होंने भारत सरकार में भी संयुक्त

General Manager Office, Staff College and Head Office. He also worked as Zonal Manager, Agra Zone in Allahabad Bank. He also worked as Chief Financial Officer, Chief Risk Officer and General Manager-IT of the Allahabad Bank.

Prior to joining our Bank, since last one year he held the position of Field General Manager (West) at Mumbai and responsible for Maharashtra, Gujarat and Goa Operations of Allahabad Bank.

Shri Vikramaditya Singh Khichi – Executive Director

(DoB: 24th July, 1962)

Shri Khichi was appointed as a Whole Time Director (designated as Executive Director) w.e.f. 01.10.2018 by the Central Government u/s 9(3)(a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of three years with effect from the date of assumption of office on 1st October, 2018, or until further orders, whichever is earlier.

Shri V. S. Khichi is an MBA (Finance and Marketing), with Professional Qualifications of CAIIB and Associate in Life Insurance. Prior to joining Bank of Baroda, he was working as Field General Manager (Gujarat Operations) in Dena Bank. He Joined Dena Bank as Probationary Officer in December' 1985, gradually climbed up the ladder and got promoted as Field General Manager (Gujarat Operations) in May'2015 in Dena Bank.

Inculcated blend of operational experience at field level and of planning/policy formulation at Controlling Office during the tenure of 33 years in Dena Bank by serving in varying capacities from being Probationary Officer to General Manager in various Branches & Departments.

Acquired enriching experience across the breadth of various key departments such as Retail Banking, Marketing (New Initiative & Product Development), Merchant Banking, Recovery Management, Overseas Business Center etc.

Groomed leadership quality while discharging duty as Convenor of State Level Bankers' Committee, Gujarat and collaborated efforts with senior State Govt. officials, top executives from RBI and various Banks, Insurances Co. & different organisations in executing numerous Financial Inclusion initiatives of the Govt. in Gujarat State.

Shri Debasish Panda - Director (Non-Executive) - Representing Central Government

(DoB: 5th January 1962)

Shri Debasish Panda was nominated as a Director w.e.f. 05.04.2018 by The Central Government u/s 9 (3) (b) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 to hold the post until further orders.

He is a Post Graduate in Physics, Development Management and obtained M.Phil degree in Environmental Science. He has undergone foreign training in Public Administration from USA & Philippines.

Shri Panda is an IAS officer of 1987 batch of UP Cadre and belongs to the State of Odisha. He joined the Department of Financial Service (DFS) on 23rd March, 2018. Before joining as Additional Secretary in the DFS, he was holding the dual charge of Resident Commissioner of UP in Delhi as well as Chief Executive Officer, Greater Noida Development Authority. He held several key posts in the Government of UP, viz. as District Magistrate of Deoria, Tehri, Uttarakashi & Ghaziabad Districts

सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) और अखिल भारतीय आयुविर्ज्ञान संस्थान में उप निदेशक (प्रशासन) के रूप में भी सेवा दी है.

श्री अजय कुमार - निदेशक (गैर कार्यपालक) भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि

(जन्मतिथि : 20 मई 1969)

श्री अजय कुमार की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(सी) के तहत नामित निदेशक के रूप में 13.01.2017 से अगेल आदेश तक के लिए की गई है.

आपने अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और बैंकिंग में एमएस की डिग्री प्राप्त की है. वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट सदस्य (सीएआईआईबी) भी हैं.

आपने भारतीय रिज़र्व बैंक में 1991 में सेवा ग्रहण की और आपके पास मुद्रा प्रबंधन, ग्रामीण ऋण एवं आयोजना, विदेशी मुद्रा प्रबंधन तथा बैंकिंग पर्यवेक्षण के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्य करने का 27 वर्षों का व्यापक अनुभव है. आपने एचडीएफसी बैंक तथा कोटक महिन्द्रा बैंक के वरिष्ठ पर्यवेक्षण प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है. आप इलाहाबाद बैंक, यूनाइटेड बैंक तथा यूको बैंक की वार्षिक पर्यवेक्षी प्रक्रिया के लिए प्रिंसिपल निरीक्षणकर्ता अधिकारी (पीआईओ) भी थे और आपने अपने नेतृत्व में यूको बैंक की व्यापक आस्ति गुणवत्ता समीक्षा भी की थी. आपको भारत में विदेशी बैंकों के व्यवहार की निगरानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी. विदेशी मुद्रा प्रबंधन के क्षेत्र में, बैंकों हेतु जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों तथा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति रुपरेखा को प्रगणित करने का कार्य भी आपके संचालन के अधीन हुआ है. पूर्व में ग्रामीण क्रेडिट और आयोजना में अपने कार्यकाल के दौरान आप चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में नामित निदेशक के रूप में भी कार्यरत रहे हैं. वर्तमान में आप भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में मार्च 2019 से नई दिल्ली में कार्यरत हैं और नई दिल्ली में समग्र बैंकिंग ढांचे के विकास के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं.

श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल - निदेशक (गैर कार्यपालक) - सनदी लेखाकार श्रेणी से

जन्मतिथि -(1 जून 1962)

श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(जी) के तहत अंशकालिक गैर आधिकारिक निदेशक के रूप में सनदी लेखाकार की श्रेणी के तहत 26.07.2016 से 3 वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो के लिए के गई है.

आप इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोगी सदस्य हैं एवं आपको वित्तीय बाजार और आर्थिक मामलों में व्यापक अनुभव है. आप पीएचडी चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स की प्रबंधन समिति के सदस्य भी हैं. आप भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की केंद्रीय परिषद (आईसीएसआई) के सरकारी नामिति और उत्तर पूर्वी इलैक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन (नीपको) के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक हैं. आप भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा स्थापित एमएसएमई क्षेत्र की वित्तीय संरचना पर गठित कार्य-दल के भी सदस्य हैं. अपने पूर्व कार्यदायित्वों में आप एसोचेम की विभिन्न समितियों, इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सार्वजनिक वित्तीय समिति और सेबी की द्वितीयक बाजार सलाहकार समिति (एसएमएसी)के सदस्य थे. आपने विभिन्न लोक कल्याण परियोजनाएं आरंभ की हैं यथा, जलाधिकार, नागरिक मंच, श्री जी गौसदन एवं दुग्ध सहकारी आन्दोलन. आप समाचार-पत्रों, वित्तीय-पत्रिकाओं के लिये लिखते हैं एवं इन विषयों पर सम्मेलनों और संगोष्ठियों में व्याख्यान भी देते रहे हैं. आप देश के दो प्रीमियर अनुसंधान संगठन यथा, डॉ. मुखर्जी स्मृति न्यास एवं इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन (आईपीएफ) के न्यासी और कोषाध्यक्ष हैं.

and Principal Secretary (Home & General Admn.). He also served the Government of India in the capacity of Joint Secretary (Health & FW) and as Deputy Director (Admn.) in AIIMS.

Shri Ajay Kumar - Director (Non-Executive) - Representing Reserve Bank of India

(DoB: 20th May, 1969)

Shri Ajay Kumar is nominated as a Director w.e.f. 13.01.2017 by the Central Government u/s 9 (3) (c) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 to hold the post until further orders.

He has done his Masters in Economics and MS in Banking. He is also a Certified Associate of the Indian Institute of Banking (CAIIB).

Shri Ajay Kumar joined RBI in December 1991 and has had a wide experience of 27 years of working in various capacities in the areas of currency management, rural credit and planning, foreign exchange management and banking supervision. He has worked as the Senior Supervisory Manager for the HDFC Bank and the Kotak Mahindra Bank. He was also the Principal Inspecting Officer (PIO) for the annual supervisory process of the Allahabad Bank, the United Bank of India and the UCO Bank and also conducted the comprehensive Asset Quality Review of the latter under his stewardship. He was also assigned the responsibility of monitoring the conduct of foreign banks in India. In the area of foreign exchange management, he has been at the helm of formulating Risk Management Guidelines for banks and also Foreign Direct Investment Policy Framework. Earlier, he has also served as Nominee Director in four Regional Rural Banks during his stint in rural credit and planning. Currently, he is posted as the Regional Director, Reserve Bank of India at New Delhi since March 2019 and is fulfilling his responsibilities towards development of the overall banking infrastructure in New Delhi.

Shri Gopal Krishan Agarwal – Director (Non-Executive) – CA Category

(DoB: 1st June, 1962)

Shri Gopal Krishan Agarwal was nominated as Part-time Non-official Director w.e.f. 26.07.2016 by the Central Government u/s 9(3)(g) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, under Chartered Accountant category for a period of three years or until further orders, whichever is earlier.

He is a fellow member of the Institute of Chartered Accountant of India (ICAI) and has experience in financial markets and economic issues. He is a Member of the Managing Committee of PHD Chamber of Commerce. He is a Govt nominee of the Central Council of Institute of Company Secretaries of India (ICSI) and Independent Director on the Board of North Eastern Electric Power Co. (NEEPCO). He is also a member of the Task Force on Financial Architecture of MSME Sector set up by the Ministry of Finance, Government of India. In his previous roles he was member of various committees of ASSOCHAM, Public Finance Committee of the Institute of Chartered Accountant (ICAI) and Secondary Market Advisory Committee (SMAC) of SEBI. He has initiated various public welfare projects like Jaladhikar, Nagrik Manch, Shree Ji Gausadan and Milk Cooperative Movement among many others. He writes for newspaper, financial journals and has delivered lectures in seminars and conferences on these subjects. He is Trustee and Treasurer of Dr Mookherjee Smruti Nyas and India Policy Foundation (IPF), two premier research organizations in the country.

प्रोफेसर बिजू वर्की - निदेशक (गैर कार्यपालक)

(जन्मतिथि : 22 दिसंबर 1965)

प्रो. बिजू वर्की की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(एच) एवं 9(3-ए) के तहत अंशकालिक गैर आधिकारिक निदेशक के रूप में 25.04.2016 से 3 वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए की गई है.

आपने महात्मा गांधी विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में मास्टर डिग्री प्राप्त की और साथ ही एनआईबीएम, पुणे से प्रबंधन में उपाधि प्राप्ति की है. वर्तमान में आप आईआईएम अहमदाबाद में मानव संसाधन प्रबंधन में संकाय सदस्य हैं. इसके अतिरिक्त आप आईआईएमए की ई-पीजीपी टास्क फोर्स के प्रमुख रहे हैं जिसे आईआईएम में लंबी अवधि के लिए वर्चुअल शिक्षण कार्यक्रम के लिए अनिवार्य किया जा रहा है.

आपका व्यवसायिक अनुभव उद्योग, सलाहकार तथा प्रमुख प्रबंधन स्कूलों का रहा है जिसके दौरान आपने आईआईएम लखनऊ और एमडीआई गुड़गांव में पढ़ाया भी है. आपने बहुपक्षीय संस्थानों जैसे आईएलओ, आईओएम, यूएनडीपी और संगठनों जैसे यूएनआईटीईएस और आईटीयूसी के साथ निकटता से कार्य किया है. आपकी शैक्षणिक रुचियों में सामरिक मा.सं., परिवर्तन प्रबंधन, नया लोक प्रबंधन, नेतृत्व विकास, फर्म हेतु मा.सं. वस्तुशिल्प, निष्पादन प्रबंधन और सुधार, लचीले कार्यस्थल, रोजगार संबंध, स्टार्ट-अप और पारिवारिक करोबार परिवर्तन शामिल है. आपने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन किया है तथा आपने गेरी डेज़लर के साथ सह-लेखक के रूप में 'मानव संसाधन प्रबंधन' पुस्तक भी लिखी है. एवार्ड विनिंग केस स्टडी सहित आपने 30 से अधिक केस स्टडी एवं तकनीकी नोट लिखे हैं. आप सेंटर पीटर्स स्कूल, पंचगणी के न्यासी मंडल और एमसीएमएटी, केरल के शासित समिति के सदस्य भी हैं. आपने नेशनल एचआरडी नेटवर्क- दिल्ली अध्याय (1998-1999) की कोर समिति के नामित सदस्य के रूप में कार्य किया है, इंडिया यंग एचआर सम्मेलन हेतु समिति, एनआईपीएम केरल के वार्षिक एचआर कांक्लेव हेतु तकनीकी समिति की चेयर (2015) आयोजित की है तथा भारतीय सामरिक प्रबंधन फोरम के संस्थापक शासित इकाई के सदस्य भी रहे हैं.

श्री भरत कुमार डी डांगर- निदेशक (गैर-कार्यपालक)- शेयरधारक निदेशक

(जन्म तिथि: 18 सितंबर, 1978)

श्री भरत कुमार डी. डांगर को बैंककारी कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अर्जन) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (i) के तहत 24.12.2017 से 23.12.2020 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया है.

आपकी शैक्षिक योग्यताओं में विद्युत अभियांत्रिकी में डिस्टिंक्शन सहित स्नातक और माइक्रो प्रोसेसर सिस्टम और एप्लिकेशन में विशेषज्ञता के साथ अभियांत्रिकी में मास्टर डिग्री शामिल है. वर्तमान में आप एम.एस यूनिवर्सिटी ऑफ़ बड़ौदा के तकनीकी एवं अभियांत्रिकी संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सेवारत हैं. आपको विभिन्न कार्पोरेट और एसएमई में एक्सपोज़र के साथ शैक्षणिक, परिचालन, प्रबंधन, लेखाशास्त्र और मानव संसाधन के क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त है. आप वित्तपोषण, फसल बीमा, ऋण सुविधाओं आदि के साथ किसानों के विभिन्न मुद्दों से अच्छी तरह से वाकिफ़ हैं. आप सरकार के विभिन्न स्तरों पर किसानों एवं उद्योग जगत के विभिन्न मुद्दों को उठाते रहे हैं जिससे संबंधित क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं. आप सामाजिक कल्याण के विभिन्न मामलों के साथ काफी सक्रियता से जुड़े रहे हैं.

Prof. Biju Varkkey – Director (Non-Executive)

(DoB: 22nd December 1965)

Prof. Biju Varkkey was nominated as a Part Time Non-official director w.e.f. 25.04.2016 by the Central Government u/s 9(3)(h) and 9(3-A) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of 3 years or until further orders, whichever is earlier.

He obtained Master's degree in Human Resource Management from Mahatma Gandhi University, Kerala and Fellow title in Management from NIBM, Pune. Currently he is faculty member at IIM Ahmedabad with the Human Resource Management. Additionally he heads the e-PGP task force of IIMA, which is mandated to lounge long duration virtual learning programs from IIMA.

His professional experience spans across industry, consulting and leading management schools, having taught at IIM Lucknow and MDI Gurgaon. He works closely with multilateral organizations like ILO, IOM, UNDP and organizations like UNITES and ITUC. His areas of academic interest include Strategic HR, Change Management, New Public Management, Leadership Development, HR Architecture for firms, Performance Management & Improvement, Flexible Work places, Employment Relations, Startups and Family Business transformation. He has published in national and international journals and also co-edited books on HRM practices. He coauthored text book `Human Resource Management' along with Gary Dessler. He has authored more than 30 case studies and technical notes, including award winning case study. He is also a member of the board of trustees of St Peters School, Panchgani and member of governing council of MCMAT, Kerala. He has served as nominated member in the Core Committee of the National HRD Network – Delhi Chapter (1998-1999), organizing committee for India Young HR Conference, Chair of Technical Committee for Annual HR Conclave of NIPM Kerala (2015) and was member of the founding governing body of the Strategic Management Forum of India.

Shri Bharatkumar D. Dangar - Director (Non-Executive) - Shareholder Director

(DoB: 18th September, 1978)

Shri Bharatkumar D. Dangar is an elected Shareholder Director under section 9 (3)(i) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of 3 years from 24.12.2017 to 23.12.2020.

His education accomplishments include Electrical Engineering with distinction and Masters in Engineering with specialization in Microprocessor systems and application. He currently serves as Assistant Professor in Faculty of Technology and Engineering of M.S. University, Baroda. He brings with him a rich experience in fields of Academics, Operations, Management, Accountancy and Human Resource with exposure to various Corporates and SMEs. He is well versed with various farmers' issues including financing, crop insurance, credit facilities etc. He has raised issues of farming community and Industry at various levels of Government which resulted into many improvements in respective fields. He is quite active in issues related to welfare of society at large.

श्रीमती सौंदरा कुमार- निदेशक (गैर-कार्यपालक)-
शेयरधारक निदेशक

(जन्म तिथि: 15 अगस्त, 1954)

श्रीमती सौंदरा कुमार का चयन, बैंककारी कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अर्जन) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (i) के तहत 24.12.2017 से 23.12.2020 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए, शेयरधारक निदेशक के रूप में किया गया है.

आपने स्टेला मैरिस कॉलेज, चेन्नई से गणित में स्नातक किया है. आपने सीएआईआईबी भी किया है. उन्होंने 1975 में भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और 2014 में अपनी सेवानृवित्त तक कार्यरत रही. इस अवधि के दौरान उन्होंने एसएमई, रिटेल और कृषि एवं ग्रामीण (वित्तीय समावेशन) शाखाओं के शाखा प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया. आप तिरुचिरापल्ली में बैंक के प्रशिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में संकाय सदस्य के रूप में, चेन्नै सर्कल में क्षेत्रीय प्रमुख के पद पर, वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट, आर्टेसिया शाखा, कैलिफोर्निया यूएस, बाद में प्रेसिडेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया) एवं बैंक के लॉस एंजल्स एजेंसी के सीईओ के रूप में कार्यरत रही हैं. आप अक्तूबर 2008 से बैंक के सहयोगी स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की प्रबंध निदेशक भी रहीं जहां उन्होंने 2010 में इसका सफलता पूर्वक विलय मूल बैंक में करवाया. वर्ष 2014 में अपनी सेवानिवृति तक आप बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन के प्रभारी के रूप में उप प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत रहीं.

आपने 3 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए एसबीआई के होलसेल बैंकिंग क्रेडिट समिति की अध्यक्षता भी की है एवं कार्पोरेट सेंटर निवेश समिति एवं क्रेडिट नीति व प्रक्रिया समिति की भी स्थायी सदस्य रही हैं. आपने वित्तीय समावेशन हेतु कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल को ऊपर उठाने हेतु उपाय सिफारिश करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक कार्यकारी समूह के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है. आप भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित कार्पोरेट ऋण पुनर्गठन तंत्र के कोर समूह की भी सदस्य रही हैं. आपने एआरसीआईएल, सरसाई, सिडबी वेंचर कैपिटल आदि के निदेशक मंडल में एसबीआई के नामित निदेश के रूप में भी कार्य किया है.

श्री श्रीनिवासन श्रीधर -निदेशक (गैर कार्यपालक)-
शेयरधारक निदेशक

(जन्मतिथि : 3 मई, 1960)

श्री श्रीनिवासन श्रीधर शेयरधारक निदेशक के रूप में, बैंककारी कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अर्जन) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (i) के तहत 12.12.2018 से 11.12.2021 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए चुने गए निदेशक हैं. आपने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) किया है और एक सनदी लेखाकार हैं.

श्री श्रीधर 2013 से एक अग्रणी ग्लोबल मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म से जुड़े हुए हैं. इस क्षेत्र में वे अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों, निदेशक मंडल एवं अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों के साथ प्रबंधन कार्यनीति, क्लाइंट कवरेज मॉडल, उत्पाद एवं वितरण कार्यनीति तथा कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन जैसे विषयों पर कार्य करते हैं.

श्री श्रीधर का देश-विदेश में वित्तीय सेवा विशेषज्ञ के रूप में 30 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है. वे सिटीग्रुप से 28 वर्षों से जुड़े रहे और एशिया, अफ्रीका व यूरोप के 6 देशों में कार्य किया. उन्होंने सिटीग्रुप के 3 देशों के सीईओ, भारत के कॉर्पोरेट प्रमुख, अफ्रीका में ट्रांजेक्शन सेवाओं के प्रमुख तथा मध्य व पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व एवं अफ्रीका में बैंकिंग सेवा समूहों के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया. श्री श्रीधर को बैंकिंग तथा कॉर्पोरेट बैंकिंग, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, रिस्क मैनेजमेंट,

Smt. Soundara Kumar - Director (Non-Executive) - Shareholder Director

(DoB: 15th August, 1954)

Smt. Soundara Kumar is an elected Shareholder Director under section 9 (3)(i) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of 3 years from 24.12.2017 to 23.12.2020.

She has done her graduation in Mathematics from Stella Maris College, Chennai. She is also CAIIB. She joined State Bank of India as a Probationary Officer in 1975 and continued till her retirement in 2014. During this period she held various assignments including heading branches, SME, Retail and Rural & Agriculture (Financial Inclusion). She was also a faculty member in the Bank's Training Centre, at Tiruchirapalli; Regional Manager, Chennai Circle; Senior Vice President, Artesia branch, California US; later as President State Bank of India (California) and CEO of the Los Angeles Agency of the Bank. She was Managing Director of the State Bank of Indore from October, 2008, where she successfully steered the merger of the Bank with the Parent Bank in 2010. She held the position of Dy. Managing Director, in charge of Stressed Assets Management, in SBI till her retirement in 2014.

She has also headed Wholesale Banking Credit Committee of SBI for over -3- years and was a permanent member of Corporate Centre Investment Committee and Credit Policies and Procedures Committee. She served as member of RBI Working Group to recommend measures for scaling up the Business Correspondent (BC) model for Financial Inclusion. She was also a member of Core Group of Corporate Debt Restructuring mechanism set up by RBI. She also served as a nominee director of SBI on the Boards of ARCIL, CERSAI, SIDBI Venture Capital etc.

Shri Srinivasan Sridhar - Director (Non-Executive) - Shareholder Director

(DoB: 3rd May, 1960)

Shri Srinivasan Sridhar is an elected Shareholder Director under section 9 (3)(i) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of 3 years from 12.12.2018 to 11.12.2021.

Mr. Sridhar is a B.Com (Hons.) from Delhi University and a Chartered Accountant.

Mr. Sridhar has been associated with a leading global management consulting firm since 2013. In this role he works with CEOs, Boards of Directors and other senior leaders of top Financial Services companies in the region on topics such as Management Strategy, Client Coverage Models, Product and Distribution Strategies, Cost Optimization etc.

Mr. Sridhar is a financial services expert with over 30 years of experience gained internationally and in India. He was with Citigroup for 28 years and has worked in 6 countries across Asia, Africa and Europe. Some of the leadership positions he held with Citigroup included being CEO for three countries, Corporate Bank Head for India, Transaction Services Head for Africa and Bank Services Group Head for Central, Eastern Europe, Middle East and Africa. Mr. Sridhar brings deep banking

गवर्नेंस एवं विनियामक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने का व्यापक अनुभव है.

श्री श्रीधर मुंबई में रहते हैं तथा वे बॉलीवुड, फुटबॉल एवं वाइल्ड लाइफ जैसे विषयों में रुचि रखते हैं. वे बाल कल्याण, आर्थिक सशक्तीकरण, सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक कार्यों के लिए कार्य करते हैं.

experience and track record from around the globe in areas such as Corporate and Investment Banking, Product Management, Risk Management, Governance and Regulatory Compliance.

Mr. Sridhar lives in Mumbai and is passionate about Bollywood, Football and Wildlife. The social causes that he cares about are child welfare, economic empowerment, education and health for the under-privileged.

अनुलग्न- 1ए
निदेशकों के अन्य विवरण
(यथा स्थिति 31.03.2019)

Annexure – 1A
OTHER DETAILS OF DIRECTORS:
(Position as on 31.03.2019)

निदेशक का नाम Name of Director	बैंक ऑफ बड़ौदा के धारित शेयरों की संख्या No. of shares of Bank	बैंक की उप समितियों में सदस्यता की संख्या No. of Membership in Sub - Committees of the Bank	बैंक के अलावा अन्य कम्पनियों / संस्थाओं में निदेशक के रूप में सेवाएं / संख्या No. of Membership / Chairmanship held in Sub - Committees of the Board in other Companies	अन्य कंपनियों /इकाइयों के निदेशक मण्डल में शामिल अर्थात् बैंक को छोड़कर Directorship held in other Companies / entities i.e. Other than the Bank
डॉ. हसमुख अढ़िया Dr. Hasmukh Adhia	शून्य Nil	4	0	शून्य NIL
श्री पी एस जयकुमार Shri P. S. Jayakumar	81500	14	0	1. बॉब कैपिटल मार्केट्स लि. 2. बॉब फायनेंशियल सोल्यूशन्स लिमिटेड 3. मेसर्स इण्डिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. 4. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (यूके) लि. 1. BOB Capital Markets Limited 2. BOB Financial Solutions Limited 3. IndiaFirst Life Insurance Company Ltd. 4. Bank of Baroda (UK) Ltd.
श्रीमती पापिया सेनगुप्ता Smt. Papia Sengupta	शून्य Nil	13	6	1. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बोत्सवाना) लि. 2. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (घाना) लि. 3. दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लिमि. 4. बॉब कैप्स मार्केट लि. 5. इंडिया इंफ्राडेब्ट लि. 1. Bank of Baroda (Botswana) Limited 2. Bank of Baroda (Ghana) Limited 3. The New India Assurance Company Limited 4. BOB Caps Market Limited 5. India Infradebt Limited
श्री शांति लाल जैन Shri Shanti Lal Jain	शून्य Nil	15	0	1.बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि. 2.बड़ौदा सन टेक्नोलॉजी लि. 1. Baroda Global Shared Services Limited 2. Barodasun Technologies Ltd
श्री विक्रमादित्य सिंह खीची Shri Vikramaditya Singh Khichi	शून्य Nil	12	1	1.इंडिया फस्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. 2. बड़ौदा एसेट मैनेजमेंट इंडिया लि. 3. बॉब फायनेंशियल सॉल्यूशन्स लि. 1. IndiaFirst Life Insurance Company Limited 2. Baroda Asset Management India Limited 3. BOB Financial Solutions Limited
श्री देबाशीष पांडा Shri Debasish Panda	शून्य Nil	5	0	शून्य NIL
श्री अजय कुमार Shri Ajay Kumar	शून्य Nil	4	0	शून्य NIL

